CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 21°C
न्यूनतम : 10°C

मेरठ, मंगलवार 17 फरवरी 2026 मेरठ संस्करण: वर्ष 19 अंक 258 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | फाल्गुन कृष्ण पक्ष 14 विक्रमी सम्वत् 2082 | 28 शाबान 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



फॉर्म-7 के जरिये पीडीए के वोटों की टार्गेटेड डकैती हो रही: अखिलेश यादव पेज 2



टी-20 क्रिकेट में 700 विकेट लेने वाले पहले गेंदबाज बने राशिद खान खेल टाइम्स



गोदी मीडिया के एपस्टीन दस्तावेज आखिर कब बाहर आएंगे! सम्पादकीय



यूनुस के खिलाफ जांच आयोग बैठाएगी रहमान सरकार ! पेज 12

## संक्षिप्त समाचार

### भारत-अमेरिका रक्षा संबंधों को अब मजबूत करने का समय : सर्जियो गोर

**नई दिल्ली।** भारत में अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर ने कहा है कि अमेरिकी हिंद-प्रशांत कमांड के एडमिरल सैमुअल पापारो की भारत यात्रा से अमेरिका-भारत रक्षा साझेदारी का विस्तार होगा। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि अब दोनों देशों के बीच महत्वपूर्ण सहयोग को मजबूत करने का समय है। राजदूत गोर ने कमांडर पापारो का भारत में स्वागत किया और दोनों देशों के बीच रक्षा साझेदारी को और गहरा करने के महत्व पर प्रकाश डाला। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में श्री गोर ने कहा कि अमेरिका-भारत रक्षा साझेदारी का विस्तार करने के लिए एडमिरल पापारो के भारत आगमन पर मुझे बहुत खुशी है। अब हमारे दोनों देशों के बीच महत्वपूर्ण सहयोग को मजबूत करने का समय है।

### 'हैमर' हथियार प्रणाली स्थापित करेंगी बीईएल और फ्रांस की एसईडी

**नई दिल्ली।** भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (बीईएल) और फ्रांस की सफरान इलेक्ट्रॉनिक्स एंड डिफेंस (एसईडी) ने 'हैमर' हथियार प्रणाली के लिए संयुक्त उद्यम स्थापित करने का समझौता किया है। यह करार फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों की भारत यात्रा से पहले किया गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मंगलवार को मुंबई में राष्ट्रपति मैक्रों से मुलाकात करेंगे, जहां दोनों नेता भारत-फ्रांस रणनीतिक साझेदारी की प्रगति की समीक्षा करेंगे और प्रमुख क्षेत्रीय एवं वैश्विक मुद्दों पर चर्चा करेंगे।

### उप्र में जेंडर व विषय कोड की त्रुटियों का होगा सुधार

**लखनऊ।** माध्यमिक शिक्षा परिषद, उप्र ने वर्ष 2026 की हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षाओं से पूर्व परीक्षार्थियों के जेंडर कोड और विषय विवरण में पाई गई त्रुटियों को गंभीरता से लेते हुए सभी जिला विद्यालय निरीक्षकों और क्षेत्रीय अधिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी किए हैं। परिषद के सचिव भगवती सिंह द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि परीक्षा 18 फरवरी 2026 से प्रारंभ हो रही है और कई जनपदों से परीक्षार्थियों के जेंडर कोड तथा विषयों में त्रुटियों की शिकायतें प्राप्त हुई हैं।

### थोक मुद्रास्फीति जनवरी में बढ़कर 1.81 प्रतिशत पर

**नई दिल्ली।** सब्जियों, फलों और धातुओं के दाम बढ़ने से थोक मूल्य आधारित मुद्रास्फीति की दर जनवरी में बढ़कर 1.81 प्रतिशत पर पहुंच गई, जो मार्च 2025 के बाद का उच्चतम स्तर है। दिसम्बर 2025 में थोक महंगाई दर 0.83 प्रतिशत रही थी। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के सोमवार को जारी आंकड़ों में बताया गया है कि जनवरी एक साल पहले की तुलना में सब्ज्यों के दाम 6.78 प्रतिशत और फलों के 1.78 प्रतिशत बढ़ गए। दूध की कीमत में 2.51 फीसदी और अंडों, मांस तथा मछलियों के दामों में 3.66 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई।

# एआई इम्पैक्ट समिट का प्रधानमंत्री मोदी ने किया इनॉगरेशन



शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** भारत में सोमवार 16 फरवरी से दुनिया के सबसे बड़े टेक्नोलॉजी इवेंट में से एक इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 शुरू हो गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसका औपचारिक उद्घाटन किया। इसके बाद उन्होंने इवेंट में शामिल हुए स्टार्टअप्स के पवेलियंस में जाकर उनके इनोवेशंस की जानकारी ली। ये इवेंट 20 फरवरी तक नई दिल्ली के भारत मंडपम में चलेगा।

समिट के साथ-साथ इंडिया एआई इम्पैक्ट एक्सपो 2026 का भी आयोजन किया जा रहा है। यहां दुनियाभर की कंपनियां अपने लेटेस्ट एआई सॉल्यूशंस को दुनिया के सामने पेश करेंगी। यहां आम लोग देख सकेंगे कि एआई असल जिंदगी में कैसे काम करता है और भविष्य में एआई से खेती, सेहत और शिक्षा जैसे क्षेत्रों में क्या बदलाव लाने वाला है। इंफो एज के फाउंडर और एग्जीक्यूटिव वॉइस चेयरमैन संजीव बिखचंदानी ने कहा कि एआई नौकरियां खत्म नहीं कर रहा है, बल्कि काम करने की क्षमता (प्रोडक्टिविटी) को बढ़ा रहा है। उन्होंने युवाओं को सलाह दी कि वे एआई टूल्स को अपनाएं, वरना वे पीछे छूट सकते हैं। सिस्को सिस्टम्स इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर हरीश कृष्णन ने कहा कि एआई आने वाली पीढ़ियों के लिए समाज में सुधार कर रहा है और इंसानी क्षमताओं को बेहतर बनाने में मदद कर रहा है। एचसीएल टेक्नोलॉजीज के पूर्व सीईओ विनीत नायर बोले कि एआई का असर 50 प्रतिशत नौकरियों पर पड़ेगा, लेकिन साथ ही यह 50 प्रतिशत नए रोजगार के मौके भी पैदा करेगा।

- दुनिया के सबसे बड़े टेक्नोलॉजी इवेंट में से एक इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 नई दिल्ली में शुरू
- 300 से ज्यादा कंपनियां दिखा रहीं एडवांस गैजेट्स, खेती, पढ़ाई और सेहत पर फोकस रहेगा

### स्टार्टअप्स लीडर्स से मुलाकात

देश-विदेश के स्टार्टअप्स अपने अनोखे प्रोडक्ट्स पेश करेंगे। आम लोग इन इनोवेटर्स से सीधे बात कर सकेंगे और समझ सकेंगे कि भविष्य की तकनीक कैसी होगी। एक्सपीरिएंस जोन- समिट में कई थीमैटिक पवेलियन बनाए गए हैं।

यहां लोग खुद एआई पॉवर्ड मशीनों और सॉफ्टवेयर का अनुभव ले सकेंगे, जैसे स्मार्ट हेल्थ मॉनिटरिंग और एआई ट्यूटर।

### गुजरात के 32 स्कूलों को बमों से उड़ाने की धमकी

**अहमदाबाद।** गुजरात के 32 स्कूलों में ईमेल के जरिये बम की धमकी दी गई है। इसमें वडोदरा के 17 और अहमदाबाद के 15 स्कूल शामिल हैं। ईमेल में लिखा गया कि गुजरात खालिस्तान बन जाएगा, हिंदुस्तान टुकड़ों में बंट जाएगा। जानकारी सामने आते ही पैरेंट्स तुरंत स्कूल पहुंचे और बच्चों को वापस ले आए। बम निरोधक दस्ते ने स्कूलों में तलाशी शुरू कर दी है। फिलहाल स्कूलों को खाली करा लिया गया है और वाहनों व स्कूल परिसरों की जांच की जा रही है। एहतियात के तौर पर वडोदरा के उर्मी स्कूल के छात्रावास को भी खाली करा लिया गया है।

# हिमंता शूटिंग मामला: सुप्रीम कोर्ट का सुनवाई से इन्कार

## कहा: चुनाव से पहले कोर्ट का दरवाजा खटखटाना ट्रेंड बन गया, इसे प्लेग्राउंड मत बनाइए

- असम के सीएम पर कार्रवाई की मांग
- याचिकाओं पर कोर्ट ने पूछा: पहले गुवाहाटी हाईकोर्ट क्यों नहीं गए

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा के खिलाफ वायरल वीडियो पर कार्रवाई की मांग वाली याचिका पर सुनवाई से इन्कार कर दिया। सुप्रीम कोर्ट ने असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा के वायरल वीडियो मामले में दायर याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए पूछा कि पहले गुवाहाटी हाईकोर्ट क्यों नहीं गए। कोर्ट ने हाईकोर्ट की अधिकारिता को कमतर न आंकने की सलाह दी।

मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस विपुल एम. पंचोली की पीठ ने कहा कि हर चुनावी विवाद सीधे सुप्रीम कोर्ट में लाना एक चिंताजनक प्रवृत्ति बनती जा रही है। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा कि असम में आगामी विधानसभा चुनावों के मद्देनजर कई राजनीतिक मुद्दे अदालत तक पहुंच रहे हैं, जो उचित नहीं है। अदालत ने पक्षकारों से संवैधानिक मर्यादा और संयम बनाए रखने की नसीहत दी। अब इस मामले में -शेष पृष्ठ दो पर

### सबरीमाला में महिलाओं के साथ भेदभाव मामले में नौ जजों की पीठ गठित, सात अप्रैल से होगी सुनवाई

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट की 9 न्यायाधीशों की बेंच 7 अप्रैल से धार्मिक स्थलों पर महिलाओं के भेदभाव के मामलों पर सुनवाई शुरू करेगी। इस मामले में प्रमुख रूप से केरल के सबरीमाला मंदिर से जुड़े मुद्दों पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दिया है कि सभी पक्ष अपनी लिखित दलीलें 14 मार्च तक जमा करें। केंद्र की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि वह सबरीमाला फैसले की समीक्षा का समर्थन करते हैं। बेंच में मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस विपुल एम. पंचोली शामिल हैं। सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने वरिष्ठ वकील परमेश्वर और शिवम सिंह को एमिकस क्यूरी के रूप में नियुक्त किया है, ताकि न्यायालय को आवश्यक मार्गदर्शन और पक्षों की दलीलों का विश्लेषण प्रदान किया जा सके।



### सुप्रीम कोर्ट में अबू सलेम की रिहाई याचिका खारिज

#### कहा: आपने कोई नेकी नहीं की

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को 1993 मुंबई सीरियल ब्लास्ट के दोषी अबू सलेम को कोई राहत नहीं दी। कोर्ट ने रिहाई की मांग वाली याचिका पर सुनवाई से इन्कार करते हुए कहा कि आपने समाज के लिए कोई नेक काम नहीं किया है। आपको टीएडीए के तहत दोषी ठहराया गया है। जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की बेंच ने अबू सलेम को हाईकोर्ट का रुख करने की सलाह दी। कोर्ट ने कहा कि बॉम्बे हाईकोर्ट ने केवल अंतरिम राहत देने से इन्कार किया है। ऐसे में सलेम को हाईकोर्ट में ही अंतिम बहस करनी चाहिए। अबू सलेम ने अपनी याचिका में दावा किया था कि अच्छे आचरण के आधार पर मिलने वाली रिमिशन (सजा में छूट) को जोड़कर देखा जाए, तो वह 25 साल की सजा पूरी कर चुका है और 10 महीने से अधिक समय से अवैध कस्टडी में है।

# उप्र आक्रांताओं का महिमामंडन स्वीकार नहीं करेगा: योगी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**कहा: 2017 के बाद प्रदेश में कोई बड़ा सांप्रदायिक दंगा नहीं हुआ, न कर्फ्यू, न दंगा-यूपी में सब चंगा, विपक्ष पर कानून-व्यवस्था को लेकर भ्रम फैलाने का लगाया आरोप**

**लखनऊ।** उप्र विधान परिषद में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर बोलते हुए राज्य सरकार की उपलब्धियों, कानून-व्यवस्था की स्थिति और सांस्कृतिक पुनर्जागरण को लेकर विस्तार से अपनी बात रखी।

उन्होंने कहा कि आज का उप्र नए भारत की भावना के अनुरूप आगे बढ़ रहा है और आक्रांताओं के महिमामंडन को कतई स्वीकार नहीं करेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि कभी माघ मेला केवल कल्पवासियों तक सीमित रहता था, जहां कुछ लाख श्रद्धालु ही आते थे। लेकिन आज 21 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं की सहभागिता यह दर्शाती है कि लोगों को व्यवस्था और सुरक्षा पर पूरा विश्वास है। उन्होंने इसे सरकार की सुशासन नीति का प्रमाण बताया। योगी ने कहा कि वर्ष 2017 के बाद प्रदेश में कोई बड़ा सांप्रदायिक दंगा नहीं हुआ। न कर्फ्यू, न दंगा-यूपी में सब चंगा कहते हुए उन्होंने विपक्ष पर कानून-व्यवस्था को लेकर भ्रम फैलाने का आरोप लगाया। उन्होंने बताया कि 2017 में प्रदेश पुलिस में केवल 10 हजार महिला कार्मिक थीं, जबकि आज यह संख्या बढ़कर 44 हजार से अधिक हो गई है। पहले पुलिस प्रशिक्षण की समुचित व्यवस्था नहीं थी, लेकिन अब 60 हजार से अधिक कार्मिक एक साथ प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले प्रदेश में केवल दो फॉरेंसिक लैब थीं, जबकि अब 12 लैब संचालित हैं और छह अन्य निर्माणाधीन हैं। सभी 75 जिलों में दो-दो फॉरेंसिक वैन उपलब्ध -शेष पृष्ठ दो पर



# शादी से पहले फिजिकल होना समझ से बाहर: सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को रेप के आरोपों से जुड़े एक मामले में शादी से पहले फिजिकल रिलेशनशिप को लेकर हैरानी जताई। जस्टिस बीवी नागरत्ना ने कहा कि हम यह नहीं समझ पाते कि एक लड़का और लड़की शादी से पहले शारीरिक संबंध कैसे बना सकते हैं।

जस्टिस नागरत्ना ने कहा कि हो सकता है हम पुराने ख्यालों के हों, लेकिन शादी से पहले लड़का और लड़की अजनबी होते हैं। आपको बहुत सावधान रहना चाहिए। शादी से पहले किसी पर भी भरोसा नहीं करना चाहिए। जस्टिस नागरत्ना के साथ जस्टिस उज्ज्वल भुइयां की बेंच एक व्यक्ति की जमानत याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिस पर एक महिला से शादी का वादा करके शारीरिक संबंध बनाने का आरोप है। आरोप है कि व्यक्ति पहले से शादीशुदा था और बाद में उसने दूसरी महिला से शादी कर ली। सरकारी वकील के मुताबिक, लगभग 30 साल की युवती की 2022 में एक मैट्रिमोनियल साइट पर शख्स से मुलाकात हुई थी। आरोप है कि शख्स ने युवती से शादी का वादा करके दिल्ली और बाद में दुबई में कई बार उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। युवती ने दावा किया है कि शख्स के कहने पर वह दुबई गई थी। वहां उसकी सहमति के बिना आरोपी ने अश्लील वीडियो रिकॉर्ड किए, और विरोध करने पर उन्हें वायरल करने की धमकी दी। शिकायतकर्ता को बाद में पता चला कि शख्स ने 19 जनवरी, 2024 को पंजाब में दूसरी शादी कर ली थी। इस मामले में निचली अदालत और दिल्ली हाईकोर्ट ने आरोपी की जमानत याचिका खारिज कर दी थी। हाईकोर्ट ने कहा था कि आरोपी की तरफ से किया गया शादी का वादा शुरू से ही झूठा था, क्योंकि वह पहले से ही शादीशुदा था। हाईकोर्ट के आदेश से असंतुष्ट होकर आरोपी ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया था।

**कहा: लड़का-लड़की अजनबी होते हैं, हम पुराने ख्यालों वाले, लेकिन भरोसा करने से पहले सावधान रहें**



# चुनाव आयोग ने प. बंगाल के 7 अफसर किए सस्पेंड

- SIR में लापरवाही: पावर के गलत उपयोग के आरोप

**नई दिल्ली।** भारतीय चुनाव आयोग (ईसीआई) ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के संबंध में ड्यूटी में गंभीर लापरवाही बरतने पर पश्चिम बंगाल के सात अधिकारियों को तुरंत प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

आयोग ने सोमवार को कहा कि यह कार्रवाई तुरंत प्रभाव से लागू मानी जाएगी। आयोग ने जनप्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 की धारा 13सीसी के तहत अपनी शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए इन अधिकारियों को निलंबित कर दिया और पश्चिम बंगाल के मुख्य सचिव को इनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू करने का आदेश दिया। आयोग ने सोमवार को जारी एक आधिकारिक बयान में कहा कि यह कार्रवाई मतदाता सूची के पुनरीक्षण से जुड़ी कानूनी जिम्मेदारियों को निभाने में देखी गई गंभीर कमियों को देखते हुए की गई है। इस तरह का गलत काम चुनावी प्रक्रिया की ईमानदारी को कमजोर करता है और इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। आयोग ने आगे निर्देश दिया कि निलंबित किए गए अधिकारियों के खिलाफ संबंधित कैडर-नियंत्रण अधिकारियों द्वारा अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू की जाए और इसकी जानकारी आयोग को दी जाए। इस मामले से संबंधित एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि आयोग ने यह साफ कर दिया है कि चुनाव से जुड़े कामों में जवाबदेही सबसे जरूरी है।

### देश का व्यापार घाटा जनवरी में 10 अरब डॉलर के पार

**नई दिल्ली।** वस्तुओं के आयात में तेज वृद्धि से इस साल जनवरी में देश का कुल व्यापार घाटा लगभग दोगुना होकर 10.38 अरब डॉलर पर पहुंच गया। पिछले साल जनवरी में वस्तुओं और सेवाओं को मिलाकर कुल व्यापार घाटा 5.39 अरब डॉलर रहा था। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के सोमवार को जारी आंकड़ों में बताया गया है कि जनवरी में वस्तुओं का निर्यात साल-दर-साल 0.6 प्रतिशत बढ़कर 36.56 अरब डॉलर और सेवाओं का निर्यात 26.33 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 43.90 अरब डॉलर रहा। वस्तुओं का आयात 19.19 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 71.24 अरब डॉलर हो गया। जनवरी 2025 में यह 59.77 अरब डॉलर था। सेवाओं का आयात 17.30 प्रतिशत बढ़कर 19.60 अरब डॉलर रहा। इस प्रकार कुल निर्यात 80.45 अरब डॉलर और कुल आयात 90.83 अरब डॉलर दर्ज किया गया। पिछले साल जनवरी में कुल आयात 71.90 अरब डॉलर और कुल निर्यात 76.48 अरब डॉलर पर था।

# जम्मू-कश्मीर के 14 टूरिस्ट स्पॉट में लौट रही रौनक

श्रीनगर, वार्ता

- लेफ्टिनेंट गवर्नर मनोज सिन्हा ने केंद्र शासित प्रदेश में बंद 14 टूरिस्ट स्पॉट को फिर से खोलने का किया ऐलान

**जम्मू-कश्मीर** के लेफ्टिनेंट गवर्नर मनोज सिन्हा ने केंद्र शासित प्रदेश में बंद 14 टूरिस्ट स्पॉट को फिर से खोलने का ऐलान किया। लेफ्टिनेंट गवर्नर ने कहा कि पूरी सिक्योरिटी रिव्यू और चर्चा के बाद मैंने कश्मीर और जम्मू डिवीजन में और टूरिस्ट स्पॉट फिर से खोलने का ऑर्डर दिया है।

कश्मीर डिवीजन में 11 टूरिस्ट स्पॉट - यूसमर्ग, बड़गाम में दूधपथरी, कोकरनाग में दांडीपोरा पार्क, पीर की गली, शोपियां में दुबजान और पड़पावन, श्रीनगर में अस्तनपोरा, ट्यूलिप गार्डन, थजवास ग्लेशियर, गंदेरबल में हंग पार्क और बारामूला में वुलर/वतलाब को फिर से खोला जाएगा। वहीं जम्मू डिवीजन में 3 टूरिस्ट स्पॉट- रियासी में देवी पिंडी, रामबन में माहू मंगत और किश्तवाड़ में मुगल मैदान आम पब्लिक के लिए ओपन होंगे। घूमने वाली इन जगहों को पिछले साल अप्रैल में हुए पहलगाम अटैक के बाद से बंद कर दिया गया था। इस आतंकी हमले में 26 लोग मारे गए थे, जिसमें से 25 टूरिस्ट थे। पिछले साल सितम्बर में कश्मीर संभाग में सात टूरिस्ट स्पॉट को फिर से खोला गया था। उनमें अरु घाटी, राफ्टिंग प्वॉइंट यान्नर, अक्कड़ पार्क, पादशाही पार्क और कमान पोस्ट शामिल हैं। वहीं जून में पहलगाम के कुछ हिस्सों सहित 16 पर्यटन स्थलों को फिर से खोल दिया गया था।

### 25 पुस्तकों पर प्रतिबंध के खिलाफ याचिका पर केंद्र को फिर मोहलत

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर और लद्दाख उच्च न्यायालय ने कश्मीर से संबंधित 25 पुस्तकों पर प्रतिबंध को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर जवाब देने के लिए केंद्र को और एक महीने का अतिरिक्त समय दिया है। इससे पहले 11 फरवरी के एक आदेश में न्यायालय ने कहा था कि प्रतिवादियों में से एक ने अभी तक अपनी आपत्तियां दर्ज नहीं की हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### प्रियंका गांधी 18-19 फरवरी को असम दौरे पर रहेंगी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा 18 और 19 फरवरी को असम के दो दिवसीय दौरे पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के नेताओं और पदाधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठकों में हिस्सा लेंगी। पार्टी के सूत्रों के अनुसार प्रियंका गांधी 18 फरवरी को गुवाहाटी स्थित राजीव भवन पहुंचेंगी, जहां स्क्रीनिंग कमेटी, राजनीतिक मामलों की समिति और विभिन्न जिला कांग्रेस कमेटियों के अध्यक्षों के साथ बैठक करेंगी। इसके अलावा वह विधायकों, पूर्वोत्तर कांग्रेस समन्वय से जुड़े नेताओं और सहयोगी संगठनों के प्रतिनिधियों से भी चर्चा करेंगी। श्रीमती वाड्रा के इस दौरे का मुख्य आकर्षण नेताओं के साथ उनकी वन-टू-वन मीटिंग होगी, जिसमें वह संगठन की मजबूती, आगामी चुनावी रणनीति और जमीनी मुद्दों पर विस्तार से बातचीत करने वाली हैं। इस दौरान 19 फरवरी को वह कार्यकारी अध्यक्षों, सांसदों और विभिन्न प्रकोष्ठों व विभागों के पदाधिकारियों के साथ बैठक करेंगी।

### जंगली हाथी के हमले में पुजारी की मौत


**बहराइच।** उप्र के जनपद बहराइच में कतर्नियाघाट वन्यजीव अभयारण्य क्षेत्र में जंगली हाथियों का आतंक जारी है। रविवार रात एक जंगली हाथी ने कटियारा बाबा कुटिया में घुसकर एक पुजारी को पटक-पटककर मार डाला। घटना से इलाके में दहशत का माहौल है। वन विभाग के अनुसार घटना कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग के अंतर्गत कटियारा बाबा कुटिया की है। मृतक की पहचान सुरेश दास (100) निवासी हजारीपुरवा गांव, कारीकोट क्षेत्र के रूप में हुई है। वह पिछले 15 वर्षों से कुटिया में रहकर पूजा-पाठ करते थे और बाल ब्रह्मचारी थे।

# डा. नितिन गुप्ता अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में डायबिटिज की फैलोशिप से सम्मानित

शाह टाइम्स संवाददाता

**मुजफ्फरनगर।** हर्ष मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल निकट महावीर चौक मुजफ्फरनगर के डा. नितिन गुप्ता एमडी को 12 एवं13 फरवरी 2026 को हैदराबाद के हाईटेक कन्वेनशनल सेंटर में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में डायबिटिज फैलोशिप पुरस्कार से नवाजा गया।

इस सम्मेलन में देश-विदेश के डायबिटिज विशेषज्ञ आए हुए थे, मुख्यत: ऑस्ट्रेलिया, चीन, अमेरिका, फ्रांस, जर्मनी और इंग्लैंड के चिकित्सक थे। इन्हीं में उत्तर प्रदेश के कुल दो डाक्टर आमंत्रित थे। डा. नितिन गुप्ता ने शुगर की बीमारी पर कई शोध भी



किए हैं। इसमें रमजान महीने में शुगर के मरीजों पर विशेष प्रभाव है। यह शोध विदेश में भी लोकप्रिय रहा। डा. गुप्ता मरीजों में शुगर का इलाज आधुनिक तकनीकों से कर रहे हैं। डा. गुप्ता पश्चिमी यूपी के मुख्य डायबिटिज विशेषज्ञों में से एक हैं। डा. गुप्ता ने डायबिटिज के साथ दिल के रोगों के इलाज में भी कुशलता हासिल की है। आजकल डायबिटिज के मरीजों में हार्ट अटैक का इलाज विशेष तकनीकों से किया जाना विशेष है। डा. गुप्ता का फैलोशिप अवार्ड जनपद मुजफ्फरनगर का गौरव है। इस सम्मेलन के आर्गेनाइजिंग चेयरमैन डा. बीएम मक्कर थे एवं सचिव डा. वन्शी साहू थे। ज्ञात हो कि डा. गुप्ता एम्स, जीबी पंत दिल्ली एवं अपोला अस्पताल से भी ट्रेंड हैं।

# उप्र के नवनिर्माण की आधारशिला रखेगा ये बजट: योगी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 'योगी की पाती' शीर्षक से प्रदेशवासियों के नाम संदेश जारी कर राज्य के बजट को नवाचार और तकनीक आधारित विकास की ऐतिहासिक पहल बताया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उप्र का यह बजट नव निर्माण की उस यात्रा का अगला चरण है, जिसकी मजबूत आधारशिला पिछले वर्षों में रखी गई है।

मुख्यमंत्री ने अपने संदेश में कहा कि प्रदेश की अर्थव्यवस्था को एक ट्रिलियन डॉलर तक पहुंचाने के लक्ष्य की प्राप्ति के लिए आधुनिक तकनीक और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का व्यापक उपयोग किया जाएगा। इसके तहत स्टेट डेटा अथॉरिटी का गठन किया जाएगा तथा यूपी एआई मिशन, एआई डेटा लैब, एआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस और डेटा सेंटर क्लस्टर की स्थापना की जाएगी। उन्होंने विश्वास जताया कि इन पहलों से उप्र वैश्विक तकनीकी मानचित्र पर नई पहचान बनाएगा। 'टेक युवा-समर्थ युवा' योजना के अंतर्गत 25



सीएम ने 'योगी की पाती' शीर्षक से दिया संदेश

लाख युवाओं को नई तकनीकों में प्रशिक्षित करने का लक्ष्य रखा गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कौशल विकास प्रशिक्षण केंद्र युवाओं को भविष्य की जरूरतों के अनुरूप तैयार करेंगे। एमएसएमई, स्टार्टअप और उद्यमिता को प्रोत्साहन देकर रोजगार के नए अवसर सृजित किए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि बीते नौ वर्षों में बिना कोई नया कर लगाए विकास की गति बनाए रखना सरकार के कुशल वित्तीय प्रबंधन का परिणाम है। 9.12 लाख करोड़ के इस बजट को उन्होंने युवा, महिला, किसान और गरीब वर्ग की आकांक्षाओं को साकार करने वाला बताया। संदेश के अंत में मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों से आह्वान किया कि वे सरकार की योजनाओं का लाभ उठाते हुए नवाचार और उद्यमिता की दिशा में आगे बढ़ें और विकसित उप्र के लक्ष्य को हासिल करने में सहभागी बनें।

### यूपी ने नौ वर्षों में तय की आत्मविश्वास की यात्रा

**लखनऊ।** उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधान परिषद में राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान विपक्ष पर तीखा हमला बोला। उन्होंने प्रदेश में हुए बदलाव को रेखांकित करते हुए कहा कि उप्र ने 'कर्फ्यू से कानून, उपद्रव से उत्सव, समस्या से समाधान और अविश्वास से आत्मविश्वास' की यात्रा तय की है। सभी पक्षों को मिलाकर लगभग 51 सदस्यों ने अपने सुझावों से चर्चा को आगे बढ़ाने का कार्य किया। राज्यपाल का अभिभाषण शासन की उपलब्धियों और भावी योजनाओं का दस्तावेज होता है, जो सरकार की नीतियों और दिशा को स्पष्ट करता है। योगी ने मुख्य प्रतिपक्ष के व्यवहार को अशोभनीय और दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा कि राज्यपाल प्रदेश की संवैधानिक प्रमुख होती हैं और उनके प्रति असम्मानजनक आचरण लोकतंत्र को कमजोर करता है।

## सीएचसी पर भी किडनी प्रत्यारोपण की सुविधा उपलब्ध हो: सपा

# सेहत और पानी पर सरकार-विपक्ष में तीखी बहस

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उप्र विधानसभा में सोमवार को स्वास्थ्य सेवाओं और जल जीवन मिशन में कथित अनियमितताओं को लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच जोरदार बहस हुई। इस दौरान दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर आरोप लगाए।

उपमुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री ब्रजेश पाठक ने सदन को बताया कि प्रदेश के प्रत्येक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) पर हार्ट अटैक से जुड़े मामलों के लिए लगभग 40 हजार रुपये कीमत का जीवनरक्षक इंजेक्शन उपलब्ध कराया गया है। उन्होंने कहा कि मैसिव हार्ट अटैक या उससे संबंधित लक्षणों के साथ आने वाले मरीज को यह इंजेक्शन तत्काल लगाया जाता है, जिससे अगले 24 घंटे तक उसे दोबारा अटैक का खतरा कम रहता है। इस अवधि में मरीज को निकटतम मेडिकल कॉलेज में रेफर कर



हमने सीएचसी पर 40 हजार रुपये कीमत का जीवन रक्षक इंजेक्शन उपलब्ध कराया, जो हार्टअटैक के मरीजों को तत्काल लगाया जाता है: पाठक

आगे का इलाज सुनिश्चित किया जाता है। पाठक ने बताया कि प्रदेश के 50 से अधिक मेडिकल कॉलेज इस प्रकार के इलाज के लिए अधिकृत किए गए हैं।

साथ ही एक व्हाट्सएप ग्रुप भी बनाया गया है, जिसमें प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र या सीएचसी पर मरीज के पहुंचते ही उसकी रिपोर्ट साझा की जाती है, ताकि मेडिकल कॉलेज स्तर पर तत्काल उपचार की तैयारी की जा सके। इस दौरान सपा विधायक समरपाल सिंह ने किडनी प्रत्यारोपण की प्रक्रिया को लेकर सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि किडनी ट्रांसप्लांट में अत्यधिक समय लगता है और पूरी प्रक्रिया सात दिन के भीतर पूरी होनी चाहिए। उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में भी किडनी प्रत्यारोपण की सुविधा उपलब्ध कराने की मांग की। जवाब में बृजेश पाठक ने कहा कि सरकार की कोशिश है कि किडनी ट्रांसप्लांट कम से कम समय में हो और सात दिन से भी कम समय में प्रक्रिया पूरी करने का प्रयास किया जाएगा।

### विधानसभा में गूंजा निजी अस्पतालों की मनमानी और आशा बहुओं का मुद्दा

**लखनऊ।** उप्र विधानसभा में बजट पर चर्चा के दौरान सोमवार को निजी अस्पतालों की कथित मनमानी व आशाओं का मुद्दा जोर-शोर से उठा। समाजवादी पार्टी के सदस्य अतुल प्रधान ने सरकार से सवाल किया कि निजी अस्पतालों पर नियंत्रण के लिए क्या ठोस कदम उठाए जा रहे हैं और मरीजों से मनमाने शुल्क वसूलने की शिकायतों पर क्या कार्रवाई की गई है। इस पर जवाब देते हुए उपमुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री ब्रजेश पाठक ने विपक्ष पर पलटवार किया। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी के सदस्य अब भी अपना चश्मा नहीं बदल पा रहे हैं और पूर्ववर्ती सरकार के नजरिए से ही वर्तमान व्यवस्था को देख रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि राज्य सरकार निजी अस्पतालों की अनियमितताओं के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रही है और किसी को भी मनमानी की अनुमति नहीं दी जाएगी।

### मॉडीफाइड साइलेंसर पर प्रभावी कार्रवाई की मांग विधान परिषद में नियम 115 के तहत उठा मुद्दा

**लखनऊ।** उप्र विधान परिषद के सदस्य विजय बहादुर पाठक ने सोमवार को नियम 115 के अंतर्गत मॉडीफाइड साइलेंसर से हो रहे ध्वनि और वायु प्रदूषण का मुद्दा उठाते हुए सरकार का ध्यान आकृष्ट किया और इस पर प्रभावी कार्रवाई की मांग की। विजय बहादुर पाठक ने प्रमुख सचिव, विधान परिषद को भेजे गए अपने पत्र में कहा कि राज्य में योगी सरकार ने यातायात को सुलभ और व्यवस्थित बनाने तथा दुर्घटनाओं को रोकने के लिए सराहनीय प्रयास किए हैं।

# आरक्षण और आउटसोर्सिंग पर विधानसभा में घमासान

शाह टाइम्स ब्यूरो

अनिल राजभर का सपा पर तीखा हमला

**लखनऊ।** उप्र विधानसभा में आरक्षण और आउटसोर्सिंग के मुद्दे पर सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच तीखी नोकझोंक देखने को मिली।

समाजवादी पार्टी के विधायक संग्राम यादव द्वारा आउटसोर्सिंग और आरक्षण का मुद्दा उठाए जाने के बाद सरकार की ओर से मंत्री अनिल राजभर ने सपा पर जोरदार हमला बोला। मंत्री अनिल राजभर ने कहा कि समाजवादी पार्टी पीडीए की बात तो करती है, लेकिन अपने शासनकाल में उसने केवल एक वर्ग को लाभ पहुंचाने का काम किया। उन्होंने आरोप लगाया कि सपा सरकार में ओबीसी आरक्षण के तहत लगभग 82 प्रतिशत लाभ एक ही वर्ग को दिया गया, जबकि राजभर, केवट, मल्लाह, चौहान सहित कई जातियों को उनका वाजिब हिस्सा नहीं मिला। राजभर ने कहा कि सपा बाबा साहब के संविधान की बात करती है, लेकिन उसके कार्यकाल में सामाजिक न्याय की अनदेखी हुई। उन्होंने आरोप लगाया कि जब भी सदन चलता है, सपा आरक्षण का मुद्दा उठाकर राजनीतिक लाभ लेने की कोशिश करती है। सरकार की ओर से जवाब देते हुए राजभर ने सदन को बताया कि सपा सरकार के दौरान रोजगार मेलों के जरिए कितने युवाओं को रोजगार मिला और 2017 में भाजपा सरकार बनने के बाद अब तक कितने युवाओं को निजी संस्थानों में नौकरी मिली है। उन्होंने विशेष रूप से कहा कि वर्तमान सरकार मातृशक्ति के लिए अलग से रोजगार मेलों का आयोजन कर रही है, ताकि महिलाओं को अधिक अवसर मिल सकें।

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

## अर्थ व्यापार



सेंसेक्स 83277.15
निफ्टी 25682.75



सोना 154098
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)



चांदी रु. 240947
प्रति किलो




# गिरावट से उबरे शेयर बाजार सेंसेक्स 650 अंक चढ़ा

मुंबई, वार्ता

घरेलू शेयर बाजारों में सोमवार को तेजी लौट आई और बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 650.39 अंक (0.79 प्रतिशत) की बढ़त में 83,277.15 अंक पर पहुंच गया।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक 211.65 अंक यानी 0.83 प्रतिशत की तेजी के साथ 25,682.75 अंक पर बंद हुआ। दूसरे एशियाई बाजारों से मिले नकारात्मक संकेत से शुरुआती कारोबार में घरेलू बाजारों में गिरावट थी, लेकिन यूरोपीय बाजारों में तेजी रहने से बाद में निवेश धारणा मजबूत हुई। इससे आज सेंसेक्स में 1,057 अंकों का बड़ा उतार-चढ़ाव देखा गया। यह नीचे 82,277 अंक और ऊपर 83,333 अंक तक गया। मझौली और छोटी कंपनियों में भी लिवाली को जोर रहा। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.38 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.48 प्रतिशत की बढ़त में रहा। बैंकिंग, रियलटी, एफएमसीजी, स्वास्थ्य, फार्मा, धातु, तेल एवं



गैस और टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद समूहों में तेजी रही। ऑटो और मीडिया समूहों के सूचकांक लाल निशान में बंद हुए। सेंसेक्स की कंपनियों में पावर ग्रिड का शेयर करीब साढ़े चार प्रतिशत चढ़ा। एचडीएफसी बैंक में भी दो प्रतिशत से अधिक की तेजी रही। एक्सिस बैंक, एनटीपीसी, आईटीसी, आईटीसी, एशियन पेंट्स, बजाज फिनसर्व, टाटा स्टील, भारती एयरटेल, रिलायंस इंडस्ट्रीज, अडानी पोर्ट्स और कोटक महिंद्रा बैंक के शेयर एक से दो प्रतिशत ऊपर बंद हुए। भारतीय स्टेट बैंक, एलएंडटी, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, बीईएल, टीसीएस और हिंदुस्तान यूनीलिवर के शेयर भी हरे निशान में रहे। टेक महिंद्रा, मारुति सुजुकी, बजाज फाइनेंस, ट्रेंट और महिंद्रा एंड महिंद्रा में गिरावट रही।

# चांदी सस्ती हुई, सोने की कीमत में बढ़ोतरी

**नई दिल्ली।** चांदी के दाम में सोमवार को लगातार तीसरे कारोबारी दिन गिरावट है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के अनुसार एक किलो चांदी की कीमत 1,486 रुपए गिरकर 2,40,947 रुपए किलो पर आ गई है। इससे पहले शुक्रवार को चांदी की कीमत 2,42,433 रुपए किलो थी। आज 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 1,333 रुपए बढ़कर 1,54,098 रुपए पर पहुंच गई है। इससे पहले शुक्रवार को ये 1,52,765 रुपए प्रति 10 ग्राम थी। हालांकि पिछले तीन कारोबारी दिनों में चांदी 25,502 और सोना 3,224 रुपए सस्ता हुआ है। पिछले तीन कारोबारी सत्रों में सोने-चांदी की कीमतों में तेज गिरावट आई है।

इस दौरान सोना करीब 15 प्रतिशत तक सस्ता हो गया था। अब कीमतें स्थिर होते ही निवेशकों ने निचले स्तर पर खरीदारी शुरू कर दी है। हालांकि जानकारों का कहना है कि अभी सोने-चांदी में एक मुश्त पैसा लगाने से बचना चाहिए। इसकी जगह धीरे-धीरे निवेश करना ज्यादा फायदेमंद होगा। मुंबई, चेन्नई और कोलकाता में 22 कैरेट सोने की कीमत 144590 रुपये प्रति 10 ग्राम, जबकि 24 कैरेट सोने की कीमत 157740 रुपये प्रति 10 ग्राम है। पुणे और बेंगलुरु में में 24 कैरेट गोल्ड की कीमत 157740 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट गोल्ड की कीमत 144590 रुपये प्रति 10 ग्राम है।

# डील से हम जरूरत का 52 प्रतिशत तेल नहीं खरीद सकेंगे: कांग्रेस

नई दिल्ली, वार्ता

कांग्रेस ने कहा है कि हाल ही में अमेरिका के साथ हुए व्यापारिक समझौते के तहत जो शर्त रखी गई है कि उसके तहत भारत, रूस से कच्चा तेल नहीं खरीदेगा और इस शर्त के बाद भारत अपनी जरूरत का 52 प्रतिशत कच्चा तेल अब नहीं खरीद सकेगा जिससे देश को भारी आर्थिक नुकसान होगा। कांग्रेस महासचिव तथा पार्टी के राज्यसभा सदस्य रणदीप सिंह सुरजेवाला ने सोमवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि अमेरिका के राष्ट्रपति ने छह फरवरी को एक आदेश में कहा है कि भारत ने वादा किया है कि वह रूस से कच्चा तेल नहीं खरीदेगा और अगर खरीदता है, तो अमेरिका इस पर निगरानी रखेगा। निगरानी में यदि पाया जाता है कि भारत ने प्रत्यक्ष या परोक्ष से रूस से तेल खरीदा है तो भारत पर सारी टैरिफ पैनल्टी लागू कर दी जाएगी। उन्होंने कहा कि 14 फरवरी को अमेरिकी विदेश मंत्री ने भी यही बात दोहराई है। उन्होंने एक अंतर्राष्ट्रीय मंच पर कहा है कि भारत ने वादा किया है कि वह रूस से तेल नहीं खरीदेगा। इस शर्त के अनुसार भारत अब अमेरिका के कहने पर रूस से भी कच्चा तेल नहीं खरीद सकेगा। इससे पहले अमेरिका के कहने पर भारत ने ईरान से कच्चे तेल की खरीद बंद कर दी थी।

### कपास किसानों को होगा बड़ा नुकसान : सुरजेवाला

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने भारत-अमेरिका के बीच हाल में हुए व्यापार समझौते पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए आरोप लगाया है कि मोदी सरकार ने देश के किसानों के हितों को नजरअंदाज कर यह समझौता किया है और इससे खासकर कपास किसानों को बड़ा नुकसान होने की संभावना है। कांग्रेस महासचिव रणदीप सिंह सुरजेवाला ने सोमवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में इस समझौते से देश के कपड़ा उद्योग पर गंभीर प्रभाव पड़ने की आशंका जताई है।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कॉहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**हिमंता शूटिंग...** आगे की कार्रवाई गुवाहाटी हाईकोर्ट में होगी, जहां याचिकाकर्ता अपनी शिकायतें रख सकेंगे। वीडियो में सीएम को एक खास समुदाय के सदस्यों पर राइफल से निशाना साधते और फायरिंग करते हुए दिखाया गया था। चीफ जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची और विपुल एम. पंचोली की बेंच ने पिटीशनर्स से गुवाहाटी हाईकोर्ट जाने को कहा। हालांकि कोर्ट ने कहा कि चुनाव से पहले कोर्ट का दरवाजा खटखटाना ट्रेंड बन गया है, कोर्ट को प्लेग्राउंड मत बनाइए। असम में आने वाले विधानसभा चुनावों का जिक्र करते हुए कोर्ट ने कहा कि समस्या यह है कि चुनाव का एक हिस्सा उससे पहले लड़ा जाता है। जोकि ठीक नहीं है। दरअसल सुप्रीम कोर्ट हिमंता के खिलाफ लगाई गई तीन याचिकाओं पर सुनवाई कर रहा था। दो याचिकाएं सीपीआई (एम) और सीपीआई ने लगाई थीं। तीसरी याचिका असम के चार लोगों ने मिलकर दायर की थीं। दरअसल, 8 जनवरी को कांग्रेस ने दावा किया कि असम बीजेपी एक्स हैंडल से एक वीडियो पोस्ट किया गया, जिसमें असम सीएम हिमंता बिस्वा सरमा मुसलमानों को गोली मारते दिख रहे हैं। कांग्रेस ने कहा कि ये वीडियो अल्पसंख्यकों की टार्गेटेड प्वाइंट-ब्लैंक हत्या को बढ़ावा देने जैसा है। कांग्रेस का दावा है कि वीडियो डिलीट कर दिया गया है। कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत के एक्स हैंडल पर दिख रहे वीडियो में नजर आ रहा है कि असम मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा कथित तौर पर एक राइफल से निशाना साधते और दो लोगों पर गोली चलाते हुए दिख रहे थे। निशाने में दिख रही तस्वीर में एक ने टोपी पहनी थी और दूसरे की दाढ़ी थी। इसका कैप्शन प्वॉइंट-ब्लैंक शॉट था। श्रीनेत के शेयर किए गए वीडियो में असम की भारतीय जनता पार्टी का एक्स अकाउंट नजर आ रहा है। कांग्रेस प्रवक्ता ने लिखा कि यही है असली बीजेपी: सामूहिक हत्यारे। यह जहर, नफरत और हिंसा आप पर है, मिस्टर मोदी। उन्होंने पूछा कि क्या अदालतें और अन्य संस्थाएं सो रही हैं।

**उप्र आक्रांताओं...** कराई गई हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि पिछली सरकार ने पीएसी को बंदी की कगार पर पहुंचा दिया था, लेकिन अब प्रदेश में 34 वाहिनियां सक्रिय हैं, जिनमें तीन नई महिला बटालियन-उदा देवी, झलकारी बाई और अवंती बाई-शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि उप्र अब अपनी सांस्कृतिक पहचान को मजबूती दे रहा है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नेतृत्व में 'विकसित भारत' के संकल्प का उल्लेख किया और आजादी के अमृत महोत्सव की भावना को आगे बढ़ाने की बात कही। योगी ने कहा कि बहराइच में महाराज सुहेलदेव का भव्य स्मारक बनाया गया है और उनके नाम पर विश्वविद्यालय की स्थापना की गई है। मुख्यमंत्री ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि कुछ दल राम मंदिर, काशी विश्वनाथ, कांवड़ यात्रा, दीपोत्सव और रंगोत्सव जैसे आयोजनों का विरोध करते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने सुप्रीम कोर्ट में भगवान राम के अस्तित्व पर सवाल उठाए थे और समाजवादी पार्टी ने रामभक्तों पर गोलियां चलवाई थीं। योगी ने कहा कि हिंदुस्तान में रहकर राष्ट्रगीत गाने में दिक्कत होना संविधान और बाबा साहेब का अपमान है। उन्होंने कहा कि भारत की आत्मा उप्र में बसती है और प्रदेश की सेवा करना उनके लिए गौरव की बात है। सरकार ने गुलामी की मानसिकता से मुक्ति का मार्ग अपनाया है और सभी तीर्थस्थलों के विकास के लिए व्यापक कार्य किए हैं। अपने संबोधन के अंत में मुख्यमंत्री ने दोहराया कि उप्र नए भारत के निर्माण में अग्रणी भूमिका निभा रहा है और सरकार विकास, सुरक्षा और सांस्कृतिक गौरव के एजेंडे पर प्रतिबद्ध है।

# फॉर्म-7 के जरिए पीडीए के वोटों की टार्गेटेड डकैती हो रही: अखिलेश

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया को लेकर चुनाव आयोग और भाजपा पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा है कि डेटा में साफ दिख रहा है कि पीडीए के वोटों की टार्गेटेड डकैती हो रही है।

फॉर्म-7 के जरिए सुनियोजित तरीके से लोगों के नाम मतदाता सूची से हटाए जा रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि फर्जी हस्ताक्षर कर बड़ी संख्या में मतदाताओं, खासकर मुस्लिम समुदाय के लोगों के नाम काटे गए हैं। सोमवार को पार्टी मुख्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में अखिलेश यादव ने कहा कि कई मामलों में अज्ञात व्यक्तियों के नाम से आवेदन देकर मतदाताओं के नाम हटाए गए हैं। उन्होंने दावा किया कि गोविद राय के फर्जी हस्ताक्षर का इस्तेमाल कर 16 मतदाताओं के नाम हटाए गए, जबकि बाबागंज विधानसभा क्षेत्र में फर्जी हस्ताक्षर के जरिए फॉर्म-7 भरकर करीब 100 वोट काट दिए गए। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि भुरीपुरा विधानसभा क्षेत्र में समाजवादी पार्टी से जुड़े अतीक अहमद का भी वोट इसी प्रक्रिया के तहत कटवा दिया गया।

# यूपी में 10 अप्रैल को जारी होगी अंतिम मतदाता सूची: नवदीप रिणवा

वाराणसी, वार्ता

राज्य में एसआईआर प्रक्रिया अभी जारी, कुछ नोटिसों का हो चुका समाधान

उप्र के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा सोमवार को काशी पहुंचे। चौका घाट स्थित सांस्कृतिक संकुल में उन्होंने विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के संबंध में विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बताया कि उप्र में एसआईआर प्रक्रिया पूरी होने के बाद 10 अप्रैल को अंतिम मतदाता सूची जारी की जाएगी। कुछ लोगों में इस बात को लेकर स्पष्टता नहीं है कि एसआईआर अभी हुआ नहीं है।

कई लोग कह रहे हैं कि एसआईआर हो गया, जबकि अभी दावा-आपत्ति, नोटिस जारी करने और सुनवाई का चरण ही चल रहा है। रिणवा ने कहा कि ड्राफ्ट सूची प्रकाशित होने से पारदर्शिता आई है। फॉर्म-7 कोई भी भर दे और किसी का नाम कट जाए, ऐसा नहीं होता। पूरी प्रक्रिया व्यवस्थित और पारदर्शी तरीके से चल रही है। उन्होंने बताया कि सोमवार को राजनीतिक दलों के साथ बैठक हुई, जिसमें सभी के सुझाव सुने गए। ब्लॉक-स्तरीय अधिकारी (बीएलओ) के अनुभव भी लिए जा रहे हैं, ताकि फील्ड में आने वाली दिक्कतों और कठिनाइयों का समाधान किया जा सके। कुछ दिनों पूर्व भारतीय जनता पार्टी के मंत्री रविंद्र जायसवाल ने नौ हजार से अधिक डुप्लीकेट वोटर अपने उत्तर विधानसभा क्षेत्र में होने का आरोप लगाते हुए इसे 'वोट जिहाद' का नाम दिया था। इस संबंध में पूछे जाने पर मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने कहा कि मुझे इसकी विस्तृत जानकारी नहीं है, जिला निर्वाचन अधिकारी सत्येंद्र कुमार इससे बेहतर बता सकते हैं। इस पर जिला निर्वाचन अधिकारी सत्येंद्र कुमार ने बताया कि पहले चरण में प्राप्त 4,300 लोगों की सूची में से केवल 8 वोटर डुप्लीकेट पाए गए हैं। शेष दूसरी सूची का सत्यापन कराया जा रहा है। रिणवा ने आगे बताया कि भारत निर्वाचन आयोग ने 27 अक्टूबर 2025 को विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) शुरू करने की घोषणा की थी। 4 नवम्बर से इसका पहला चरण शुरू हुआ। उप्र के सभी मतदाताओं को 27 अक्टूबर 2025 तक की मतदाता सूची के आधार पर गणना फॉर्म छपवाकर बीएलओ के माध्यम से घर-घर पहुंचाया गया। मतदाताओं ने फॉर्म भरकर हस्ताक्षर किए। यह चरण 26 दिसम्बर तक चला। छह जनवरी 2026 को उप्र की ड्राफ्ट मतदाता सूची प्रकाशित की गई, जिसमें लगभग 12 करोड़ 55 लाख 56 हजार नाम शामिल हुए। गणना शुरू होने पर कुल 15 करोड़ 44 लाख के करीब नाम थे। इस प्रकार ड्राफ्ट सूची से करीब 2 करोड़ 88 लाख नाम हटाए गए। ये नाम विभिन्न कारणों से हटाए गए, जैसे मृत्यु हो जाना, एक से अधिक स्थान पर नाम दर्ज होना, घर बदलकर कहीं और चले जाना या संपर्क न होने पर 'लापता' श्रेणी में रखा जाना।

# अफगानिस्तान ने चखा जीता का स्वाद




### अजमतुल्लाह उमरजेई ने चार विकेट व नाबाद 40 रन, इब्राहिम जादरान ने 53 रन और दरवेश रसूली ने 33 रनों की शानदार पारियां खेली

नई दिल्ली, वार्ता। अजमतउल्लाह ओमरजई (चार विकेट/ नाबाद 40 रन), इब्राहिम जदरान (53) और दरवेश रसूली (33) के शानदार प्रदर्शन की बदौलत अफगानिस्तान ने सोमवार को टी-20 विश्वकप के 28वें मुकाबले में संयुक्त अरब अमीरात को चार गेंदें शेष रहते पांच विकेट हरा कर टूर्नामेंट में पहली जीत दर्ज की। 161 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी अफगानिस्तान की शुरुआत अच्छी नहीं हुई और उसने पहले ही ओवर में रहमानउल्लाह गुरबाज (शून्य) का विकेट गंवा दिया। इसके बाद इब्राहिम जदरान और गुलबदीन नईब की जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 40 रन जोड़े। छठे ओवर में मुहम्मद इरफान ने गुलबदीन नईब (13) को आउटकर इस साझेदारी का अंत किया। सेदिकुल्लाह अटल (16) रन बनाकर तीसरे विकेट के रूप में आउट हुए। इस दौरान इब्राहिम जरदान एक छोर थामे रन बनाते रहे और उन्होंने अपना अर्द्धशतक भी पूरा किया। 14वें ओवर में इरफान ने इब्राहिम जदरान को आउटकर अफगानिस्तान को बड़ा झटका दिया। इब्राहिम जरदान 41 गेंदों में छह चौके और एक छक्का लगाते हुए 53 रनों की पारी खेली। डरविश रसूली ने 23 गेंदों में तीन चौके ओर एक छक्का लगाते हुए 33 रन बनाए। अफगानिस्तान ने 19-2 ओवर में पांच विकेट पर 162 रन बनाकर मुकाबला पांच विकेट से अपने नाम किया। अजमतउल्लाह ओमरजई ने 21 गेंदों में दो चौके और तीन छक्के लगाते हुए नाबाद 40 रनों की मैच विजई पारी खेली। यूएई के लिए जुनैद सिद्दीकी और मुहम्मद इरफान ने दो-दो विकेट लिए। मुहम्मद जवादुल्लाह ने एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले आज यहां सोहैब खान (68) और आलीशान शराफू (40) की शानदार बल्लेबाजी के दम पर संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने अफगानिस्तान के खिलाफ नौ विकेट पर 160 रनों का स्कोर खड़ा किया। अफगानिस्तान ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी यूएई की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 13 के स्कोर पर अपने दो विकेट गंवा दिए। आर्यंश शर्मा (शून्य), कप्तान मुहम्मद वसीम (10) रन बनाकर आउट हुए। सोहैब खान और आलीशान शराफू की जोड़ी ने पारी को संभाला और तीसरे विकेट के लिए 84 रन जोड़े। 12वें ओवर में मुजीब उर रहमान ने आलीशान शराफू को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। आलीशान शराफू ने 31 गेंदों में तीन चौके और दो छक्के उड़ाते हुए 40 रनों की पारी खेली।

## टी-20 क्रिकेट में 700 विकेट लेने वाले पहले गेंदबाज बने राशिद खान



नई दिल्ली, वार्ता। अफगानिस्तान के कप्तान राशिद खान टी-20 क्रिकेट में 700 विकेट लेने वाले पहले गेंदबाज बन गए हैं। राशिद ने आज यहां संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के खिलाफ टी-20 विश्व कप मैच में मोहम्मद अरफान को आउट कर यह उपलब्धि हासिल की। मैच से पहले राशिद के नाम 699 विकेट थे। उन्होंने यूएई की पारी के 16वें ओवर में अरफान को हिट विकेट कराकर अपना ऐतिहासिक 700वां विकेट लिया। अफगानिस्तान के कप्तान को इस मील के पत्थर तक पहुंचने के लिए थोड़ा इंतजार करना पड़ा। पिछले सप्ताह दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ उन्होंने 698वां और 699वां विकेट लिया था, लेकिन इस मैच में शुरुआती 3-2 ओवर उनके बिना सफलता के गए। उन्होंने पहले 20 गेंदों में 17 रन दिए। फिर अरफान रिवर्स स्वीप खेलने के लिए घूमे, लेकिन शॉट को मिस किया और फिर बैलेंस होने के चक्कर में स्टंप को टच कर बैठे। इस मामले में संन्यास ले चुके ब्रावो 631 विकेट के साथ दूसरे स्थान पर हैं।

---

### संक्षिप्त खेल समाचार

#### दिल्ली सरकार ने तीन खो-खो विश्व कप विजेताओं को 75-75 लाख रुपये दिए

नई दिल्ली, वार्ता। खो खो विश्वकप 2025 में को भाग ले चुके दिल्ली के तीन खो-खो खिलाड़ियों, मेहुल, अंशु कुमारी और नसरीन, को मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने 75-75 लाख रुपये के नकद पुरस्कार से सम्मानित किया। श्रीमती रेखा गुप्ता ने शुक्रवार को दिल्ल खेल महाकुंभ के उद्घाटन के समय अवसर इन खिलाड़ियों को ये नकद पुरस्कार दिये। भारत ने इस उद्घाटन टूर्नामेंट में पुरुष और महिला दोनों वर्गों में खिताब जीता। यह प्रतियोगिता 13 से 19 जनवरी 2025 तक नई दिल्ली के आईजी स्टेडियम में आयोजित की गई थी, जिसमें 23 देशों की 20 पुरुष और 19 महिला टीमें शामिल हुईं, सभी छह महाद्वीपों से प्रतिनिधित्व मिला। 21 वर्षीय मेहुल ने इस वर्ष ओपन स्कूलिंग के माध्यम से कक्षा 12 की परीक्षा दी है।

#### शिकोंगो चोटिल नामीबिया ने एलेक्स वोल्शेंक को बुलाया

कोलंबो, वार्ता। नामीबिया ने भारत और श्रीलंका में चल रहे टी-20 विश्व कप 2026 के बाकी मैचों के लिए बेन शिकोंगो की चोट के कारण उनकी जगह एलेक्स वोल्शेंक को बुलाया है। 12 फरवरी को भारत के खिलाफ मैच में दाहिनी जांघ में चोट लगने के कारण शिकोंगो के बाहर होने पर आईसीसी ने वोल्शेंक को रिप्लेसमेंट के तौर पर मंजूरी दी है। नामीबिया का आखिरी मैच 18 फरवरी को कोलंबो में पाकिस्तान के खिलाफ होगा। स्कॉटलैंड ने सफ्यान शरीफ की जगह जैक जार्विस को अपनी टीम में शामिल किया है। जार्विस ने स्कॉटलैंड के लिए आठ टी-20 मैच खेले हैं और वह पहले से ही टीम के साथ ट्रैवलिंग रिजर्व के तौर पर थे। 12 फरवरी को टीम ट्रेनिंग सेशन के दौरान सीमर शरीफ के दाहिने ग्रो. इन में चोट लग गई।

# सूर्या ने इशान किशन बल्लेबाजी-गेंदबाजी को सराहा



● पाक पर 61 रनों की जीत दर्ज करने के बाद कहा कि यह जीत भारत के लिए है

कोलंबो, वार्ता। भारतीय टी-20 टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव ने पाकिस्तान के खिलाफ शानदार बल्लेबाजी करने इशान किशन और गेंदबाजों की सराहना की। पाकिस्तान पर 61 रनों से जीत दर्ज करने के बाद सूर्यकुमार ने कहा कि यह जीत के लिए भारत के लिए है। लेकिन हम इसी तरह की क्रिकेट खेलना चाहते हैं और टॉस के दौरान जैसा कि मैंने कहा था कि हम पहले बल्लेबाजी ही करना चाहते थे। शुरुआत में हमने विकेट गंवा दिया था लेकिन किशन ने बढ़िया बल्लेबाजी की। 155 का स्कोर मुकाबले को करीबी बना सकता था लेकिन 175 पार स्कोर था।

तिलक, रिंकू, शिवम सबने बढ़िया बल्लेबाजी की और गेंदबा. जी में सभी ने अच्छा प्रदर्शन किया। वहीं प्लेयर ऑफ द मैच इशान किशन ने कहा कि विकेट इतनी आसान नहीं थी लेकिन आपको अपने आप पर विश्वास रखना होता है इसलिए मैं केवल गेंद को देखकर खेलने का प्रयास कर रहा था। मैंने ऑफ साइड गेम पर बेहद काम किया है, यह बड़ा ग्राउंड है और यहां गैप भी मिलता है इसलिए मैं गैप में खेलने की कोशिश कर रहा था। भारत बनाम पाकिस्तान मुकाबले हमेशा खास होता है, न केवल हमारे लिए बल्कि हमारे देश के लिए भी। उनकी टीम में काफी अच्छे स्पिनर थे और इस जीत से हमें टूर्नामेंट में आगे के लिए काफी आत्मविश्वास मिलेगा।

## आक्रामक बल्लेबाजी से पहले क्रीज पर समय बिताए अभिषेक शर्मा : रवि शास्त्री

कोलंबो, वार्ता। भारतीय टीम के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री ने सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा अपनी पारी की शुरुआत में अधिक धैर्य रखने की सलाह दी है। पाकिस्तान पर भारत की 61 रन की जबरदस्त जीत के दौरान अभिषेक बिना किसी रन के आउट होने पर शास्त्री ने कहा कि अभिषेक को आक्रामक बल्लेबाजी से पहले क्रीज पर अधिक समय बिताने की सलाह दी है। आईसीसी ने शास्त्री के हवाले से कहा कि मुझे लगता है कि वह खेलने लायक है, लेकिन उसे स्वयं को थोड़ा और समय देना होगा। ऐसी चीजे होती हैं, और आप गुस्से में आ सकते हैं, लेकिन उसे वापस पटरी पर आने तक खुद को थोड़ा और समय देना होगा। उन्होंने कहा कि क्योंकि उसके लिए बाद में उन डॉट बॉल को बाउंड्री और छक्के में बदलना मुश्किल नहीं है। इसके उलट, विकेटकीपर-बल्लेबाज ईशान किशन शानदार फॉर्म में हैं, उन्होंने पाकिस्तान के खिलाफ 40 गेंदों पर 77 रन बनाकर प्लेयर ऑफ द मैच का अवॉर्ड जीता, यह टूर्नामेंट में उनका लगातार दूसरा अर्द्धशतक है। किशन के प्रदर्शन की तारीफ करते हुए शास्त्री ने कहा कि वह इस समय सपने जैसी बल्लेबाजी कर रहा है। उस ट्रैक पर 200 के करीब की रफ्तार से बल्लेबाजी करना अविश्वसनीय है। हर बल्लेबाज को यह आसान नहीं लगा क्योंकि गेंद रुक रही थी, और जिस तरह से उसने बल्लेबाजी की तथा जिस तेजी से उसने हालात का अंदाजा लगाया, वह बहुत बढ़िया था।

# देवदत्त पड़िक्कल का दोहरा शतक, कर्नाटक ने बनाए 686/6



● देवदत्त पड़िक्कल की 232 रनों की पारी की बदौलत कर्नाटक ने सेमीफाइनल में अपनी स्थिति मजबूत कर ली

लखनऊ, वार्ता। देवदत्त पड़िक्कल (232) और आर स्मरण (नाबाद 121) की शानदार पारियों की बदौलत कर्नाटक ने रणजी ट्रॉफी के पहले सेमीफाइनल के दूसरे दिन सोमवार को उत्तराखंड के खिलाफ स्टंप के समय छह विकेट पर 689 रन बनाकर अपनी स्थिति मजबूत कर ली है।

आज यहां कर्नाटक ने कल के दो विकेट पर 355 रनों से आगे खेलना शुरु किया। सुबह के सत्र में कर्नाटक का तीसरा विकेट करुण नायर (60) के रूप में गिरा। इसके बाद कप्तान देवत्त पडिक्कल ने अपना दोहरा शतक पूरा किया। वह चौथे विकेट के रूप में आउट हुए। उन्होंने 330 गें. दों में 29 चौके और तीन छक्कों की मदद से 232 रन की पारी खेली। श्रेयस गोपाल (शून्य) और कृतिक कृष्णा (60) रन बनाकर आउट हुए। दिन का खेल समाप्त होने के समय कर्नाटक ने छह विकेट पर 689 रन बना लिए थे। आर स्मरण (नाबाद 121) और विद्याधर पाटिल (नाबाद 35) क्रीज पर मौजूद है। उत्तराखंड के लिए आदित्य रावत ने तीन विकेट लिए। अभय नेगी, अवनीश सुधा और लक्ष्य रायचंदानी ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

# चोटिल हेजलवुड विश्वकप से हुए बाहर




● जॉश हेजलवुड की जगह स्टीव स्मिथ को टीम में शामिल किया गया है

पल्लेकेले, वार्ता। ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउडर जॉश हेजलवुड पिंडली की चोट के कारण टी-20 विश्वकप 2026 से बाहर हो गए है। उनकी जगह टीम में स्टीव स्मिथ को शामिल किया गया है। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने सोमवार को हेजलवुड के रिप्लेसमेंट के लिए मंजूरी दे दी। हेजलवुड की जगह स्टीव स्मिथ को टीम में शामिल किया गया है। इसी के साथ हेजलवुड पिंडली की चोट के कारण टूर्नामेंटआधिकारिक रूप से बाहर हो गए हैं। ऑस्ट्रेलियाई चयनकर्ताओं ने हेजलवुड को टीम में जगह दी थी और टीम के चिकित्सा दल को उम्मीद थी कि वह टूर्नामेंट में खेलने के लिए समय पर फिट हो जाएंगे, लेकिन वे कामयाब नहीं हुए। आईसीसी की तकनीकी समिति ने हेजलवुड के रिप्लेसमेंट की मंजूरी दी है। इसी के आधार पर स्टीव स्मिथ को आधिकारिक रूप से टीम में शामिल कर लिया गया।

# पाक के पूर्व कप्तान इमरान खान अस्पताल में भर्ती



● अस्पताल में भर्ती का फैसला विपक्ष द्वारा लगातार पाक सरकार पर बनाए जा रहे दबाव के बीच लिया गया

लाहौर, वार्ता। पाकिस्तान के पूर्व कप्तान और प्रधानमंत्री इमरान खार को स्वास्थ्य चिंताओं के बीच अस्पताल में भर्ती कराया जाएगा। सरकार के मंत्री तारीक फजल चौधरी ने इमरान खान के स्वास्थ्य को लेकर जानकारी देते हुए सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि उनके स्वास्थ्य को देखते हुए उन्हें मेडिकल बोर्ड से अस्पताल में भर्ती करने का फैसला किया गया है। यह फैसला विपक्ष द्वारा लगातार पाकिस्तानी सरकार पर बनाए जा रहे दबाव के बीच लिया गया है। इमरान की सेहत को लेकर दिग्गज तेज गेंदबाज वसीम अकरम और वकार यूनिस ने भी आवाज उठाई थी।

दोनों पूर्व क्रिकेटरों ने मांग की है कि जेल में बंद इमरान को बेहतर इलाज मुहैया कराया जाए। खबरों के अनुसार, 73 वर्षीय के इमरान की दाईं आंख की रोशनी खराब हो गई है। उनकी कानूनी टीम का दावा है कि पिछले कई महीनों से अकेले कैद काट रहे इमरान की आंखों में इंफेक्शन हुआ है। अकरम ने एक्स पर लिखा कि अपने कप्तान इमरान खान की सेहत और उनकी तकलीफों के बारे में जानना उनके लिए बेहद तकलीफदेह है। उन्होंने कहा, ''मैं दिल से गुजारिश करता हूं कि जिम्मेदार अधिकारी इस मामले को पूरी संजीदगी से लें और उन्हें बेहतरीन मेडिकल सुविधाएं मुहैया कराएं। मेरी दुआएं उनके साथ हैं कि वे जल्द सेहतमंद हों और वह दोबारा पहले की तरह सेहतमंद हो जाएं। वकार ने लिखा कि राजनीति से अलग हटकर देखें तो हमारे राष्ट्रीय नायक, जिन्होंने हमें खेल के मैदान पर हमारी सबसे बड़ी गौरवपूर्ण जीत दिलाई, एक कैंसर अस्पताल बनाया, जिसने मेरी मां सहित अनगि. नत लोगों की मदद की, आज स्वास्थ्य आपात स्थिति से जूझ रहे हैं और उन्हें तुरंत उपचार की आवश्यकता है।

मैं विनम्रतापूर्वक संबंधित अधिकारियों से अनुरोध करता हूं कि उन्हें समय पर उचित इलाज उपलब्ध कराया जाए। जल्दी स्वस्थ हो जाइए कप्तान। शोएब अख्तर ने कहा, ध्इनकी आंख की रोशनी जाने की खबर सुनकर मुझे गहरा दुख हुआ है उम्मीद है उन्हें सही और सबसे बढ़िया इलाज मिलेगा और मैं उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। शाहिद अफरीदी ने कहा कि चिकित्सा सुविधा तक पहुंच मूल अधिकार है और इसे उपलब्ध कराया जाना चाहिए। रमीज राजाने कहा कि उन्हें उम्मीद है 'मानवता की जीत होगी।' उन्होंने लिखा कि इमरान खान को पीड़ा में देखना और एक आंख की दृष्टि खोना भावनात्मक रूप से झकझोर देने वाला है।

---

# इटली को हराकर इंग्लैंड सुपर-8 में पहुंचा




● इंग्लैंड ने टी-20 विश्व कप के 29वें मैच में इटली पर 24 रनों से संघर्षपूर्ण जीत दर्ज की

कोलकाता, वार्ता। विल जैक्स (नाबाद 53/ एक विकेट), टॉम बैंटन (30) और फिल सॉल्ट (28) रन के बाद जेमी ओवर्टन और सैम करन (तीन-तीन विकेट) की बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत इंग्लैंड ने टी-20 विश्व. कप के 29वें मुकाबले में इटली पर संघर्षपूर्ण मुकाबले में 24 रनों से जीत दर्ज की।

इस जीत के साथ ही इंग्लैंड ने सुपर आठ में जगह बना ली है। 203 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी इटली शुरुआत बेहद खराब हुई और उसने महज 22 रन के स्कोर तक अपने तीन विकेट गंवा दिये। इसके बाद जस्टिन मोस्का और बेंजमिन मनेंटी जोड़ी ने पारी को संभाला और चौथे विकेट लिए 92 रन जोड़े। 12वें ओवर में विल जैक्स ने बेंजमिन मनेंटी को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। मनेंटी ने 25 गेंदों चार चौके और छह छक्के लगाते हुए 60 रनों की पारी खेली। ग्रांट स्टुअर्ट 23 गेंदों में 45 रन बनाकर 19वें ओवर में आउट हुए। उन्होंने अपनी पारी में पांच छक्के और दो चौके लगाये। कप्तान हैरी मनेंटी और जसप्रीत लसह 12-12 रन बनाकर आउट हुए। मैच की आखिरी गेंद पर जेमी ओवर्टन ने अली हसन को बोल्ड कर 178 रन के स्कोर पर इटली की पारी का अंत कर मुकाबला 24 रनों से अपने नाम कर लिया। इंग्लैंड के लिए जेमी ओवर्टन और सैम करन (तीन-तीन विकेट) लिए। जोफ्रा आर्चर को दो विकेट मिले। विल जैक्स और आदिल राशीद ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले आज यहां इंग्लैंड ने इटली के खिलाफ सात विकेट पर 202 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। टॉस जीतकर इंग्लैंड ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी इंग्लैंड ने इटली के गेंदबाजों के खिलाफ आक्रामक बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए तेजी के साथ रन बटोरे। हालांकि इस दौरान उसने लगातार विकेट भी गंवाये। जॉस बटलर (तीन) तीसरे ओवर में पहले विकेट के रूप में आउट हुए। फिल सॉल्ट ने 18 गेंदों में 28 रन बनाये। जेकब बेथेल (23), कप्तान हैरी ब्रूक (14) और टॉम बैंटन 21 गेंदों में 30 रन बनाकर आउट हुए उस समय टीम का स्कोर पांच विकेट पर 105 रन था।

ऐसे संकट के समय विल जैक्स ने मोर्चा संभाला और विस्फोटक बल्लेबाजी करते हुए तेजी के साथ रन बटोरे। सैम करन (25) और जेमी ओवर्टन (15) रन बनाकर आउट हुए। इंग्लैंड ने निर्धारित 20 ओवरों में सात विकेट पर 202 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। विल जैक्स 22 गेंदों में तीन चौके और चार छक्के लगाते हुए नाबाद 53 रनों की अर्धशतकीय पारी खेली। इटली के लिए ग्रांट स्टुअर्ट और कृष्णा कालुगामगे ने दो-दो विकेट लिए।

# शमी-मुकेश ने जेके को दिए झटके




● बंगाल ने रणजी ट्रॉफी के दूसरे सेमीफाइनल में दिन का खेल समाप्त होने के समय तक जम्मू-कश्मीर के 198 पर पांच विकेट झटक कर मैच पर पकड़ बना ली

कल्याणी, वार्ता। मोहम्मद शमी (तीन विकेट) और मुकेश कुमार (दो विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के दम पर बंगाल ने सोमवार को रणजी ट्रॉफी के दूसरे सेमीफाइनल में दिन का खेल समाप्त होने के समय जम्मू-कश्मीर के 198 पर पांच विकेट झटक मैच पर अपनी पकड़ बना ली है।

यहां बंगाल कल के पांच विकेट पर 249 रन से आगे खेलना शुरु किया। सुबह के सत्र में आकिब नबी ने सुदीप कुमार घरामी (146) रन को आउटकर बंगाल को छठा झटका दिया। इसके बाद बंगाल महज 59 रन जोड़कर शेष अपनी चारों विकेट गंवा दिए। बंगाल की पूरी टीम 97-1 ओवर में 328 पर सिमट गई। जम्मू-कश्मीर के लिए आकिब नबी ने पांच विकेट लिए। सुनील कुमार को दो विकेट मिले। युद्धवीर सिंह चरक और आबिद मुश्ताक ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इसके बाद बल्लेबाजी करने उतरी जम्मू कश्मीर को मोहम्मद शमी और मुकेश कुमार ने शुरुआती तीन विकेट महज 13 रन के स्कोर पर झटक लिए। इसके बाद कप्तान पारस डोगरा और अब्दुल समद ने पारी को संभाला और 143 रन जोड़े। अब्दुल समद (82) को मोहम्मद शमी ने 40वें ओवर में आउट किया। अगले ही ओवर में मुकेश कुमार ने पारस डोगरा (58) का शिकार कर लिया। दिन का खेल समाप्त होने के समय जम्मू-कश्मीर ने पांच विकेट पर 198 रन बना लिए है। कन्हैया वधावन नाबाद (10) और आबिद मुश्ताक (नाबाद 26) क्रीज पर मौजूद थे।

# चार दिन बाद गंगनहर से मढियाई के सामने मिला बिनेश का शव

### मवी मीरा गांव निवासी ने दौराला गंगनहर पुल से कूदकर दी थी जान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** मवी मीरा गांव निवासी बिनेश की गंगनहर में डूबने की घटना का दुखद अंत सोमवार को हुआ। चार दिन से चल रही तलाश के बाद उसका शव मंढियाई गांव के निकट गंगनहर से बरामद कर लिया गया। शव मिलने की खबर से परिजनों में चीख-पुकार मच गई और गांव में शोक की लहर दौड़ गई।

जानकारी के अनुसार, बिनेश ने चार दिन पहले सरधना पुल से गंग. नहर में छलांग लगा दी थी। घटना से पहले उसने अपनी शाल और चप्पल पुल की रेलिंग पर उतारकर रख दी थीं। परिजनों ने इन्हीं सामानों के आधार पर उसकी पहचान की थी। सूचना मिलते ही पुलिस ने पीएसी के गोताखोरों की मदद से सर्च ऑपरेशन शुरू कराया था। तीन दिन तक स्टीमर और गोताखोरों की टीम नहर में तलाश करती रही, लेकिन सफलता नहीं मिली। सोमवार को दोपहर करीब तीन बजे मंढियाई गांव के पास नहर में एक शव दिखाई देने पर गोताखोरों ने उसे बाहर निकाला। मौके पर पहुंचे परिजनों ने शव की शिनाख्त बिनेश के रूप में की। पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई करते हुए पंचनामा भर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उधर, दिनेश का शव देखते ही परिवार में कोहराम मच गया। परिजन बेसुध हो गए और गांव में मातमी सन्नाटा पसर गया। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। घटना से लोगों में चर्चा है।

# कचहरी को मिली फिर बम से उड़ाने की धमकी

### जिला जज के साथ ही सेशन न्यायालय भी कराई खाली , मची अफरा-तफरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** जिला एवं सत्र न्यायालय को बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद एक बार फिर खाली करा दिया गया। इसके बाद पूरी कचहरी में अफरा तफरी मच गई। अधिवक्ता अपने चैंबरों से बाहर आ गए। कचहरी में तारीख पर आए लोग भी वापस जाने लगे।

कचहरी के मुख्य ई मेल आईडी पर सुबह यह धमकी भरा मेल दिखा तो खलबली मच गई। आनन- फानन में सीओ सिविल लाइन अभिषेक तिवारी कचहरी पहुंच गए। उन्होंने बॉम्ब स्क्वाड, डॉग स्क्वाड के साथ ही कोर्ट और कचहरी का पुलिस बल भी इकट्ठा कर लिया। कचहरी की मेल पर जो ईमेल आया था, उसमें 11:20 का समय भी खोला गया था। इसको देखते ही अफसर एक्टिव हो गए। उन्होंने कोर्ट में पहुंचकर तुरंत उन्हें खाली करना शुरू कर दिया। बकायदा कचहरी से जुड़े जितने भी ईमेल थे, सभी पर अलर्ट जारी कर दिया गया। उन्होंने जिला एवं सत्र न्यायालय, 14 सत्र न्यायालय के सभी तल, 11, 12 और 13 सत्र न्यायालय को भी खाली करा दिया। हर कोर्ट के गेट पर पुलिस बल तैनात कर दिया गया, ताकि कोई अंदर प्रवेश न कर सके।

#### देखते देखते सभी न्यायालय हो गए खाली

अफसर जिला जज कोर्ट के ठीक सामने बने लोन में एकत्र हो गए। इसके बाद सभी न्यायालय को खंगाला गया। बम स्क्वॉड और डॉग स्क्वायड ने कोना-कोना खंगाला। अन्य दिनों के मुकाबले आज पुलिस बल भी कई गुना अधिक दिखाई दिया। मंगलवार को यहां बार के चुनाव होने हैं, ऐसे में इस धमकी को और ज्यादा गंभीरता से लिया जा रहा है। निगरानी के लिए ड्रोन ने भी उड़ान भरी है। यहां अलेक्जेंडर क्लब के परिसर से पुलिस ने ड्रोन उड़ाया और न केवल पूरी कचहरी बल्कि आठ मंजिला सत्र न्यायालय की भी ड्रोन की मदद से निगरानी की। इस दौरान सीओ सिविल लाइन मौजूद रहे।





**कचहरी में मिली धमकी के बाद पुलिस ने सोमवार को पूरे दिन परिसर को छावनी बनाए रखा व ड्रोन उड़ाकर निगरानी की।**

# सरूरपुर थाने में शांति समिति की बैठक में सौहार्द के साथ त्योहार मनाने की अपील



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरूरपुर।** आगामी त्योहारों के मद्देनजर सरूरपुर थाने में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता क्षेत्रधिकारी सरधना एवं थाना प्रभारी गौरव सिंह ने संयुक्त रूप से की।

बैठक में क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों, धर्मगुरुओं, ग्राम प्रधानों और संभ्रांत लोगों ने भाग लिया। इस अवसर पर क्षेत्रधिकारी सरधना ने कहा कि सभी लोग आपसी भाईचारे और सौहार्द के साथ त्योहार मनाएं तथा किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें। उन्होंने सोशल मीडिया पर भ्रामक संदेशों से बचने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को देने की अपील की। थाना प्रभारी गौरव सिंह ने स्पष्ट किया कि कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि त्योहारों के दौरान क्षेत्र में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात रहेगा और संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी। बैठक के अंत में उपस्थित लोगों ने प्रशासन को सहयोग का आश्वासन दिया और क्षेत्र में शांति एवं सद्भाव बनाए रखने का संकल्प लिया।

# सजावटी सामान बेचने के नाम पर ऑनलाइन ठगी करने वाले गैंग का खुलासा, चार दबोचे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुंडाली/मेरठ।** मुंडाली थाने की पुलिस ने सर्विलांस सेल की मदद से एक ऐसे गैंग का खुला. सा किया है, जो घरेलू सजावटी सामान बेचने के नाम पर दर्जनों लोगों को ऑनलाइन लाखों का चूना लगा चुका है। आरोपियों के कब्जे से भारी मात्रा में सजावट का सामान और ठगी के लिए प्रयुक्त होने वाले उपकरण बरामद किए गए हैं।

एसएसपी अविनाश पांडे ने पुलिस लाइन में पत्रकार वार्ता करते हुए बताया कि अलग-अलग राज्यों और जिलों के रहने वाले एक दर्जन व्यक्तियों ने साइबर क्राइम के ऑनलाइन पोर्टल पर खुद से ठगी की शिकायत की थी। जिसमें बताया गया था कि कुछ लोगों ने सजावटी सामान बेचने के नाम पर उन्हें चूना लगाया है। सर्विलांस सेल की मदद लेते हुए पुलिस ने मुंडाली के अजराड़ा गांव के रहने वाले सलमान, सलीम, मतलूब और जीशान को गिरफ्तार किया। जिनके कब्जे से नौ मोबाइल और भारी मात्रा में सजावट का सामान बरामद किया गया। पूछताछ में बदमाशों ने बताया कि अजराड़ा गांव सजावटी सामान बनाने के लिए देश भर में मशहूर है। जिसका फायदा उठाकर उन्होंने सोशल मीडिया से ऐसे सामान के वीडियो उठाकर एडिटिंग की।



इसके बाद अपने पास इस सामान की मैन्युफैक्चरिंग बता कर विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर विज्ञापन डाले। विज्ञापन के जरिए लोगों ने उनसे संपर्क किया तो सामान बेचने के नाम पर उन्होंने ऑनलाइन पैसे ट्रांसफर करा लिए, मगर सामान नहीं भेजा। एसएसपी ने बताया कि आरोपी पिछले दो साल से ठगी का काम कर रहे हैं। फिलहाल 12 लोगों से ठगी की बात सामने आई है। जांच हो रही है कि आरोपी कितने लोगों को अपना शिकार बना चुके हैं।

## मांग पूरी नहीं हुई तो कल गढ़मुक्तेश्वर में आत्मदाह करेंगे किसान, मची खलबली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ/गढ़मुक्तेश्वर।** भारतीय किसान यूनियन संघर्ष राजनीतिक के राष्ट्रीय अध्यक्ष सरनजीत सिंह गुर्जर ने किसानों की समस्याओं, भूमाफिया के कथित आतंक और क्षेत्र में खराब सड़कों की स्थिति को लेकर 18 फरवरी को गढ़मुक्तेश्वर स्थित गुरुद्वारा चौपले पर आत्मदाह करने की चेतावनी दी है। संगठन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष योगेंद्र प्रधान ने जानकारी देते हुए बताया कि इन मुद्दों को लेकर कई बार बड़ी पंचायतें आयोजित की गईं तथा धरना-प्रदर्शन भी किए गए, लेकिन शासन प्रशासन की ओर से अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि यदि 18 फरवरी से पूर्व समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो संगठन के पदाधिकारी और किसान कार्यकर्ता भी राष्ट्रीय अध्यक्ष के साथ आत्मदाह करेंगे किसान संगठन के ऐलान से प्रशासन में हलचल मची है। वहीं खुफिया विभाग के अधिकारियों व पुलिस की किसान नेताओं और कार्यकर्ताओं पर नजर बनी है।

# आरके कॉलेज में चल रहे स्काउट गाइड प्रशिक्षण शिविर का समापन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किठौर।** मेरठ-गढ़ मार्ग स्थित आरके ग्रुप ऑफ कॉलेज में आयोजित पांच दिवसीय स्काउट गाइड प्रशिक्षण शिविर का सोमवार को भव्य समापन हो गया। शिविर के अंतिम दिन अतिथियों ने विभिन्न गतिविधियों का निरीक्षण किया और प्रतिभागियों से प्रशिक्षण अनुभवों की जानकारी प्राप्त की।

समापन समारोह में मुख्य अतिथि चेयरमैन सलमान मुनकाद ने कहा कि स्काउट-गाइड आंदोलन बच्चों को अनुशासन, सेवा और राष्ट्रभक्ति की भावना से जोड़ता है। उन्होंने बताया कि यह प्रशिक्षण युवाओं को आपात परिस्थितियों में धैर्यपूर्वक कार्य करने, सीमित संसाधनों में भोजन और पानी की व्यवस्था करने तथा दूसरों की सहायता करने की प्रेरणा देता है। शिविर में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली टोली को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर चेयरमैन सलमान मुनकाद, डॉ. फरमान मुनकाद और कमाल मुनकाद ने प्रतिभागियों को प्रतीक चिह्न और मेडल प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया। स्काउट-गाइड प्रशिक्षण शिविर का आयोजन मनमोहन सिंह के निर्देशन में किया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. संजय देशवाल, बीएड विभागाध्यक्ष शाहनवाज खान, संजय कुमार सहित कॉलेज स्टाफ के सदस्य नीतीश कुमार, रईस अहमद, अमित, जावेद अहमद, फरियाद अली, अंकित और शाहरुख खान समेत अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। समारोह का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ और प्रतिभागियों ने भविष्य में भी समाज सेवा के कार्यों में सक्रिय रहने का संकल्प लिया।

## मतदान करने के लिए किया जागरूक




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** नगर के गांधी स्मारक देव नागरी महाविद्यालय में बालिका वर्ग प्रथम इकाई का एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन प्राचार्य डॉ. अशोक राठी ने करते हुए मतदान जागरूकता के बारे में बताया इसके बाद नगर में एक मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई जिसमें स्वयं सेविकाओं ने लोगों को मतदान करने के लिए जागरूक किया। स्वयंसेवी अलशिफा ने लोगों को मतदान की उपयोगिता बताई। इस मौके पर कार्यक्रम प्रभारी डाक्टर अनीता देवी, डाक्टर निशा तेवतिया, स्मिता राय, ममता राव, पिंकी, प्रदीप कुमार आदि मौजूद रहे। वहीं दुसरी इकाई बालक वर्ग के स्वयंसेवकों ने सड़क सुरक्षा जागरूकता रैली निकालकर लोगों को यातायात के नियम बताए ओर उनका पालन करने का आह्वान किया। वहीं रैली में स्वयंसेवक श्लोगन लिखी तख्तियां हाथों में लेकर चल रहे थे। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. ललित शर्मा ने यातायात के नियम बताए ओर सुरक्षित जीवन के लिए उन्हें अपनाने की सलाह दी। इस मौके पर अनिल त्यागी, सुमित, डॉ. कादिर, अभय कुमार, अमन, शाहरुख खान, विकास, प्रशांत आदि का सहयोग रहा। वहीं समीर, अंकित, अंजय, विनय आदि स्वयंसेवक मौजूद रहे।

# बहसूमा पुलिस ने ठगी के 25 हजार आठ सौ पचास रूपए वापस दिलाए

### खाते से साइबर ठगों ने निकाली थी रकम, पीड़ित ने कहा शुक्रिया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** सोमवार को बहसूमा पुलिस ने साइबर ठगी होने के बाद एक पीड़ित के 25850 वापस कराये हैं। बहसूमा पुलिस की साइबर टीम ने यह कार्रवाई की है। ठगों ने पीड़ित के बैंक खाते से यह रकम निकाल ली थी। यह मामला बहसूमा थाना क्षेत्र के तुषार सिंह से जुड़ा है।

ठगों ने तुषार सिंह के बैंक खाता से यह रकम निकाल ली थी। बता दे कि तुषार सिंह कस्बा बहसूमा निवासी के खाते से 25850 रुपए साइबर ठगों द्वारा निकाल लिए थे। आवेदक तुषार सिंह उपरोक्त द्वारा 1930 पर की गई शिकायत जो कि थाना बहसूमा पर साइबर पुलिस पोर्टल पर प्राप्त हुई। थाना बहसूमा मेरठ पर गठित साइबर हेल्प डेस्क की प्रभारी कोमल चौधरी एवं उनकी टीम द्वारा दर्ज साइबर शिकायत पर त्वरित कार्रवाई करते हुए बैंकों से समन्वय स्थापित कर उक्त धनराशि



ट्रांसफर गई। राशि को फ्रिज कराया गया और वादी तुषार सिंह के खाते में शत् प्रतिशत धनराशि 25850 रुपये सोमवार को वापस कराये गये है। पैसे खाते में वापस पाकर तुषार सिंह ने बहसूमा साइबर हेल्प डेस्क टीम का धन्यवाद किया। साइबर हेल्प डेस्क पुलिस टीम में साइबर हेल्प डेस्क प्रभारी कोमल, उपनिरीक्षक राज गौरव मौजूद रहे।

## थाईलैंड में नौकरी दिलाने के नाम पर दो लाख ठगे, दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** एसएसपी के आदेश पर चलाए जा रहे अभियान में थाना पुलिस ने एक वांछित युवक को विदेश भेजने के मामले में गिरफ्तार किया है। जिसे कोर्ट में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। थाना अध्यक्ष सुदीश सिंह सिरोही ने बताया कि शुभम निवासी रामनगर थाना परीक्षितगढ़ से आरोपी निशांत पुत्र इंद्रपाल निवासी ग्राम गुड़ा थाना हस्तिनापुर ने थाईलैंड में नौकरी दिलाने का लालच दिया। उसने पीड़ित युवक से 1 लाख 60 हजार रुपये नकद और 40 हजार रुपये ऑनलाइन अपने खाते में डलवाए। इसके बाद वह युवक को थाईलैंड ले गया जहां उसे चाइनीज लोगों को 3 लाख रुपये में बेच दिया। जब युवक ने विरोध किया तो उसके साथ मारपीट भी की गई। इस मामले में 14 जुलाई 2025 को थाना परीक्षितगढ़ थाने में आरोपी के खिलाफ बीएनएस और आईटी एक्ट के मामले में मुकदमा दर्ज किया गया। जिसमें आरोपी वांछित चल रहा था जिसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

# एमपीएस गर्ल्स शास्त्री नगर की पूर्व छात्र ईशिका शर्मा को विश्व विजेता बनने पर किया सम्मानित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** एमपीजीएस शास्त्री नगर, के लिए यह अत्यंत गौरव का क्षण है कि विद्यालय की पूर्व छात्रा ईशिका शर्मा की कप्तानी में भारतीय महिला रोल बॉल टीम ने दुबई में आयोजित 7वें रोल बॉल वर्ल्ड कप 2025 का खिताब जीतकर देश का नाम रोशन किया। फाइनल मुकाबले में भारतीय टीम ने केन्या को 3-0 से पराजित कर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर विद्यालय प्रबंधन ने प्रधानाचार्या सपना आहूजा के द्वारा ईशिका शर्मा को चेक प्रदान कर सम्मानित किया तथा उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाओं सहित हार्दिक बधाई दी गई। प्रधानाचार्या सपना आहूजा ने अपने संबोधन में कहा कि ईशिका शर्मा की यह सफलता विद्यालय की छात्राओं के लिए प्रेरणास्रोत है और यह संदेश देती है कि मेहनत, अनुशासन और लगन से हर लक्ष्य प्राप्त होता है।

# परमात्मा एक बिंदु हैं , सर्व गुणों में सिंधु हैं

**अलीगढ।** ब्रह्माकुमारीज सत्यधाम सेवाकेंद्र द्वारा अलीगढ में शिव जयंती महोत्सव के उपलक्ष्य में निकाली गई शोभायात्रा में जब गगन इन नारों से गुंजायमान हुआ तो नगर निवासी बरबस शोभायात्रा मार्ग पर आकर देखने लगे। मार्ग पर आगे आगे श्वेत वस्त्र धारण किए ब्रह्माकुमारी बहनें शिव ध्वज थामे कतारबद्ध बढ़ी जा रहीं थीं। उनके पीछे सजे सजाए रथ में सवार शिवलिंग, पीछे मंगलगीत गाती महानगर की स्त्रियां व सबसे पीछे कार की छत पर भी सुसज्जित शिवलिंग। ऐसी अनुपम शोभायात्रा का शुभारंभ उत्तर प्रदेश जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन उपजा के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप शर्मा ने शिव रथ का पूजन अर्चना करके व शिव ध्वज दिखाकर शोभायात्रा का शुभारंभ किया। नगर भ्रमण कर यात्रा वापस सत्यधाम सेवाकेंद्र पर लौटी जहां शिव जयंती महोत्सव के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का



आयोजन हुआ। कार्यक्रम में बोलते हुए अपर आयुक्त अलीगढ मंडल अखिलेश कुमार यादव ने कहा कि शिव प्रकृति के स्वामी हैं, देवों के देव हैं, संसार की बुराइयों का विष पीकर अभयदान देने वाले हैं। प्राचीनतम सभ्यता के शिव ही उत्प्रेरक हैं। उन्होंने शिव की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर व दीप प्रज्वलन करके कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई। ब्रह्माकुमारीज की अलीगढ जनपद प्रभारी बीके कमलेश ने सभी मंचासीनों का तिलक बैज द्वारा स्वागत करते हुए कहा कि यह सेवाकेंद्र परमात्मा का घर सो आप सभी का घर है। मन में जब भी दुख अशांति हो तो आकर मेडिटेशन कर लेना सब दुख दर्द दूर हो जाएंगे।

ब्रह्माकुमारी कमलेश बहन जी का जन्म 10 जुलाई 1980 को एटा के पास सूरजपुर गांव में हुआ। आपकी एक बड़ी बहन व एक बड़े भाई हैं। तीनों ने निर्णय किया कि बाल ब्रह्मचारी रहकर देश की सेवा करेंगे। उसी निर्णय को साकार करने के लिए तीनों ब्रह्माकुमारीज संस्था में समर्पित हो गए हैं। मातापिता भी ब्रह्माकुमारी संस्था से जुड़े होने के कारण आप ने होश सम्हालते ही शिव का ज्ञान सुना। ब्रह्माकुमारी कमलेश जी ने हिंदी में स्नातकोत्तर किया है। आपने अपने जैसी 75 बाल ब्रह्मचारी ब्रह्माकुमारी बहनों की शिव शक्ति सेना तैयार की है जो पूरे अलीगढ जनपद तथा आसपास के जनपदों में मनुष्यों को तनाव, व्यसन व विकारों से मुक्त कर परमात्मा से संबंध जुड़वाने की सेवा पर तत्पर हैं। जनपद संयोजक ब्रह्माकुमार सत्य प्रकाश शर्मा ने ब्रह्माकुमारी संस्था द्वारा जनपद में समाज से तनाव व्यसन व विकार हटाकर सुखमय समाज की स्थापना की सेवा पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर तालानगरी से ओपी शर्मा, अल्ट्राटेक सीमेंट के एचआर मैनेजर जगत सिंह विष्ट, बीके हेमलता ने विचार व्यक्त किए।

## हमलावरों ने दुकान में युवक से की मारपीट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** कस्बा सिवाल खास में युवक के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। आरोपी के जानी थाने में तहरीर दी है। पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दी है। कस्बा सिवाल खास निवासी नौशाद पुत्र अब्दुल रहीम ने जानी थाने में तहरीर देते हुए बताया कि वह अपनी दुकान धारा चौक पट्टी पर देर शाम दुकान बंद कर रहा था तभी कुछ गांव के ही लोग आए और उसके साथ मारपीट करने लगे जब उसने पूछा तो उसकी जान से मारने की धमकी भी दी तभी मौके पर ग्रामीण पहुंच गए और ग्रामीण को आता देख हमलावर फरार हो गए। पीड़ित ने जानाी थाने में तहरीर देते हुए आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की बात कही है वहीं सारी घटना एक सीसीटीवी में कैद हो गई है उधर पीड़ित ने कस्बा सिवाल खास में यह मकान बिकाऊ के पोस्टर भी लगा दी है पीड़ित का कहना है कि योगी सरकार में भी आज गुंडे पनप रहे हैं वहीं सवाल खास चौकी इंचार्ज नितिन कुमार ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। किसी भी हालत में क्षेत्र में गुंडागर्दी नहीं करने दी जाएगी।

# आपसी लड़ाई में बच्चों के भविष्य से खिलवाड़

**सत्यकाम स्कूल मामले में भाजपाइयों ने स्कूली बच्चों की पढ़ाई को लेकर डीएम को सौंपा ज्ञापन**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** सत्यकाम इंटरनेशनल स्कूल में चल रही मैनेजमेंट की लड़ाई में छात्र- छात्राओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ हो रहा है। यह छात्र छात्राएं देश का भविष्य है, लेकिन, स्कूल मैनेजमेंट को इस बात की कोई परवाह नहीं है। यह कहना था भारतीय जनता पार्टी के कार्यकताओं का जिन्होंने सोमवार को कलक्ट्रेट पहुंचकर डीएम कार्यालय पर एक ज्ञापन सौंपा।

इस दौरान बीजेपी नेता अंकित चौधरी के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल डीएम वीके सिंह से मुलाकात करने पहुंचा। इस दौरान उन्होंने बताया कि, सत्यकाम इंटरनेशनल स्कूल के मैनेजमेंट की लड़ाई में स्कूल के छात्र छात्राओं का भविष्य संकट में है। बताया कि, जिस तरह स्कूल में रोज मैनेजमेंट की लड़ाई हो रही है। आए दिन स्कूल लड़ाई का मैदान बना हुआ है। इससे छात्र



छात्राए दहशत में आ गए हैं। जबकि, उनके एग्जाम सिर पर है और इस वातावरण में स्कूल में पढ़ाई नहीं हो रही है। ज्ञापन सौंप रहे कार्यकताओं ने मांग करते हुए कहा कि, जब तक स्कूल की मैनेजमेंट की समस्या हल नहीं हो पाती। तब तक प्रशासनिक अधिकारी उस स्कूल को अपने अंडर में लें लें। ताकि, स्कूल के स्टूडेंट्स का फ्यूचर बच सके और बच्चों के भविष्य को देखते हुए इस काम में देरी न की जाए। बता दें कि, सत्यकाम इंटरनेशनल स्कूल के प्रबंधन को लेकर चल रहा विवाद अब और गहरा हो गया है। स्कूल के संस्थापक ट्रस्टी अनुज शर्मा की बेटी मानवी शर्मा ने परिवार के शोषण का आरोप लगाया है। वहीं स्कूल प्रबंधन ने कहा है कि संस्थापक ट्रस्टी एवं प्रबंधक अनुज शर्मा कानूनी प्रक्रिया में पूरा सहयोग कर रहे हैं और स्कूल की शैक्षणिक गतिविधियां पूरी तरह सुचारु हैं। उधर, दूसरे पक्ष सत्यकाम के ट्रस्टी गिरीश शर्मा ने आरोप लगाया है कि अनुज शर्मा ने उनके परिवार के साथ विश्वासघात किया है।

# कलेक्ट्रेट पर पीड़ित परिवार के चार लोगों ने किया आत्मदाह का प्रयास

## आत्मदाह के प्रयास के दौरान एसडीएम ने महिला के हाथ से छीनी पेट्रोल की बोतल, कलेक्ट्रेट में आधे घंटे तक चला हंगामा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** कलेक्ट्रेट परिसर में सोमवार को एक ही परिवार के चार लोग पेट्रोल लेकर आत्मदाह करने पहुंच गए। जैसे ही उन्होंने खुद को आग लगाने का प्रयास किया, मौके पर मौजूद सुरक्षाकर्मियों और अधिकारियों ने पकड़ लिया, जिससे बड़ा हादसा टाल दिया। परिजन झोलाछाप डॉक्टर की गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं।





आत्मदाह के प्रयास के दौरान एसडीएम ज्योति शर्मा ने एक महिला के हाथ से पेट्रोल की बोतल छीनकर दूर फेंक दी। इस दौरान परिसर में हंगामे की स्थिति बन गई और महिलाएं रोने लगीं। सूचना मिलते ही पुलिस ने सभी को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी। घटना सिंघावली अहीर थाना क्षेत्र से की है। परिजनों के अनुसार, गांव में एक झोलाछाप डॉक्टर ने नवंबर माह में किराए पर क्लीनिक शुरू किया था। आरोप है कि इसी दौरान उसकी एक युवती से नजदीकी बढ़ी और करीब एक महीने बाद वह युवती को अपने साथ लेकर फरार हो गया। परिवार ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। बाद में पुलिस ने युवती को पानीपत से बरामद किया और मुकदमा दर्ज किया। पीड़िता के भाई का आरोप है कि युवती को दवा के बहाने नशीला पदार्थ दिया गया और उसके साथ दुष्कर्म किया गया। उनका कहना है कि काफी प्रयासों के बाद युवती की बरामदगी तो हुई, लेकिन आरोपी अब तक गिरफ्तार नहीं हुआ है। परिवार का आरोप है कि शिकायत दर्ज कराने के बावजूद लंबे समय तक ठोस कार्रवाई नहीं हुई और समझौते का दबाव बनाया जाता रहा। न्याय न मिलने से आक्रोशित होकर उन्होंने आत्मदाह जैसा कदम उठाने की कोशिश की। परिजनों का कहना है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो वे दोबारा कठोर कदम उठाने को मजबूर होंगे। थानाध्यक्ष कुलदीप सिंह ने बताया कि मामले में मुकदमा दर्ज है और जांच जारी है। आरोपी की तलाश की जा रही है।

## कॉलेज में डायरेक्टर द्वारा सभी छात्रों को किए गए प्रमाण पत्र वितरित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** तहसील क्षेत्र के कृष्ण पल्ब बोर्ड इंडस्ट्री बाजिदपुर में जनता वैदिक डिग्री कॉलेज के बीएससी एग्रीकल्चर के 7वें सेमेस्टर के 40 छात्रों ने 21 दिन तक प्रशिक्षण प्राप्त किया। सोमवार को डायरेक्टर राजसिंह प्रधान द्वारा सभी छात्रों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

इस अवसर पर डायरेक्टर राजसिंह प्रधान ने कहा कि यह प्रशिक्षण छात्रों के लिए एक अच्छा अवसर है और उन्हें अपने करियर में आगे बढ़ने में मदद करेगा। उन्होंने कहा कि कृष्ण पल्ब बोर्ड इंडस्ट्री छात्रों को प्रैक्टिकल ज्ञान प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है और इस तरह के प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन आगे भी किया जाएगा। जनता वैदिक डिग्री कॉलेज के प्रिंसिपल ने भी छात्रों को बधाई दी और उन्हें अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि यह प्रशिक्षण छात्रों को अपने करियर में सफल होने के लिए तैयार करेगा। इस अवसर पर कॉलेज के अन्य अधिकारी और शिक्षक भी उपस्थित थे। कृष्ण पल्ब बोर्ड इंडस्ट्री बाजिदपुर बागपत के अधिकारियों ने भी छात्रों को जागरूक किया।

## बड़ौत में 2 माह प्रवास के बाद हस्तिनापुर के लिए किया मंगल विहार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** आचार्य विमर्श सागर महाराज ने 35 पीछी सहित बड़ौत नगर से 2 माह प्रवास के बाद, हस्तिनापुर के लिए मंगल विहार किया।



विहार से पूर्व अजितनाथ सभागार में आयोजित धर्मसभा में आचार्य श्री ने श्री अजितनाथ मंदिर कमेटी, अजितनाथ साधु सेवा समिति एवं सकल जैन समाज बड़ौत को अपना मंगल आशीर्वाद दिया। उन्होंने कहा कि बड़ौत में 2 माह के शीतकालीन प्रवास में बड़ौत के सभी श्रद्धालुओं ने बहुत भक्ति की और पूरे संघ की बहुत सेवा की। पूरे बड़ौत नगर को हमारा आशीर्वाद है कि इसी प्रकार जब भी तुम्हारे नगर के किसी भी संत का आगमन हो उनकी भक्ति और देव शास्त्र गुरु के प्रति सदैव श्रद्धाभाव रखो। सभा में डॉक्टर श्रेयांस जैन, महेंद्र जैन, मुकेश जैन, प्रदीप जैन, राजकुमार जैन, वरदान जैन, नवीन जैन, संजय जैन, राकेश जैन, राजेश भारती, विकास जैन, अंकुर जैन, विवेक जैन, अनुज जैन, अमित जैन, दीपक जैन आदि उपस्थित थे।

## अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा किया गया नगर खेल कुंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** नगर में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा नगर खेल कुंभ किया गया। इस आयोजन जिसमें 500 प्रतिभागियों ने कई खेल प्रतियोगिताओं में भाग लिया। जैसे ताइक्वांडो, एथलेटिक क्रिकेट, बैडमिंटन, शूटिंग खेल कराये गए।

कार्यक्रम के अध्यक्ष नीरज कौशिक जी रहे। मुख्य अतिथि के रूप में राज्य मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार KP मालिक एवं मुख्य वक्ता के रूप में अभाविप मेरठ प्रांत के प्रांत सह संगठन मंत्री अनुज श्रीवास्तव व विशिष्ट अतिथि एशिया गोल्ड मेडलिस्ट बहन अनु तोमर रही। राज्य मंत्री केपी मालिक ने युवाओं का प्रोत्साहन बढ़ाते हुए स्वयं को स्वस्थ रखने एव screen time से ज्यादा एक्टिविटी को टाइम देने की सलाह दी। अभाविप प्रांत सह संगठन मंत्री श्रीवास्तव ने सभी प्रतिभागियों को कुशल प्रदर्शन की शुभकामनाएं दी एवं अभाविप की राष्ट्रवादी विचारधारा पर भी प्रकाश डाला। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मंच पर अभाविप प्रांत संयोजक खेलो भारत अमित दिक्षित, जिला संयोजक बागपत अमन गुप्ता, जिला प्रमुख डा.अनुज तोमर के साथ मंच संचालन प्रांत कार्यकारणी सदस्य शिवांश गोयल ने किया। साथ ही जिला खेलो भारत संयोजक सौरभ तोमर, अर्चित गुप्ता, विक्रम सिंह, अवि शर्मा, आयुष शर्मा अन्य कार्यकर्ता एवं खिलाड़ी रहे।



## एक नजर

### पीड़ि ने एसपी से की निष्पक्ष जांच की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** बड़ौत कोतवाली क्षेत्र निवासी संदीप कुमार ने एसपी से शिकायत की और उन्होने एक मकान एग्रीमेंट विवाद में खुद को प्रताड़ित किए जाने का आरोप लगाते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की है।

पीड़ित ने एसपी से शिकायत कर बताया कि उन्होंने कमला नगर निवासी इंद्रपाल पुत्र जादूराम से 50 वर्ग गज के एक मकान का एग्रीमेंट 03 सितंबर 2025 को सब-रजिस्ट्रार बड़ौत कार्यालय में पंजीकृत कराया था। आरोप है कि इंद्रपाल ने कुछ लोगों के बहकावे में आकर 19 जनवरी 2026 को उनके खिलाफ एक झूठी शिकायत दर्ज कराई। इस शिकायत में जबरन कब्जा करने और जान से मारने की धमकी देने जैसे आरोप लगाए गए थे। इसके बाद, 24 जनवरी को संदीप को रेलवे रोड चौकी बुलाया गया और उनसे एग्रीमेंट की प्रति जमा कराई गई। बताया कि उन्होंने इस मामले में 27 दिसंबर 2025 को मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 पर भी शिकायत दर्ज कराई थी। पुलिस रिपोर्ट में इसे एग्रीमेंट का सिविल मामला बताते हुए न्यायालय में वाद दायर करने की सलाह दी गई थी। इसके बावजूद, उन्हें बार-बार चौकी बुलाकर समझौते का दबाव बनाने का आरोप है। पीड़ित का आरोप लगाया कि कुछ लोग पुलिस से सांठगांठ कर उन पर दबाव बना रहे हैं। इसके साथ ही, सोशल मीडिया पर वीडियो प्रसारित कर उनकी छवि खराब की जा रही है।

## रमज़ान की आमद एएमपी ने वितरित की 30 राशन किट, जरूरतमंद परिवारों को मिला सहारा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छपरौली।** पवित्र माह रमज़ान की आमद के अवसर पर Association of Muslim Professionals की जनपद बागपत इकाई द्वारा एक सराहनीय सामाजिक पहल करते हुए जरूरतमंद परिवारों के बीच 30 राशन किट का वितरण किया गया। इस सेवा कार्य का उद्देश्य रमज़ान के पाक महीने में आर्थिक रूप से कमजोर और जरूरतमंद परिवारों को राहत पहुंचाना तथा समाज में भाईचारे, सहयोग और इंसानियत के संदेश को मजबूत करना रहा।



यह वितरण कार्यक्रम AMP बागपत चौप्टर के हेड मास्टर इज़हार खान गांव टांडा निवासी के नेतृत्व में सुव्यवस्थित रूप से सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान टीम के सदस्यों ने पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ चिन्हित जरूरतमंद परिवारों तक राशन किट पहुंचाई, ताकि रमज़ान के दौरान उन्हें किसी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े।

राशन किट में दैनिक उपयोग की आवश्यक खाद्य सामग्री शामिल की गई, जिससे लाभार्थियों को वास्तविक राहत मिल सके। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए चैप्टर हेड इज़हार खान ने कहा कि रमज़ान का महीना रहमत, बरकत, सब्र और जरूरतमंदों की मदद का पैग़ाम देता है। उन्होंने कहा कि समाज के सक्षम वर्ग को आगे बढ़कर जरूरतमंदों की सहायता करनी चाहिए, ताकि कोई भी परिवार अभाव में अपना जीवन न बिताए। उन्होंने यह भी कहा कि AMP बागपत टीम भविष्य में भी इसी प्रकार सामाजिक और मानवीय कार्यों को निरंतर जारी रखेगी। इस अवसर पर AMP टीम के पदाधिका. रियों और सदस्यों की सक्रिय भागीदारी रही। कार्यक्रम में ट्रेज़रर वकार खान, सेक्रेटरी राकिब चौधरी तथा सदस्य सालिम पत्रकार, विक्की चौहान, वक़ास खान, हाफ़िज़ शौकत खान, आबिद खान और जामी शाह सहित अन्य सहयोगी उपस्थित रहे, जिन्होंने वितरण कार्य को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। राशन प्राप्त करने वाले जरूरतमंद परिवारों ने AMP टीम के इस सराहनीय प्रयास के लिए आभार व्यक्त किया और कहा कि ऐसे सेवा कार्य समाज के लिए अत्यंत प्रेरणादायक हैं। स्थानीय लोगों ने भी इस पहल की प्रशंसा करते हुए इसे सामाजिक एकता और मानवीय संवेदनाओं का उत्कृष्ट उदाहरण बताया। कार्यक्रम शांतिपूर्ण और व्यवस्थित वातावरण में सम्पन्न हुआ तथा अंत में टीम के सदस्यों ने भविष्य में भी जरूरतमंदों की सहायता हेतु निरंतर सेवा कार्य करते रहने का संकल्प लिया।

## 18 पफरवरी होने वाले स्वाभिमान सम्मेलन के प्रचार के लिए किया जनंसर्पक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खेकड़ा।** क्षेत्र में ब्राह्मण समाज के पदाधिकारियों ने 18 फरवरी दिन बुधवार को अमर बैंक्विट हॉल बड़ौत में होने वाले सेवा- एकता- संगठन स्वाभिमान सम्मेलन के लिए क्षेत्र के विभिन्न गांव में संपर्क कर लोगों को निमंत्रण दिए और अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने का आवाहन किया।

इस अवसर पर जिलाध्यक्ष राकेश शर्मा ने कहा कि यह सम्मेलन समाज की दिशा का निर्धारण करेगा। इस सम्मेलन में अधिक से अधिक संख्या में ब्राह्मण बांधुओं को पहुंचकर सहयोग करना है। ब्लॉक अध्यक्ष सतीश कौशिक ने कहा कि यह सम्मेलन ब्राह्मण समाज की एकता और अखंडता को जागृत करने में मील का पत्थर साबित होगा। चौधरी उमेश शर्मा खेकड़ा 360 ने इस अवसर पर कहा कि यह सम्मेलन समाज की एकता के साथ प्रदेश एवं देश की राजनीति को भी प्रभावित करेगा।

जनसंपर्क अभियान में राकेश शर्मा जिलाध्यक्ष, सुशील शर्मा मवीकला उपाध्यक्ष, रविंद्र शर्मा बसी, कमलकांत शर्मा बसी, रामकुमार शर्मा बसी युवा जिलाध्यक्ष, दिनेश शर्मा, नरेंद्र शर्मा, प्रमोद शर्मा, ओमदत्त शर्मा, कविंद्र शर्मा बसी, मनोज पहलवान घिटोरा, धनकेश शर्मा लहचौड़ा, सुनील शर्मा,चंद्रपाल ललियाना, ने क्षेत्र के बसी, सुन्हैडा, गौणा, ललियाना खेकड़ा, फखरपुर,घिटौरा, लहचौड़ा आदि गांव में जनसंपर्क कर लोगों को निमंत्रण दिए।

## मथुरा में चल रही है फिल्म नैन की शूटिंग

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**मथुरा ।** ब्रज की पावन धरा पिछले 15 दिनों से सिनेमाई रंग में सराबोर रही। यहाँ एक भावुक और सामाजिक संदेश से ओत–प्रोत फीचर फिल्म 'नैन' की शूटिंग संपन्न हुई। यह फिल्म न केवल एक मां के संघर्ष की गाथा है, बल्कि समाज में नेत्रदान की कमी जैसे गंभीर विषय पर भी प्रहार करती है। घफिल्म की कहानी 5 साल की एक मासूम बच्ची 'नैन' के इर्द–गिर्द घूमती है, जो देख नहीं सकती। उसकी माँ उसे दुनिया दिखाने (आँखें दिलाने) के लिए एड़ी–चोटी का जोर लगा देती है, लेकिन नेत्रदान के प्रति सामाजिक उदास. ीनता के कारण उसे दर–दर भटकना पड़ता है।मुख्य भूमिका में फिल्म में नन्ही मिष्टी ने 'नैन' का किरदार निभाया है। घ्माँ का किरदार अभिनेत्री मेघना पांचाल माँ की भूमिका में नजर आएंगी। घ्अहम किरदार एडवोकेट मानसी के रूप में राजश्री त्रिवेदी अपनी अदाकारी का जलवा बिखेरेंगी। फिल्म का निर्देशन मथुरा के ही अनुभवी निर्देशक प्रकाश सैनी कर रहे हैं, जिनकी हालिया फिल्म "क्रैब इन अ बकेट" चर्चा में रही है। फिल्म की पटकथा सुनीता अग्रवाल ने लिखी है और इसका निर्माण दिल्ली के प्रोडक्शन हाउस "फैसवा कम्यूनिकेशन" के बैनर तले निर्माता योगेश अग्रवाल द्वारा किया जा रहा है। स्थानीय स्तर पर व्यवस्थाओं की कमान मथुरा के वरिष्ठ पत्रकार और लाइन प्रोड्यूसर गौरव शर्मा ने संभाली। शूटिंग के दौरान मथुरा के बंगाली घाट, विश्राम घाट, होली गेट और डैम्पियर नगर जैसे प्रमुख क्षेत्रों को कैमरे में कैद किया गया। द"मथुरा में शूटिंग करना एक सुखद अनुभव रहा। यहाँ के लोगों के प्रेम और सहयोग ने हमारा दिल जीत लिया। हम फिल्म की ओपनिंग मथुरा से ही करने की योजना बना रहे हैं।" कृ सुनीता अग्रवाल, लेखिका शूटिंग के बीच कलाकारों और क्रू ने मथुरा के खान–पान का जमकर आनंद लिया। मुंबई से आए सिनेमाटोग्राफर सोनू पासवान और अन्य टीम मेंबर्स को होलीगेट की कचोरी–जलेबी, गोंसाई की रबड़ी–पेड़े और अरोड़ा की मशहूर चाय बेहद पसंद आई।

## 71 हज यात्रियों का हेल्थ चेकअप व टीकाकरण किया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मथुरा।** जनपद में स्वास्थ्य विभाग द्वारा इस्लामिया इंटर कॉलेज में 71 हज यात्रियों का हेल्थ चेकअप एवं टीकाकरण किया गया। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. राधा वल्लभ ने बताया कि अभियान के दौरान सभी हज यात्रियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ रोि. हतास सिंह ने बताया कि इस दौरान हज यात्रा को जाने वालों को मेंनिंगोकोक्कल, सीजनल इंफ्लुएंजा एवं पोलिओ की वैक्सीन लगाई गई। ट्रैनर के द्वारा सभी हाजियों को ट्रैनिंग भी दी गई। अल्प संख्यक विभाग के द्वारा से सभी हाजियों को समस्त आवश्यक जानकारी एवं सहयोग प्रदान किया गया। हेल्थ कैम्प में चिकित्साधिकारी डॉ. सचिन शर्मा, एडीईओ एमपी सिंह, जेएसआई से सीएसओ संजय यादव, यूएनडीपी से भुवनेश्वर शर्मा, यूनिसेफ से पूनम यादव, हेल्थ विभाग से त्रिभुवन शर्मा, एएनएम आदर्श कुमारी, सुमन, सोनम, सीसीएच हरी सिंह आदि के द्वारा हेल्थ चेकअप एवं टीकाकरण का कार्य किया गया।

## गोमती जीवन यात्रा निकालकर कर रहे जनजागरण

**पीलीभीत।** गोमती जीवन यात्रा के द्वितीय दिवस यात्रा सबसे पहले घाटमपुर स्थित त्रिवेणी घाट पहुंची जहां नदी पूजन, कलश पूजन और गोमती ध्वज पूजन कर स्थानीय लोगों के साथ गोष्ठी कर संवाद किया। गोष्ठी में 'सतीश मिश्रा अचूक' ने गोमती नदी की लुप्त होती धारा पर चिंता व्यक्त करते हुए नदी संरक्षण के लिए जन सहयोग की बात कही और पूर्व में गोमती जी के लिए किए गए प्रयासों के विषय में बताया। इसके बाद यात्रा घुंघचिहाई ग्राम में पहुची जहां स्थानीय ग्रामीणों के साथ वीरेंद्र प्रताप सिंह ध्रुव ने गोमती ध्वज पूजन करके यात्रा का स्वागत किया और यात्रा को शुभकामनाएं प्रेषित की। घुंघचिहाई ग्राम में यूथ इन एक्शन के संयोजक शतरुद्र प्रताप ने मौजूद ग्रामीणों को नदी संरक्षण की शपथ दिलाई।

### प्रेमिका से मिलने पहुंचा प्रेमी, हंगामा हुआ तो पंचायत ने दिला दी शादी

**बचरायूं।** प्रेम कहानी उस वक्त फिल्मी मोड़ ले गई, जब प्रेमिका से मिलने पहुंचे युवक को परिजनों ने रंगेहाथ पकड़ लिया। देखते ही देखते गांव में हंगामा खड़ा हो गया, मोहल्ले में भीड़ जुट गई और मामला पंचायत तक पहुंच गया। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती का दूसरी तहसील क्षेत्र के युवक से काफी समय से प्रेम प्रसंग चल रहा था। सोमवार दोपहर प्रेमी युवक पास के ही एक गांव के दोस्त के साथ चोरी–छिपे युवती से मिलने उसके घर पहुंच गया, लेकिन किस्मत ने साथ नहीं दिया और परिजनों की नजर दोनों पर पड़ गई। इसके बाद दोनों पक्षों में तीखी नोकझोंक और हंगामा शुरू हो गया। सूचना पर गांव के बुजुर्गों व जिम्मेदार लोगों ने पंचायत बैठाई। लंबी चर्चा के बाद दोनों परिवारों की सहमति बनी कि विवाद और बदनामी से बेहतर है कि दोनों की शादी कर दी जाए। पंचायत के फैसले पर मुहर लगते ही देर रात प्रेमी युगल वैवाहिक बंधन में बंध गया। बताया जा रहा है कि युवक–युवती दोनों एक ही संप्रदाय व जाति के हैं, जिससे सहमति बनने में आसानी हुई। गांव में यह घटना अब चर्चा का विषय बनी हुई है, जहां प्रेम, पंचायत और शादी तीनों ने मिलकर एक नया किस्सा गढ़ दिया।

## विधानसभा घेराव से पहले कलीनगर में कांग्रेस नेताओं को किया हाउस अरेस्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कलीनगर।** लखनऊ में 17 तारीख को प्रस्तावित मनरेगा मुद्दे पर विधानसभा घेराव कार्यक्रम को लेकर प्रशासन सतर्क नजर आया। इसी क्रम में कलीनगर में कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष जाहिद खान, हामिद खान तथा मोहिद्दीन जाहिद को उनके आवास पर ही हाउस अरेस्ट कर दिया गया।

जानकारी के अनुसार मोहम्मद सैफ, चौकी इंचार्ज कलीनगर ने पुलिस बल के साथ पहुंचकर कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं को घर से बाहर न निकलने की हिदायत दी। प्रशासन का कहना है कि कानून– व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से यह कार्रवाई की गई है। कांग्रेस नेताओं ने इसे लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन बताते हुए नाराजगी जताई।

उनका कहना है कि वे शांतिपूर्ण ढंग से लखनऊ जाकर अपनी बात रखना चाहते थे, लेकिन उन्हें पहले ही रोक दिया गया। वहीं पुलिस प्रशासन का कहना है कि किसी भी प्रकार की अप्रिय स्थिति से बचने और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए एहतियातन कदम उठाए गए हैं। क्षेत्र में पुलिस की निगरानी बढ़ा दी गई है।

## केएम विश्वविद्यालय में खेल और रंगारंग कार्यक्रम के बीच हुआ कृदय-2.0 का शुभारंभ



**मथुरा।** केएम विश्वविद्यालय का वार्षिकोत्सव कृदय 2.0 खेल और रंगारंग कार्यक्रमों के साथ शुभारंभ हुआ। छह दिवसीय कृ दय 2.0 का शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष एवं विश्वविद्यालय के कुलाधिपति किशन चौधरी के बड़े भाई देवी सिंह (डीएम) ने फीता काटकर किया। मुख्य अतिथि देवी सिंह (डीएम) ने छात्रों को खेलों के महत्व और शारीरिक–मानसिक विकास में उनकी भूमिका पर प्रेरक उद्‌बोधन दिया। विवि के कुलपति डा. एनसी प्रजापति ने कृदय–2.0 के शुभारंभ कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा और खेल जगत का हमेशा से गहरा संबंध रहा है, नियमित शारीरिक गतिविधियां मस्तिष्क के हिप्पोकैम्पस(सीखने और याददाश्त वाले हिस्से) के विकास को बढ़ावा देती हैं। जो छात्र खेलों में सक्रिय रहते हैं वे परीक्षाओं में भी बेहतर प्रदर्शन करते हैं। मेडीकल प्राचार्य डा. पीएन भिसे ने कहा खेल न केवल छात्रों के शारीरिक विकास में मदद करते हैं, बल्कि मानसिक स्वास्थ्य और व्यक्तित्व निर्माण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। प्रोफेसर डा. शरद अग्रवाल ने कहा कृदय 2.0 का दूसरा साल है, यह आयोजन विवि और मेडीकल कालेज के छात्रों की प्रतिभा को बाहर निक. ालने के उद्देश्य से किया गया है, जिससे डाक्टर्स और छात्रों का मनोबल और आत्म विश्वास बढ़ा रहे। इससे पूर्व सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं प्रतियोगिताओं का शुभारंभ मुख्य अतिथि सहित विवि के कुलपति डा. एनसी प्रजापति, मेडीकल प्राचार्य डा. एनसी प्रजा. पति, मेडीकल सुपीटेंट डा. अभय सूद, उपकुलसचिव सुनील अग्रवाल, प्रोफेसर डा. शरद अग्रवाल ने सरस्वती वंदना के बीच दीप प्रज्जवलित करके एवं मसाल जलाकर किया एवं प्रतियोगिता में शामिल प्रतिभागियों को शपथ दिलाकर किया।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 77/3 गर्ग कॉम्पलेक्स ई.के. रोड निकट एन.ए.एस. कालिज, मेरठ (उप्र) से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎0121-4005303, 4007303
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
UPHIN/2007/20661
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

**सूचना**
मेरे ड्राईविंग लाईसेंस में मेरे पिता का नाम मजीद अली गलत दर्ज है। उनका सही नाम मजीद है।
राजुदीन पुत्र मजीद ग्राम -सूरजपुर महनवा (बागपत)

**Geeta College of Law**
(To be Recognised by BCI New Delhi and to be affiliated with CCS University Meerut) Add: Chamrawal Baghpat
**Applications are invited on the Regular Basis for the Post of :**
Principal(1), Assistant Professor for LL.B 3 year (4), Librarian (1), Computer Operator (1), Clerk (1), Peon (1), Sweeper (1) (Note: Qualifications, Pay Scale and Experience as per Norms of CCS University Meerut and BCI New Delhi). Apply within 11 days from the Date of Advt. to the college with Photo and all documents with experience Certificates.
**Secretary- Ashu Tyagi, M.: 9368281428**

# जहरीले धुएं से बीमार पड़ीं नाबालिगें, अवैध फैक्ट्रियों पर ग्रामीणों के गंभीर आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** धौलाना क्षेत्र के शेखूपुर खिचरा गांव में कथित रूप से अवैध रूप से संचालित फैक्ट्रियों से फैल रहे प्रदूषण का मामला सामने आया है। ग्रामीणों का आरोप है कि फैक्ट्रियों से निकल रहे जहरीले धुएं के कारण कई नाबालिग युवतियां बीमार पड़ गईं, जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के बाद गांव में चिंता और आक्रोश का माहौल बताया जा रहा है। ग्रामीणों के अनुसार, पिछले कुछ समय से क्षेत्र में लगातार जहरीला धुआं फैल रहा है, जिससे सांस लेने में परेशानी, उल्टी और घबराहट जैसी शिकायतें बढ़ी हैं। लोगों का आरोप है कि कुछ फैक्ट्रियों में



पॉलीथीन बैग जलाकर प्लास्टिक सामग्री तैयार की जाती है और कथित रूप से इलेक्ट्रॉनिक कचरा भी जलाया जाता है। इससे भारी मात्रा में धुआं निकलकर आसपास के इलाकों में फैल रहा है। स्थानीय निवासियों का यह भी आरोप है कि रात के समय अधिक मात्रा में धुआं छोड़ा जाता है, जिससे बच्चों और बुजुर्गों को सबसे ज्यादा परेशानी उठानी पड़ रही है। ग्रामीणों ने प्रशासन से कार्रवाई की मांग की है। मामले को लेकर जिला. धिकारी अभिषेक पाण्डेय ने संबंधित विभागों से जांच कराने की बात कही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि आरोप सही पाए गए तो जनस्वास्थ्य से खिलवाड़ करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल प्रशासनिक जांच की प्रक्रिया शुरू होने की बात कही जा रही है और ग्रामीण आगे की कार्रवाई का इंतजार कर रहे हैं।

## खुलेआम सट्टा खेल रहे आरोपी को पुलिस ने दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना हाफिजपुर पुलिस ने जुआ-सट्टा के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से नकदी और सट्टा पर्चियां बरामद की हैं। मामले में अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

थाना प्रभारी के अनुसार ग्राम नयाबांस जाने वाले मार्ग पर स्थित बंद पड़ी फैक्ट्री के पास जुआ-सट्टा खेले जाने की सूचना पर कार्रवाई की गई। मौके पर दबिश देकर पुलिस ने एक व्यक्ति को रंगे हाथ पकड़ लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से सट्टा पर्चियां, नकदी और अन्य सामग्री बरामद हुई। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान सलीम पुत्र सलमू निवासी ग्राम नयाबांस थाना हाफिजपुर के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके कब्जे से 1,370 रुपये नकद, 16 सट्टा पर्चियां, पैन और गत्ता बरामद किया है।

## कॉपियों से प्रश्नपत्रा तक सब तैयार, हापुड़ में बोर्ड परीक्षा की पूरी तैयारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जनपद में यूपी बोर्ड परीक्षाओं को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच गई हैं। जिले के सभी 40 परीक्षा केंद्रों पर प्रश्नपत्र सुरक्षित रूप से पहुंचा दिए गए हैं और उन्हें निर्धारित लॉकरों में संरक्षित रखा गया है। उत्तर पुस्तिकाएं भी केंद्रों को उपलब्ध करा दी गई हैं। प्रशासन ने केंद्र व्यवस्थापकों को शासन के निर्देशों के अनुरूप सभी व्यवस्थाएं समय से पूरी रखने को कहा है। बोर्ड परीक्षाएं 18 फरवरी से शुरू होंगी। जिले में कक्षा 10 के लिए 15,693 संस्थागत और 77 व्यक्तिगत परीक्षार्थी पंजीकृत हैं, जबकि कक्षा 12 में 12,681 संस्थागत और 733 व्यक्तिगत छात्र-छात्राएं परीक्षा में शामिल होंगे। परीक्षा संचालन को सुचारु बनाने के लिए जिले को जोन और सेक्टर में विभाजित किया गया है तथा जोनल और सेक्टर मजिस्ट्रेटों की तैनाती कर दी गई है। प्रश्नपत्रों की सुरक्षा के लिए विशेष प्रबंध किए गए हैं। चार सुरक्षित लॉकर बनाए गए हैं, जबकि प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर दो-दो पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है। प्रश्नपत्रों का वितरण मजिस्ट्रेटों की निगरानी में कराया गया है ताकि पारदर्शिता और सुरक्षा बनी रहे। जिला विद्यालय निरीक्षक डा.



श्वेता पूठिया ने बताया कि सभी आवश्यक व्यवस्थाएं पूरी कर ली गई हैं और प्रशासन की प्राथमिकता परीक्षाओं को शांतिपूर्ण व निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराना है।

# कुट्टू का खाना खाने के बाद बिगड़ी तबियत, 4 अस्पताल में भर्ती



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** बाबूगढ़ कस्बे में कुट्टू का आटा खाने के बाद एक ही परिवार के चार सदस्य अचानक बीमार पड़ गए। सभी को हालत बिगड़ने पर आनन-फानन में नजदीकी निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के बाद उनकी स्थिति फिलहाल स्थिर बताई जा रही है। मामले की जानकारी मिलते ही खाद्य सुरक्षा एवं औषधि विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर आटे का नमूना लेकर जांच प्रक्रिया शुरू कर दी है। बताया जाता है कि बाबूगढ़ छावनी क्षेत्र निवासी मुकेश बाजार से कुट्टू का आटा खरीदकर लाए थे। रविवार शाम उनके बेटे विकास और विनय ने अपनी मां रेखा तथा सरिता के साथ कुट्टू की कचौरी खाई। भोजन करने के कुछ समय बाद ही चारों को उल्टी, पेट दर्द और घबराहट जैसी शिकायतें होने लगीं। देर रात तबीयत ज्यादा बिगड़ने पर परिजनों ने सभी को तत्काल अस्पताल पहुंचाया। सोमवार को घटना की सूचना प्रशासन तक पहुंचने के बाद खाद्य सुरक्षा एवं औषधि विभाग के अधिकारी टीम के साथ बाबूगढ़ पहुंचे। अधिकारियों ने संबंधित दुकान की जानकारी जुटाई और घर में बचे आटे का नमूना लेकर परीक्षण के लिए प्रयोगशाला भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। जांच रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई तय की जाएगी।

## अवैध चाकू संग दो युवक गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना धौलाना पुलिस ने क्षेत्र में चलाए जा रहे चेकिंग अभियान के दौरान एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से अवैध चाकू बरामद किया है। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध संबंधित धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। थाना प्रभारी के अनुसार नियमित चेकिंग के दौरान हसनपुर से खिचरा जाने वाले मार्ग पर एक संदिग्ध व्यक्ति को रोका गया। तलाशी लेने पर उसके पास से अवैध चाकू बरामद हुआ। पूछताछ में उसने अपनी पहचान कलुआ उर्फ जमाल पुत्र ऐनल हक के रूप में बताई। आरोपी मूल रूप से ग्राम लालकुरा थाना चापर, जनपद असम का निवासी है और वर्तमान में बालाजी डासना थाना वेवसिटी जनपद गाजियाबाद में रह रहा था। पुलिस ने मौके से बरामद अवैध चाकू को कब्जे में लेकर आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी की।

# चोरी की बाइक सहित दो शातिर गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना बाबूगढ़ पुलिस ने चेकिंग अभियान के दौरान बड़ी सफलता हासिल करते हुए दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से थाना क्षेत्र से चोरी की गई मोटरसाइकिल बरामद की है। दोनों के खिलाफ संबंधित धाराओं में विधिक कार्रवाई की जा रही है। थाना प्रभारी के अनुसार नियमित चेकिंग के दौरान कुचेसर रोड से ग्राम कनियापुर जाने वाले मार्ग पर संदिग्ध गतिविधि के आधार पर दो युवकों को रोका गया। तलाशी लेने पर उनके पास से चोरी की मोटरसाइकिल बरामद हुई।



पूछताछ में दोनों ने थाना क्षेत्र से बाइक चोरी की बात स्वीकार की। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान अर्जुन सिंह पुत्र लायक राम तथा दीपक पुत्र रामकरण, दोनों निवासी ग्राम कनिया कल्याणपुर थाना बाबूगढ़ जनपद हापुड़ के रूप में हुई है। बरामद मोटरसाइकिल एचएफ डीलक्स संबंधित मुकदमा अपराध संख्या 47/26 धारा 303(2) बीएनएस से जुड़ी बताई गई है। थाना प्रभारी ने बताया कि अभियुक्तों के आपराधिक इतिहास की भी जांच की जा रही है।

# बेकाबू ट्रक ने खोखे में मारी टक्कर

## हादसे में एक की मौत, चार अन्य गंभीर रूप से घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** थाना क्षेत्र के ग्राम कुरी बांगर में एक तेज रफ्तार ट्रक ने सड़क किनारे बने खोखे में टक्कर मार दी। इस हादसे में एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चार अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर किया गया है।

मृतक की पहचान नरेश कुमार (55 वर्ष) पुत्र मंगत सिंह निवासी ग्राम कुरी बांगर के रूप में हुई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घायलों में मोहित कुमार (13 वर्ष) पुत्र मनोज सिंह, अमर सिंह (70



वर्ष) पुत्र लल्लू सिंह, राजू देवी (65 वर्ष) पत्नी अमर सिंह (तीनों ग्राम कुरी बांगर निवासी) और रूपराम सिंह (60 वर्ष) पुत्र रामकिशन, निवासी ग्राम निचलपुर शामिल हैं।

सूचना मिलने पर 108 एंबुलेंस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें हायर सेंटर रैफर कर दिया गया।

हादसे के बाद ट्रक चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने ट्रक को अपने कब्जे में ले लिया है और फरार चालक की तलाश शुरू कर दी है। मामले की जांच जारी है।

इस घटना के बाद क्षेत्रवासियों ने सड़क सुरक्षा को लेकर चिंता व्यक्त की है और प्रशासन से तेज रफ्तार व लापरवाही से वाहन चलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने तथा सड़क सुरक्षा के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की है।

## आवारा सांड ने किया हमला

**नहटौर।** ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम मटौरा दुर्गा में आवारा पशुओं का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। क्षेत्र के किसान डॉ. योगेंद्र सिंह उर्फ पप्पू पर एक आवारा सांड ने जानलेवा हमला कर दिया। इस हमले में डॉक्टर को चोटें आई हैं। जिसके बाद क्षेत्र के लोगों में भारी आक्रोश है। प्राप्त समाचार के अनुसार गांव मटौरा दुर्गा के योगेंद्र सिंह अपने खेत से आवारा सांड को भगाने के लिए गए थे। तभी अचानक बेकाबू सांड ने उन पर हमला कर दिया। सांड ने उन्हें बुरी तरह पटक कर घायल कर दिया। स्थानीय लोगों ने बमुश्किल उन्हें सांड के चंगुल से छुड़ाया और उपचार के लिए भिजवाया। इस घटना के बाद मटौरा दुर्गा और आसपास के गांवों के निवासी खौफजदा हैं। ग्रामीणों का कहना है



कि यह सांड काफी समय से हिंसक हो चुका है। आए दिन राहग. ीरों और किसानों को निशाना बना रहा है। बच्चे और बुजुर्ग घर से बाहर निकलने में डर रहे हैं। ग्रामीणों ने खंड विकास अधिकारी और ग्राम पंचायत सचिव से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। लोगों का कहना है कि यदि इस सांड को जल्द पकड़कर गौशाला नहीं भेजा गया, तो कोई बड़ी अनहोनी या जानलेवा दुर्घटना हो सकती है।

## वार्षिकोत्सव और खेलकूद का आयोजन

**नजीबाबाद।** प्राथमिक विद्यालय मौ. अलीपुर द्वारका में वार्षिकोत्सव और खेलकूद प्रतियोगिता हर्षोल्लास से मनाई गई। प्रभारी प्रधानाध्यापक




दीपक महेंद्रा एवं ग्राम प्रधान पतराम ने सरस्वती मां के समक्ष दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। कक्षा 1 से 5 तक के नन्हे-मुन्ने छात्रों ने नृत्य, गीत, नाटक और खेल प्रदर्शन कर सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम में बच्चों के आत्मविश्वास को बढ़ाने के साथ-साथ उन्हें अपनी प्रतिभा दिखाने का सुनहरा अवसर प्रदान करते हैं। निधि खुराना सहायक अध्यापिका के निर्देशन में पलक, रिदा, इकरा, फलकनूर, आरजू, मनीषा, जैनब, सदफ, यश ने रंगा. रंग कार्यक्रम और चित्रकला प्रतियोगिता में भाग लिया। कार्यक्रम में दिनेश कुमार सहायक अध्यापक द्वारा बच्चों को खेलकूद प्रतियोगिता कराई गई जिसमें अक्षय, उजैफ, पवनवीर, उदयवर्द्धन, प्रियांशु, उवेश, यशवी, हर्षिता आदि ने भाग लिया। सभी बच्चों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में कुसुम आंगनबाड़ी सहायिका लाल सिंह, विपिन कुमार, धर्मवती आदि अनेक ग्रामीण उपस्थित रहे।

## भाकियू टिकैत की मासिक पंचायत

**चांदपुर।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत की मासिक पंचायत डाक



बंगला में संपन्न हुई। किसान पंचायत की अध्यक्षता जिला सचिव चौधरी हरीराज सिंह ने की, जबकि संचालन बबलू प्रधान बास्टा ने किया। पंचायत में मुख्य अतिथि के रूप में जिला अध्यक्ष सुनील प्रधान रहे। भारतीय किसान यूनियन टिकैत तहसील चांदपुर कार्यकर्ताओं की मासिक पंचायत में 21 फरवरी को नूरपुर ब्लॉक सैदपुर भट्टे ग्राउंड मे तीन जिलों की महापंचायत में पहुंचने की अपील की गई। मीडिया प्रभारी भाई मौहम्मद हनीफ ने बताया कि पंचायत मे राष्ट्रीय प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत शामिल होंगे। आज किसान पंचायत तैयारी के विषय में चर्चा की गई। पंचायत में उपस्थित मंडल महासचिव प्रिंस चौधरी गौरव जांदला, मुकेश जाधना जिला उपाध्यक्ष, मुनेंद्र सिंह काकरान, मौ. याकूब, तहसील महासचिव राजीव चौधरी, बब्बू शेख, नफीस सैफी, मोनू चौधरी, सुधांशु चौधरी, चौधरी ऋषिपाल सिंह इंजीनियर, शाहिद खान, ब्लॉक अध्यक्ष चौधरी कल्याण सिंह, चौधरी प्रथम जी, चौधरी यशवीर सिंह, मीडिया प्रभारी मौहम्मद हनीफ आदि उपस्थित रहे।

## जैन शिशु सदन स्कूल का वार्षिकोत्सव



**शेरकोट।** जैन शिशु सदन स्कूल में वार्षिकोत्सव कार्यक्रम बड़े ही हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ। छात्र छात्राओं के रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने उपस्थित अभिभावकों और अतिथियों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों ने नृत्य, नाटक, समूह गान, कविताएं एवं देशभक्ति गीतों की शानदार प्रस्तुतियां दीं। बच्चों की प्रतिभा, आत्मविश्वास और मंच संचालन की कला ने सभी को प्रभावित किया। दर्शकों ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ बच्चों का उत्साहवर्धन किया। विद्यालय प्रबंधिका सुमन जैन ने बताया कि इस प्रकार के कार्यक्रम बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। मंच के माध्यम से बच्चों में छिपी प्रतिभा को निखारने का अवसर मिलता है। इस अवसर पर विद्यालय परिवार की ओर से क्षेत्र के समस्त पत्रकार बंधुओं सहित थानाध्यक्ष को शॉल और स्मृति चिन्ह भेंट कर उनके सामाजिक योगदान की सराहना की गई। विद्यालय प्रधानाचार्य रक्षी परवीन ने कहा कि मीडिया समाज का दर्पण है और शिक्षा के क्षेत्र में सकारात्मक कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने में पत्रकारों की अहम भूमिका रहती है। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्य ने सभी अभिभावकों, अतिथियों और सहयोगियों का आभार व्यक्त किया तथा बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# एमआर टीकाकरण अभियान शुरू

## वरिष्ठ चिकित्सक ने प्राथमिक विद्यालय में फीता काटकर किया शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** प्राथमिक विद्यालय प्रथम में एमआर खसरा-रूबेला टीकाकरण अभियान का शुभारंभ वरिष्ठ समाजसेवी एवं चिकित्सक डा. मनोज वर्मा द्वारा फीता काटकर किया गया। शुभारंभ अवसर पर विद्यालय में 100 बच्चों को एमआर का टीका लगाया गया। कार्यक्रम के बाद बच्चों को फ्रूटी भी वितरित की गई।

डा. मनोज वर्मा ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि खसरा एक संक्रामक रोग है, जिसमें शरीर पर दाने, बुखार, खांसी, नाक बहना और आंखों में लाली जैसे लक्षण दिखाई देते हैं। गंभीर स्थिति में निमो. निया, दस्त तथा मस्तिष्क संबंधी जटिलताएं भी हो सकती हैं। उन्होंने कहा कि खसरा-रूबेला का टीका पूर्णत सुरक्षित है और इससे किसी प्रकार का गंभीर दुष्प्रभाव नहीं होता, इसलिए सभी बच्चों को यह टीका



अवश्य लगवाना चाहिए।

एमआर टीकाकरण अभियान 16 फरवरी से 27 फरवरी 2026 तक स्कूल आधारित विशेष अभियान के रूप में संचालित किया जा रहा है। यह कार्यक्रम 45 जनपदों में चलाया जा रहा है, जिसका उद्देश्य वर्ष 2026 तक खसरा उन्मूलन का लक्ष्य प्राप्त करना है। सीएचसी के अधीक्षक एवं प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. बी. के स्नेही ने बताया कि ब्लॉक स्योहारा के 189 विद्यालयों, 140 सरकारी एवं 45 निजी में यह अभियान चलाया जाएगा, जिसमें 17,409 से अधिक लक्षित बच्चों को अतिरिक्त खुराक दी जानी है। स्वास्थ्य विभाग की टीमें प्रत्येक विद्यालय में पहुंचकर टीकाकरण सुनिश्चित कर रही हैं।

इस अवसर पर डा. बी.के. स्नेही ने बताया कि प्रदेश में खसरे के मामले सामने आ रहे हैं। विशेषकर उन बच्चों में जो नियमित टीकाकरण से वंचित रह गए हैं। इस अतिरिक्त खुराक का उद्देश्य रोग की रोकथाम कर जटिलताओं से बच्चों की सुरक्षा करना है। यदि किसी बच्चे को हल्का बुखार आता है तो उसके लिए दवा उपलब्ध कराई जाएगी। अभियान के प्रथम दिन 26 सत्र आयोजित किए गए, जिनमें कुल 1,480 बच्चों का टीकाकरण किया गया। इस अवसर पर डा. राकेश कुमार चीफ फार्मासिस्ट, जितेंद्र रावत हेल्थ सुपरवाइजर, वीर सिंह, राजेश कुमार, प्रधानाचार्य सुनील कुमार, सीडीपीओ हेमलता सैनी, महिला सुपरवाइजर कविता शर्मा तथा विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहे।

डा. मनोज वर्मा स्योहारा क्षेत्र के वरिष्ठ चिकित्सक होने के साथ-साथ सक्रिय समाजसेवी भी हैं। वे समय-समय पर स्वास्थ्य शिविरों, जागरूकता अभियानों और जनहित कार्यक्रमों में सहभागिता करते रहते हैं। क्षेत्र में उनकी पहचान एक समर्पित एवं जनसेवा के प्रति प्रतिबद्ध चिकित्सक के रूप में है।

# भाकियू प्रतिनिधिमंडल ने सौंपा ज्ञापन

## उन्नत गन्ना बीज व कृषि यंत्रों की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** भारतीय किसान यूनियन (अराजनीतिक) ब्लॉक धामपुर का एक प्रतिनिधिमंडल जिला उपाध्यक्ष दुष्यंत राणा एवं ब्लॉक अध्यक्ष अजय राजपूत के नेतृत्व में धामपुर शुगर मिल के उपाध्यक्ष निष्काम गुप्ता से मिला। प्रतिनिधिमंडल ने क्षेत्र के किसानों से जुड़ी विभिन्न समस्याओं को उठाते हुए मिल प्रबंधन के समक्ष मांगें रखीं।



बैठक के दौरान किसानों ने उन्नत एवं अच्छी किस्म के गन्ना बीज उपलब्ध कराए जाने की मांग की। साथ ही कृषि यंत्रों पर दी जाने वाली छूट तथा इन यंत्रों की संख्या में वृद्धि करने पर जोर दिया गया। किसानों का कहना था कि क्षेत्र में आधुनिक कृषि यंत्रों की उपलब्धता सीमित है, जिससे खेती की लागत बढ़ रही है और समय पर कार्य नहीं हो पाता। किसानों ने विशेष रूप से हैरो, कल्टीवेटर, स्प्रे मशीन, गेहूं बोने की मशीन तथा गन्ना बोने वाली आधुनिक मशीनों की संख्या बढ़ाए जाने की मांग रखी। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि यदि मिल प्रबंधन किसानों को रियायती दरों पर बेहतर कृषि संसाधन उपलब्ध कराएगा तो इससे खेती की उत्पादकता बढ़ेगी और किसानों को सीधा लाभ मिलेगा। शुगर मिल उपाध्यक्ष निष्काम गुप्ता ने किसानों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए आश्वासन दिया कि किसानों के हित में उचित कदम उठाए जाएंगे।

## कांग्रेस नेता ने बूथ पर बीएलओ के साथ मतदाताओं के फार्म भरवाए

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** कांग्रेस कमेटी की जिलाध्यक्ष श्रीमती हैनरीता राजीव सिंह के निर्देश पर नजीबाबाद कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष अमजद सिद्दीकी ने एसआईआर के तहत चलाए जा रहे अभियान के तहत रविवार को राजकीय इंटर कॉलेज बूथ पर पहुंचकर बीएलओ के सहयोग से काफी संख्या में मतदाताओं के फार्म नम्बर-6 भरवाये। कांग्रेस नेता अमजद सिद्दीकी ने 18 साल की आयु पूरी कर चुके सभी युवाओं से अपने वोट जल्दी से जल्दी बनवाने तथा जिन मतदाताओं ने अभी तक नोटिसों का जवाब नहीं दिया है उनके जल्दी ही नोटिसों का साक्ष्य के साथ जवाब देने की अपील की है।

## पुलिस ने गश्त कर चलाया चैकिंग अभियान

**नजीबाबाद।** कांवड़ मेला सकुशल सम्पन्न होने के बाद मंडावली पुलिस एक्शन में आ गई। पुलिस चेकिंग अभियान चलाकर संदिग्धों पर नजर रख रही है। शिवरात्रि का त्यौहार सकुशल हुआ सम्पन्न होने पर पुलिस ने राहत की सांस ली है।

## आरबीडी में दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला



**बिजनौर।** रानी भाग्यवती देवी महिला महाविद्यालय में अदित्य बिरला फाउंडेशन और नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ सिक्योरिटी मार्केट्स (एनआईएसएम) द्वारा प्रायोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन वाणिज्य विभाग द्वारा किया गया। इस कार्यशाला का विषय था 'युवाओं के लिए वित्तीय शिक्षा'। कार्यशाला का शुभारंभ मुख्य अतिथि डा. मंजू चौधरी, एवं अन्य शिक्षकों द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।

### न्यायालय की मेल पर आये मैसेज से मचा हड़कम्प, पुलिस ने चलाया सघन चैकिंग अभियान

# जिला न्यायालय को बम से उड़ाने की धमकी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** जनपद न्यायालय सोमवार सुबह एक ई-मेल के माध्यम से बम विस्फोट की धमकी मिलने से हड़कंप मच गया। ई-मेल में दावा किया गया कि न्यायालय परिसर में 12 आरडीएक्स आधारित आईईडी (इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस) लगाए गए हैं, जो दोपहर 12:15 बजे विस्फोट कर सकते हैं। सूचना मिलते ही न्यायालय प्रशासन और पुलिस विभाग सतर्क हो गया तथा परिसर की सुरक्षा कड़ी कर दी गई।

बताया गया कि सुबह लगभग 8:38 बजे जिला जज के आधिकारिक ई-मेल पते पर एक संदिग्ध संदेश प्राप्त हुआ।

- **सारा दिन छावनी में तब्दील रहा कचहरी परिसर,**
- **तमिलनाडु में ईडब्ल्यूएस लागू करने का विरोध आया मैसेज**

संदेश में तमिलनाडु में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) आरक्षण लागू करने का विरोध करते हुए न्यायालय को निशाना बनाने की धमकी दी गई थी। प्रेषक के रूप में एक संदिग्ध नाम अंकित था। ई-मेल में न्यायाधीशों को संबोधित करते हुए दोपहर 12:15 बजे विस्फोट की चेतावनी दी गई थी। जिला जज द्वारा इस संबंध में तत्काल संज्ञान लेते हुए समस्त न्यायिक अधिकारियों और कर्मचारियों को सतर्क रहने के निर्देश दिए गए। साथ ही सुरक्षा एजेंसियों को सूचना देकर न्यायालय परिसर की गहन जांच कराई गई। पुलिस एवं सुरक्षा कर्मियों ने परिसर में तलाशी अभियान चलाया और आने-जाने वाले लोगों की सघन जांच की। बार एसोसिएशन जनपद के अध्यक्ष सलीम खान एडवोकेट ने अधिवक्ताओं एवं न्यायालय परिसर में मौजूद सभी सदस्यों से अपील की है कि वे सुरक्षा मानकों का पालन करें और जांच कार्य में सुरक्षा कर्मियों का सहयोग करें। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें तथा प्रशासन द्वारा जारी निर्देशों का पालन करें। समाचार लिखे जाने तक न्यायालय परिसर में सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ कर दी गई थी और स्थिति पर पुलिस की कड़ी नजर बनी हुई थी। अधिकारियों का कहना है कि ई-मेल की सत्यता की जांच की जा रही है तथा साइबर सेल को भी मामले की पड़ताल सौंपी गई है।



अमरोहा। न्यायालय कक्ष में चैकिंग करती पुलिस।



अमरोहा। जनपद न्यायालय के गेट पर वादकारियों की तलाशी लेते पुलिस कर्मी।



अमरोहा। धमकी मिलने के बाद न्यायालय परिसर में खड़े अधिवक्ता।

# सड़क पार करते अधेड़ को वाहन ने रौंदा, मौत

### परिजनों में मचा कोहराम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उझारी।** ड्यूटी से लौट रहे जींस कारीगर को अज्ञात वाहन ने रौंद दिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गयी। युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया।

नगर के मोहल्ला टीपू चौक निवासी अफजल पुत्र मरहूम अली वारिस 45 वर्ष कासिम पुत्र बाबू ने भीकनपुर शरकी में जींस सिलाई कारखाना लगा रखा है जिसमें अफजल जींस की पेंटो के धागे काटने का कार्य करता था रोज की भांति रविवार की सुबह नौ बजे अफजल अपनी ड्यूटी पर गया हुआ था लगभग शाम छह बजे कारखाने से अपने घर उझारी वापस आने के लिए निकला जो ही अफजल ने सड़क पार कर रहा था तभी अज्ञात वाहन ने रोध दिया जिससे अफजल की मौके पर ही मृत्यु हो गई राहगीरों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी विकास शेरावत और उझारी चौकी इंचार्ज अनिल त्यागी पुलिस टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई करते हुए पंचनामा भर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर जा शुरू कर दी घटना से परिवार में कोहराम मचा गया अफजल चार बहन भाइयों में सबसे बड़ा था।

# घर से बुलाकर युवक पर जानलेवा हमला

### गंभीर हालत में हायर सैंटर रैफर, मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** रंजिश में युवक को घर से बुलाने के बाद गर्दन पर चाकू गोद कर लहूलुहान कर दिया। हमला करने के बाद पड़ोस में रहने वाला युवक मोहल्ले से फरार हो गया। घायल युवक को गंभीर हालत में हायर सेंटर रेफर किया गया है। मामले में हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस घटना की जांच कर रही है।

घटना शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला कुरेशी की है। यहां बस्ती में शराफत अली का परिवार रहता है। उनके द्वारा दर्ज कराई गई एफआईआर के मुताबिक रविवार दोपहर उनका बेटा इमरान घर में था। तभी पड़ोस में रहने वाला युवक साहिब उसे बुलाना आया। आवाज सुनकर इमरान जैसे ही घर से बाहर निकला, साहिब ने उसकी गर्दन पर चाकू गोद दिया। हमले में लहूलुहान होकर वह सड़क पर गिर गया। शोर सुनकर मौके पर भीड़ लग गई, खुद को घिरता हुआ देख साहिब मोहल्ले से फरार हो गया। लहूलुहान इमरान को परिजन पहले कोतवाली ले गए, जहां से पुलिस ने उपचार के लिए उसे शहर सीएचसी भेज दिया। प्राथमिक उपचार देने के बाद चिकित्सकों ने गंभीर हालत देख इमरान को हायर सेंटर रेफर कर दिया। सीओ सिटी अभिषेक यादव ने बताया कि मामले आरोपी साहिब के खिलाफ हत्या का प्रयास करने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। आरोपी को जल्दी गिरफ्तार कर लिया जाएगा। शुरुआती जांच में दोनों के बीच रंजिश सामने आई है।

### पुलिस ने एक हत्यारोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा

# ट्रैक्टर के लेनदेन को हुई थी कांवरिये की हत्या

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** हरिद्वार से कांवर लेकर लौट रहे किसान की हत्या के मामले में पुलिस ने एक नामजद हत्यारोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

बताते चलें कि डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव सलामतपुर का रहने वाला हरिओम शुक्रवार की सुबह हरिद्वार से कांवर लेने के लिए घर से निकला था। परन्तु अगले दिन सुबह 11 बजे वह नौगांवा सादात थाना क्षेत्र के गांव मूढा मुकारी के पास सत्संग भवन के जंगल की तरफ जाने वाले रास्ते पर लहुलूहान हालत में मिला था। हरिओम सिंह को दो गोली लगी थी। गंभीर हालत में मिले किसान को इलाज के लिए मेरठ ले जा रहे थे जहां रास्ते में ही उसकी मौत हो गयी थी। जब मृतक का शव गांव पहुंचा तो परिजनों ने हत्याा का आरोप लगाते सड़क जाम करने की कोशिश की थी। जिस पर पुलिस के हाथ पैर फूल गये थे। पत्नी शीशकौर की तहरीर पर गांव सलामतपुर के पूर्व प्रधान पिंकू व उसके भाई टिंकू के खिलाफ हत्या की कोशिश का मुकदमा दर्ज कराया गया था। बाद में यह मुकदमा हत्या में तरमीम कर दिया गया था। नौगांवा पुलिस ने हत्या में नामजद नरेन्द्र उर्फ पिंकू को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान उसने बताया कि मृतक को उसने पुराना ट्रैक्टर दिलवाया था। जिसके कागज न होने के कारण विवाद उत्पन्न हो गया। मृतक ने ट्रैक्टर उसके घर खड़ा कर दिया तथा बार बार पैसों का तकाजा करने लगा। जिससे परेशान होकर उन्होंने गोली मारकर उसकी हत्या कर दी। पुलिस ने आज उसे न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया।



### प्रजापति महासंघ ने की गिरफ्तारी की मांग

**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** राष्ट्रीय प्रजापति महासंघ ने किसान के हत्यारोपियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की। वक्ताओं ने कहा कि तीन दिन पूर्व हरिद्वार से कांवर लेने गये ग्राम सलामतपुर के हरिओम प्रजापति की गोली मारकर निर्मम हत्या कर दी गई लेकिन अब तक आरोपी खुलेआम घूम रहे हैं। यह अत्यंत दुखद और चिंताजनक है कि घटना के इतने समय बाद भी पुलिस प्रशासन प्रभावी कार्रवाई करने में असफल दिखाई दे रहा है पीड़ित परिवार भय और असुरक्षा के माहौल में जीवन जीने को मजबूर है। उन्होंने तुरन्त हत्यारोपियों की गिरफ्तारी की मांग की।

# बम्बूगढ़ से संभल चौराहे तक चौड़ीकरण की मांग

### महबूब ने सदन में उठाया मुद्दा



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** सदर विधायक एवं लोक लेखा समिति के सभापति महबूब अली ने सदन में बम्बूगढ़ चौराहे से संभल चौराहे तक चौड़ीकरण एवं नगर में राजकीय डिग्री कालेज व मेडिकल कालेज की स्थापना की मांग की।

विधानसभा में बोलते हुए श्री अली ने विधानसभा क्षेत्र के बंबूगढ़ चौराहे से संभल चौराहे तक सड़क के चौड़ीकरण की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि यह मार्ग क्षेत्र का अत्यंत व्यस्त मार्ग है, जहां प्रतिदिन भारी यातायात दबाव के कारण जाम की समस्या बनी रहती है। सड़क चौड़ीकरण होने से न केवल जाम से राहत मिलेगी, बल्कि आमजन को आवागमन में भी बड़ी सुविधा प्राप्त होगी। उन्होंने सरकार से मांग की कि इस प्रस्ताव को प्राथमिकता के आधार पर स्वीकृति दी जाए, ताकि क्षेत्र के लोगों को जल्द राहत मिल सके। इसके अतिरिक्त विधायक महबूब अली ने जनपद में औद्योगिक और शैक्षिक विकास से जुड़े मुद्दे भी सदन में उठाए। उन्होंने कॉटन वेस्ट कारोबार से जुड़े व्यापारियों को दी जाने वाली विद्युत सब्सिडी को पुनः चालू करने की मांग की। उनका कहना था कि सब्सिडी बंद होने से स्थानीय उद्योग प्रभावित हुए हैं और व्यापारियों पर आर्थिक बोझ बढ़ा है। श्री अली ने अमरोहा में एक मेडिकल कॉलेज और एक डिग्री कॉलेज की स्थापना की भी जोरदार मांग की। उन्होंने कहा कि उच्च शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं के अभाव में क्षेत्रवासियों को अन्य जनपदों की ओर रुख करना पड़ता है। मेडिकल कॉलेज की स्थापना से जहां बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध होंगी, वहीं डिग्री कॉलेज से युवाओं को उच्च शिक्षा के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा। विधानसभा में उठाए गए इन मुद्दों से क्षेत्रवासियों में उम्मीद जगी है कि अमरोहा के विकास को नई गति मिलेगी

# सीएचसी में भिड़े झगड़े के आरोपी, मची अफरातफरी

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** फलों के छिलके खेत में डालने का विरोध करने पर जूस विक्रेता और खेत स्वामी के बीच विवाद हो गया। नौबत हाथापाई तक पहुंच गई। सूचना पाकर दोनों पक्ष थाने पहुंचे। बताते हैं कि यहां से पुलिस ने दोनों घायलों को मेडिकल के लिए सीएचसी भेजा। सीएचसी में फल जूस विक्रेता के पुत्रों ने खेत स्वामी के साथ मारपीट कर दी। जिससे सीएचसी में अफरातफरी मच गई। मौके पर पहुंची पुलिस दोनों पक्षों को लेकर थाने पहुंची और प्राथमिकी दर्ज की।

- **पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध दर्ज की रिपोर्ट, चालान**

जानकारी के अनुसार कुमराला चौकी के पास में मुस्तकीम का खेत है। यहीं पास में इसरार अहमद का जूस का काउंटर है। आरोप है कि इसरार फलों के छिलके आदि मुस्तकीम के खेत में डाल देता है। इसी बात को लेकर सोमवार को दोनों के बीच विवाद हुआ और मारपीट हो गई। ये दोनों लोग थाने पहुंचे और पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने दोनों को मेडिकल के लिए सीएचसी भेजा। आरोप है कि यहां पर इसरार अहमद के पुत्र पहुंचे और मुस्तकीम के साथ मारपीट की। सीएचसी के भीतर हुई इस मारपीट से यहां पर दवा लेने आए रोगियों में भी अफरातफरी मच गई। उन्होंने किसी तरह कमरे में घुसकर अपने आप को बचाया। अस्पताल प्रशासन ने घटना की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने झगड़ा कर रहे लोगों को पकड़कर थाने पहुंचाया और मारपीट करने वाले आरोपियों के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज करके शांतिभंग में निरूद्ध करके चालान किया।



**सरकारी काम में बाधा करने का आरोप लगाते हुए सीएचसी की प्रभारी ने कोतवाली में भेजा मीमो**

झगड़े की घटना से सीएचसी में भी काफी देर तक अफरातफरी की स्थिति बन गई। सीएचसी प्रभारी डॉ.पल्लवी गंगवार ने कोतवाली में मीमो भेजकर सरकारी काम में बाधा का आरोप लगाया। इस दौरान ऑक्सीजन का उपकरण के टूटने व अभिलेख फटने आदि की बात भी मीमो में कही गई है। मीमो के माध्यम से अस्पताल प्रशासन ने पुलिस को पूरी घटना से रूबरू कराया है और आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की है।

# बीस हजार रूपये के विवाद में युवक को पीटा

### तीन आरोपियों के खिलाफ मुकदमा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** 20 हजार रुपये को लेकर विवाद में युवक की बेरहमी से पिटाई की। हमले में उसके दांत टूट गए, जीभ भी कट गई। पुलिस ने मामले में तीन आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

शहर के मोहल्ला तलवार शाह निवासी अफजाल अल्वी द्वारा दर्ज कराई गई एफआईआर के मुताबिक उनका साला दानिश हाजी कॉलोनी में रहता है। बीती 14 फरवरी को रात में करीब आठ बजे नदीम, अनस व अमार ने दानिश को 20 हजार रुपये देने के लिए कांकर सराय रोड पर एक प्लॉटिंग पर बुलाया था। आरोप है कि तीनों ने उसके साथ मारपीट की, हमले में उसके दांत टूट गए, जमीन पर गिराकर पीटने से जीभ भी कट गई। बेरहमी से पिटाई करने के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। परिजनों ने घायल दानिश को निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां अब भी उसका उपचार चल रहा है। सीओ सिटी अभिषेक यादव ने तीनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू करने की बात कही

## एक नजर

### कार ने बाइक में टक्कर मारी, वृद्ध घायल

**शाह टाइम्स ब्यूरो जोया।** हसनपुर से अपनी लड़की के घर जा रहे शीश राम पुत्र उषा राम उम्र 72 वर्ष निवासी सहेलिया थाना हसनपुर के रहने वाले है। आज दोपहर अपनी लड़की के घर श्यामपुर जा रहे थे शीश राम सवारी का इंतजार कर रहे थे एक बाइक सवार को रोक कर उसकी बाइक पर सवार होकर जोया आ रहे थे जैसे उनकी बाइक सरकड़ी मार्ग नारंगपुर के बीच सामने से आ रही अज्ञात कार ने बाइक मे टक्कर मार दी जिसमे शीश राम गंभीर रूप से घायल हो गए। मौक पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस की सहायता से जोया सी एच सी मे भर्ती कराया। जोया से जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

### ब्रेजा की टक्कर से महिला घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता बछरायूं।** धनौरा-गजरौला मार्ग पर सोमवार सुबह सड़क हादसा हो गया। ग्लोबल पब्लिक स्कूल के पास तेज रफ्तार से आ रही विटारा ब्रेजा कार ने सड़क पार कर रही एक महिला को टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही महिला दूर जा गिरी और कार बेकाबू होकर सड़क किनारे खंती में जाकर पलट गई। हादसे में महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। गांव के लोगों ने तुरंत एंबुलेंस बुलवाई और घायल महिला को सीएचसी धनौरा पहुंचाया। डॉक्टरों ने हालत गंभीर देख उसे जिला अस्पताल अमरोहा रेफर कर दिया। घायल महिला का नाम छोटी सैनी निवासी सब्दलपुर खुर्द, चांदपुर बताया गया है। वह गांव मोहम्मदपुर पट्टी में रिश्तेदारी में आई थीं और सुबह घर लौटने के लिए सड़क पार कर रही थीं, तभी यह हादसा हो गया। ग्रामीणों ने बताया कि टक्कर के बाद कार सीधी खंती में जा गिरी।

### राकिमसं ने पीएम को संबोधित ज्ञापन सौंपा

# अमेरिका से दूध व कृषि समझौते का विरोध



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन ने प्रधानमंत्री को ज्ञापन भेज अमेरिका से हुए व्यापार समझौते में कृषि व दूध उत्पादों को बाहर रखे जाने की मांग की।

राकिमसं ने सोमवार को कलेकट्रेट में डिप्टी कलेक्टर ब्रजपाल सिंह को ज्ञापन सौंपा। जिसमें हाल ही में भारत और अमेरिका के बीच हुए व्यापार समझौते में कृषि व दूध उत्पादों को बाहर रखे जाने की मांग की। प्रदेश अध्यक्ष उपेन्द्र सिंह ने कहा कि अमेरिका लगातार भारत पर तेल खरीदने तथा व्यापार समझौते में कृषि व दूध पदार्थो को शामिल करने के लिए दबाव बना रहा है। उन्होंने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का ट्वीट आया है कि भारत ने रूस से तेल खरीदने से मना कर दिया है। जिससे देश के लोगों के बीच तमाम तरह की शंकाएं पैदा हो रही हैं। ज्ञापन सौंपने वालों में जिलाध्यक्ष लकी गौशल, राजवीर सिंह, अंकित महाल, सावेन्द्र सिंह, योगेन्द्र सिंह, हकीम शराफत खां, योगेश कुमार, लक्की आदि मौजूद रहे।

# पर्यटन धरोहरों के विकास में पक्षपात न हो: कमाल

### सरकार की जलजीवन मिशन योजना फ्लॉप

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** कांठ विधायक कमाल अख्तर ने पर्यटन धरोहरों के विकास के नाम पर हो रहे पक्षपात तथा सरकार द्वारा चल रही असफल जलजीवन मिशन योजना का मुद्दा सदन में उठाया।सोमवार को विधानसभा में कांठ विधायक कमाल अख्तर ने यह मुद्दा उठाते कहा कि पर्यटन धरोहर का विकास किसी एक वर्ग या क्षेत्र तक सीमित नहीं होना चाहिए बल्कि सर्वसमाज व सभी आस्था स्थलों के साथ समान व्यवहार हो। उनके विधानसभा क्षेत्र के विश्नोई समाज के भूड़ मन्दिर के जीर्णोद्धार हेतु पर्याप्त धनराशि उपलब्ध कराए जाने की मांग उन्होंने की तथा गुरू राजेन्द्रनंद जी महाराज की प्रतिमा मन्दिर परिसर के समीप स्थापित करने का अनुरोध भी उन्होंने सरकार से किया। उन्होंने चक्करकी मिलक स्थित दरगाह शाह बुलाकी का मुद्दा भी उठाते कहा कि यहां हर धर्म के लोग आस्था के साथ पहुंचते हैं। इसके लिए भी सरकार विशेष बजट प्रदान करे। श्री अख्तर ने कहा कि पानी के बिना जीवन असंभव है। परन्तु जनता को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। जिस कारण वह बीमारियों के शिकार हो रहे हैं।



# अनियंत्रित होकर घूमा सरिया लदा ट्रैक्टर

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** वजन अधिक होने से सरिया लदा ट्रैक्टर ऊपर उठकर दूसरी साइड में पहुंच गया। गनीमत रही कि इस दौरान कोई दूसरा वाहन सामने से नहीं आ रहा था वरना कोई भी बड़ा हादसा हो सकता था।

- **सड़क की दूसरी साइड में पहुंचा**

बता दें कि सोमवार को दोपहर एक ट्रैक्टर ट्राली सरिया लादकर इंदिराचौक की दिशा में आ रही थी, आधुनिक गारमेंटस के सामने अचानक ट्राली में वजन अधिक होने के कारण ट्रैक्टर ऊपर उठ गया और अनियंत्रित होकर सड़क की दूसरी साइड में पहुंच गया। हादसे के बाद लोगों की भीड़ लग गई। गनीमत रही कि कोई दूसरा वाहन सामने से नहीं आ रहा था वरना हादसा हो सकता था।



### अजित सिंह की जयंती पर लगा स्वास्थ्य शिविर

**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** रालोद के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री अजित सिंह की जयंती पर क्षेत्रीय अध्यक्ष रामवीर सिंह के कैम्प कार्यालय पर मेडिकल शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र के लोगों ने भारी संख्या में पहुंचकर अपनी जांच कराई। जबकि नेत्र रोगियों को चश्मे व दवा भी वितरित की गयी।

# मिलक में नाबालिग से अप्राकृतिक कृत्य व हत्या का आरोपी गिरफ्तार

शाह टाइम्स

**रामपुर।** मिलक में नाबालिग से अप्राकृतिक कृत्य व हत्या का आरोपी गिरफ्तार, पुलिस टीम ने शाहबाद-पटवाई रोड से दबोचा जनपद रामपुर के थाना मिलक क्षेत्र में सात वर्षीय नाबालिग के साथ अप्राकृतिक कृत्य कर मारपीट के बाद हत्या किए जाने के जघन्य मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। यह कार्रवाई रामपुर पुलिस द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत की गई। दिनांक 14.02.2026 को वादी की तहरीर के आधार पर ग्राम उदयपुर जागीर थाना मिलक निवासी गुलफाम पुत्र मुन्ने खां के विरुद्ध थाना मिलक पर मु0अ0सं0 44/26, धारा 140(4)/103(1)/351(3) बीएनएस एवं



5(क)/5(ट)/6 पॉक्सो एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया। आरोप है कि अभियुक्त ने वादी के सात वर्षीय पुत्र को चीज दिलाने का लालच देकर खेत पर ले जाकर उसके साथ अप्राकृतिक कृत्य किया। विरोध करने पर मारपीट की, जिससे बालक बेहोश हो गया और बाद में उसकी मृत्यु हो गई। तहरीर में यह भी आरोप है कि वादी द्वारा अभियुक्त के पिता मुन्ने खां से पूछताछ करने पर उन्होंने घटना से अनभिज्ञता जताई तथा जान से मारने की धमकी दी। पुलिस अधीक्षक रामपुर के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक के निकट पर्यवेक्षण में 15.02.2026 को थाना मिलक पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर वांछित अभियुक्त गुलफाम को शाहबाद-पटवाई रोड स्थित रेवड़ी कला तिराहे से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह नशे की हालत में था और बालक को बहला-फुसलाकर खेत में ले गया। वहां गलत कृत्य के दौरान बालक के शोर मचाने पर उसने मारपीट की, जिससे वह बेदम हो गया। गांव की ओर से एक महिला को आते देख वह घबरा गया और बालक को सड़क की ओर ले आया। पास के खेत में काम कर रहे बालक के भाई को यह कहकर सौंप दिया कि संभवतः सांप ने काट लिया है, और मौके से फरार हो गया। बाद में बालक की मृत्यु हो गई। पुलिस के अनुसार, आरोपी लगभग छह माह पूर्व शाहबाद स्थित नशा मुक्ति केंद्र में भी भर्ती रह चुका है। गिरफ्तार अभियुक्त गुलफाम पुत्र मुन्ने खां निवासी ग्राम उदयपुर जागीर थाना मिलक जनपद रामपुर है। उसे गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक पुष्कर सिंह, उपनिरीक्षक नीरज कुमार शर्मा तथा हेड कांस्टेबल 895 जागेश सिंह शामिल रहे। पुलिस द्वारा आरोपी को न्यायालय में प्रस्तुत कर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# शिव मंदिर ललवारा मझरा में हवन-पूजन सम्पन्न, विशाल भंडारे का आयोजन

शाह टाइम्स

**सैफनी /रामपुर ।** क्षेत्र के ललवारा मझरा स्थित शिव मंदिर में धार्मिक आस्था और उत्साह के बीच विधि-विधान से हवन-पूजन सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में क्षेत्र के श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और भगवान शिव की आराधना कर परिवार एवं क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की।हवन-पूजन के पश्चात मंदिर परिसर में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने प्रसाद ग्रहण किया। पूरे दिन मंदिर परिसर में भक्ति गीतों और मंत्रोच्चार से वातावरण भक्तिमय बना रहा। आयोजकों ने बताया कि ऐसे धार्मिक कार्यक्रम समाज में आपसी भाईचारा और सद्भाव को मजबूत करते हैं। कार्यक्रम के



सफल आयोजन पर क्षेत्रवासियों ने संतोष व्यक्त किया। कार्यक्रम में बाबा प्रेम गिरि महाराज, धुरंधर गिरि, टिंकू यादव, अमर सिंह, रामकृष्ण, पहलाद शर्मा, जयपाल यादव, गिरधारी सिंह, सुरेश यादव सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। इसके अलावा रोहन लोधी, चौबीस घंटे सेवा में लगे कमल राजपूत एवं कृष्ण पाल लोधी सहित भारी संख्या में ग्रामीणों ने सक्रिय सहयोग प्रदान किया।

# सांसद मौलाना मोहिबुल्लाह नदवी ने किया सैफनी-शाहबाद दौरा



शाह टाइम्स

**रामपुर।** रामपुर के सांसद मौलाना मोहिबुल्लाह नदवी ने सैफनी और शाहबाद क्षेत्र के विभिन्न गांवों का दौरा कर कई कार्यक्रमों में भाग लिया। इस दौरान उन्होंने सैफनी में जावेद अनवर के ह्यअमेजन ऑफिसह्ण का फीता काटकर उद्घाटन किया और कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल सेवाओं का विस्तार विकास का संकेत है। ग्राम बेरुआ और ग्राम शराएइमाम में आयोजित बैठकों में सांसद ने ग्रामीणों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और समाधान का भरोसा दिलाया। ग्राम धनोरा में उन्होंने सुहैल के दादाजी के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त करते हुए परिजनों से मुलाकात की। दौरे के दौरान नसीम मियाँ (प्रतिनिधि शाहबाद), शहीद अख्तर (प्रतिनिधि सैफनी), रोहित, नवेद, नरेश, आकाश, सुहैल, अमरपाल यादव, पप्पू समेत अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।सांसद ने कहा, ह्यजनता की सेवा और क्षेत्र का विकास हमारी प्राथमिकता है।ह्ण यह जानकारी सांसद मीडिया प्रभारी एडवोकेट महबूब अली पाशा ने दी।

# भाकियू की मासिक बैठक का हुआ आयोजन विभिन्न मुद्दों पर की चर्चा



शाह टाइम्स

**शाहबाद।** सोमवार को शाहबाद के पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में भाकियू टिकैत के कार्यकताओं की मासिक पंचायत का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता ब्लॉक अध्यक्ष खुशीराम यादव ने की। बैठक के दौरान किसानों ने भारत अमेरिका की ट्रेड डील पर नाराजगी जाहिर करते हुए उसे किसान विरोधी कदम बताया। वहीं विद्युत विभाग द्वारा क्षेत्र में लगाए जा रहे स्मार्ट मीटर पर भी नाराजगी जाहिर की। वहीं संगठन विस्तार के लिए सदस्यता अभियान चलाने पर भी मंथन हुआ साथ ही साथ चौधरी महेंद्र सिंह टिकैत के बताए हुए रास्तों पर चलने का आवाहन किया। मासिक पंचायत में ब्लॉक अध्यक्ष खुशीराम यादव, तहसील अध्यक्ष चौधरी सुंदर सिंह, युवा ब्लॉक अध्यक्ष राजवीर सिंह, युवा जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र यादव, महावीर सिंह, जगतपाल सिंह, तेजपाल सिंह, ओमप्रकाश, नवलकिशोर, प्रेम सिंह, हरकिशन, बन्नू सिंह, गुफरान खा, किशनलाल, श्रीराम, लालाराम, तेजराम, नेमचंद्र समेत दर्जनों किसान मौजूद रहे।

# आम के पेड़ से लटका मिला युवक का शव

## पुलिस ने शव को पीएम के लिए अस्पताल भेजा

शाह टाइम्स

**सैदनगर।** अजीमनगर थाना क्षेत्र में दिमागी रूप से कमजोर युवक का शव पेड़ से लटका मिला। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। परिजनों ने किसी भी कानूनी कार्यवाही करने से इनकार किया है। घटना अजीमनगर थाना क्षेत्र के सैनपुर गांव की है। गांव के नजदीक आम के बाग में ग्रामीणों ने युवक का शव लटका देखा तो सनसनी फैल गई। शव लटके होने की सूचना मिलते ही आसपास के तमाम लोगों की भीड़ मौके पर जमा होने लगी। सूचना मिलते ही थाना अध्यक्ष कर्म सिंह पाल पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच गए। पुलिस ने मौके पर जांच के लिए फोरेंसिक टीम को भी बुला लिया। पहचान होने पर मालूम हुआ युवक पास ही के गांव नगलिया



आकिल निवासी जितेंद्र सैनी उर्फ जिंदल उम्र 30 वर्ष है। युवक की मौत की सूचना घर पहुंची तो कोहराम मच गया। रोते बिलखते परिजन घटनास्थल पर पहुंच गए। परिजनों ने बताया युवक मानसिक रूप से कुछ कमजोर है और देर शाम को घर से गायब हुआ था। परिजनों की मौजूदगी में युवक के शव को पेड़ से नीचे उतारा गया। परिजनों ने कोई भी कानूनी कार्यवाही करने से साफ इनकार कर दिया। पंचनामें के बाद पुलिस ने मृतक युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। थाना अध्यक्ष कर्म सिंह पाल ने बताया मौत का कारण जानने के लिए शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। परिजनों ने कोई भी कानूनी कार्यवाही से साफ इनकार किया है। पुलिस पूरे प्रकरण की अपने स्तर से जांच कर रही है।

# दहेज उत्पीड़न का आरोप, विवाहिता ने दी तहरीर

शाह टाइम्स

**सैफनी/रामपुर।** सैफनी क्षेत्र की विवाहिता खुशी गुप्ता ने अपने ससुराल पक्ष पर दहेज में 10 लाख रुपये और स्कॉर्पियो कार की मांग, मारपीट और घर से निकालने का आरोप लगाया है। उसका कहना है कि पुत्री (10 माह) के जन्म के बाद प्रताड़ना बढ़ गई और मांग पूरी न होने पर उसे बेटी सहित घर से निकाल दिया गया। पीड़िता के अनुसार उसने बहजोई थाने में शिकायत की, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। अब उसने थाना सैफनी में तहरीर देकर एफआईआर दर्ज करने की मांग की है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# गर्भवती विवाहिता का शव पंखे से लटका मिला

**स्वार।** स्वार नगर में सोमवार को उस समय सनसनी फैल गई, जब एक 20 वर्षीय विवाहिता का शव उसके ही घर के कमरे में छत के पंखे से फांसी के फंदे पर लटका मिला। घटना की सूचना मिलते ही क्षेत्र में हड़कंप मच गया और मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना पर पुलिस पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। मृतका की पहचान मोहल्ला चक बांसों वाली मस्जिद निवासी मोहम्मद जुनैद की पत्नी मुमताज जहां के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि महिला करीब चार माह की गर्भवती थी। घटना के बाद परिजन स्तब्ध हैं और क्षेत्र में शोक का माहौल है। शादी को हुए थे दस माह मृतका के पिता जलील अहमद निवासी ग्राम कुचेटा, थाना अजीमनगर ने बताया कि उन्होंने अपनी बेटी की शादी 9 अप्रैल 2025 को जुनैद के साथ की थी। जुनैद वेल्डिंग का कार्य करता है। सूचना मिलते ही मायके पक्ष के लोग मौके पर पहुंचे और ससुराल पक्ष पर हत्या कर शव को फंदे से लटकाने का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। पति हिरासत में, अन्य सदस्य फरार पुलिस ने पूछताछ के लिए पति जुनैद को हिरासत में ले लिया है, जबकि परिवार के अन्य सदस्य घर से फरार बताए जा रहे हैं। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कोतवाल संजीव कुमार ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही महिला की मौत के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा। फिलहाल सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच की जा रही है। घटना के बाद पूरे इलाके में तरह-तरह की चर्चाएं हैं और लोग निष्पक्ष जांच की मांग कर रहे हैं।

# ऑटो से टकराकर दो युवक गंभीर घायल, एक रेफर

शाह टाइम्स
जहीर खान

**शाहबाद।** सोमवार को हुए एक सड़क हादसे में दो बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। यह दुर्घटना एक ऑटो रिक्शा से बाइक के टकराने के कारण हुई। घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहबाद पहुंचाया गया।जानकारी के अनुसार,



शाहबाद नगर के मोहल्ला बेदान निवासी रूमान पुत्र लहीक खान और मोहल्ला अफगानन निवासी फिरोज पुत्र मल्लू बाइक पर सवार होकर सैफनी से मोबाइल फोन लेकर वापस लौट रहे थे। सागरपुर के पास, आगे चल रहे एक ऑटो रिक्शा ने अचानक दूसरी ओर कट मार दिया।इस दौरान पीछे से आ रही बाइक ऑटो रिक्शा से टकरा गई। टक्कर के बाद दोनों युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर राहगीरों की भीड़ जमा हो गई।राहगीरों ने तुरंत एंबुलेंस को सूचना दी। एंबुलेंस की मदद से घायलों को सीएचसी शाहबाद ले जाया गया। डॉक्टरों ने उन्हें प्राथमिक उपचार दिया। फिरोज की गंभीर हालत को देखते हुए, उन्हें बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

# पालिका अध्यक्ष सना मामून ने वार्ड-15 में तीन सड़कों का किया उद्घाटन

शाह टाइम्स

**रामपुर।** नगर पालिका परिषद रामपुर की अध्यक्ष सना मामून ने वार्ड संख्या-15 के नालापार क्षेत्र में भुर्जी का भाड़-खटटा बुन्दन खां से अहसान रजा खां के मकान होते हुए फिरोज खां के मकान तक नवनिर्मित तीनों सड़कों का फीता काटकर उद्घाटन किया। ये सड़कें राज्य वित्त आयोग की धनराशि से निर्मित कराई गई हैं। इस अवसर पर पालिका अध्यक्ष ने कहा कि नगर का सर्वांगीण एवं चहुमुखी विकास कराना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने आश्वस्त किया कि वार्ड में शेष विकास कार्यों को भी शीघ्र पूर्ण कराया जाएगा। उद्घाटन कार्यक्रम में वार्ड-15 की सभासद श्रीमती सीमा बी, पूर्व सभासद मुन्ने साहब, सभासद सुमित कुमार, अफफान खान, मुख्य सफाई एवं खाद्य निरीक्षक दिलशाद हसन, स्टेनो विल्सन कुमार, निर्माण लिपिक रफत शेर खां, सफाई निरीक्षक मुकेश, राजीव वालियान, प्रकाश निरीक्षक अरुण, इफ्तेखार उर्फ हसन खां, तौकीर खां, अफ्फान खां, अदनान खां, फुजेल खां सहित क्षेत्रीय नागरिक मौजूद थे।

# रामपुर के 16 गांवों को साढ़े तीन करोड़ की बड़ी सौगात

## प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना के तहत सड़क, नाली व अन्य विकास कार्य; प्रस्ताव शासन को भेजा

शाह टाइम्स

**रामपुर।** जिले के 16 गांवों में जल्द ही विकास की नई तस्वीर नजर आएगी। प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना के अंतर्गत करीब साढ़े तीन करोड़ रुपये की लागत से विभिन्न आधारभूत सुविधाओं के विकास का प्रस्ताव शासन को भेजा गया है। स्वीकृति मिलते ही निर्माण कार्य शुरू करा दिए जाएंगे। योजना के तहत चयनित गांवों में इंटरलॉकिंग सड़कें, नालियों का निर्माण, सामुदायिक भवनों की मरम्मत एवं निर्माण, पेयजल व्यवस्था में सुधार और अन्य जरूरी बुनियादी कार्य कराए जाएंगे। अधिकारियों का कहना है कि इन कार्यों से ग्रामीण क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाएं मजबूत होंगी और लोगों को सीधे लाभ मिलेगा। प्रशासन ने संबंधित विभागों से प्रस्ताव तैयार कराकर शासन को अग्रसारित कर दिया है। स्वीकृति मिलने के बाद कार्यों की निविदा प्रक्रिया शुरू की जाएगी। अधिकारियों के अनुसार योजना का उद्देश्य चयनित गांवों को आदर्श ग्राम के रूप में विकसित करना है, ताकि वहां रहने वाले लोगों को शहरी क्षेत्रों जैसी सुविधाएं मिल सकें। ग्रामीणों ने भी योजना को लेकर खुशी जताई है और जल्द काम शुरू होने की उम्मीद जताई है।

फारुख अहमद खां हत्याकांड

# मुआवजे और गिरफ्तारी की मांग पर वकीलों की हड़ताल जारी

## कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन तीन सदस्यीय समिति करेगी संपत्ति जांच

शाह टाइम्स

**रामपुर।** अधिवक्ता फारुख अहमद की हत्या के विरोध में वकीलों का आंदोलन सोमवार को भी जारी रहा। वकीलों ने परिजनों को पांच करोड़ रुपये मुआवजा देने और मामले में नामजद जिला पंचायत के अपर मुख्य अधिकारी नीरज रस्तोगी की गिरफ्तारी की मांग दोहराई। बार एसोसिएशन अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद लोधी की अध्यक्षता में हुई बैठक में निर्णय लिया गया कि मांगें पूरी होने तक हड़ताल जारी रहेगी। इसके बाद वकीलों ने जुलूस निकालकर कलेक्ट्रेट परिसर में धरना दिया और मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन डीएम को सौंपा। ज्ञापन में मुख्य आरोपी की संपत्ति की जांच की भी मांग की गई।



डीएम अजय कुमार द्विवेदी और एसपी विद्या सागर मिश्र ने आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया। बार एसोसिएशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सर्वजीत सिंह ने बताया कि आरोपियों की संपत्ति की जांच के लिए तीन सदस्यीय समिति गठित कर दी गई है तथा मुआवजे के संबंध में शासन को पत्र भेजा गया है।बार महासचिव मोहम्मद उस्मान खां ने बताया कि बार एसोसिएशन हाल 11 बजे अधिवक्ताओं की मीटिंग बुलाई गई है मीटिंग के बाद आगे की रणनीति तय की जाएगी।

# फ्रेंड्स कॉलोनी में संपत्ति विवाद में फायरिंग, सौतेले बेटे समेत चार पर केस

शाह टाइम्स

**रामपुर।** सिविल लाइंस थाना क्षेत्र की फ्रेंड्स कॉलोनी में संपत्ति विवाद को लेकर सौतेले बेटे पर मकान में घुसकर फायरिंग करने का आरोप लगा है। घटना में चौकीदार बाल-बाल बच गया। पुलिस ने महिला की तहरीर पर चार लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कॉलोनी निवासी नगमा खां ने सिविल लाइंस कोतवाली में दी तहरीर में बताया कि उसका अपने सौतेले बेटे नदीम खां से संपत्ति को लेकर मामला न्यायालय में विचाराधीन है। आरोप है कि 13 फरवरी की रात नदीम खां अपने साथी चौधरी महबूब अली के साथ घर पहुंचा और चौकीदार से जबरन गेट खुलवाने का प्रयास किया। इंकार करने पर चौकीदार पर फायरिंग की गई, जिससे वह बाल-बाल बच गया। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। पीड़िता का आरोप है कि सौतेला बेटा मकान पर कब्जा करना चाहता है। पुलिस ने महबूब अली, उसके बेटे जीशान चौधरी, नदीम खां और खालिद चौधरी के खिलाफ मामला दर्ज किया है। सिविल लाइंस कोतवाल ओमकार सिंह ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

# फारुख अहमद हत्याकांडः आरोपी असगर अली का शस्त्र लाइसेंस निरस्त करने की संस्तुति

शाह टाइम्स

**रामपुर।** अधिवक्ता फारुख अहमद की हत्या में प्रयुक्त लाइसेंसी पिस्टल के शस्त्र लाइसेंस को निरस्त करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। पुलिस ने इस संबंध में प्रशासन को अपनी संस्तुति रिपोर्ट भेज दी है। जल्द ही लाइसेंस निरस्तीकरण की कार्रवाई की जाएगी। गौरतलब है कि 11 नवंबर को जिला पंचायत कार्यालय में उस समय अधिवक्ता फारुख अहमद की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी, जब वह अपनी पत्नी गौसिया निशी (वरिष्ठ लिपिक) के बुलावे पर वहां पहुंचे थे। इसी दौरान वहां तैनात लिपिक असगर अली से उनका विवाद हो गया, जिसके बाद गोली चलने की घटना हुई। हत्या का आरोप असगर अली पर है। पुलिस ने उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। मामले में जिला पंचायत के अपर मुख्य अधिकारी को भी नामजद किया गया है। पुलिस के अनुसार हत्या में असगर अली की लाइसेंसी पिस्टल का इस्तेमाल किया गया था, जिसे घटना के बाद बरामद कर लिया गया। अब उसके शस्त्र लाइसेंस को निरस्त करने की कार्रवाई की जा रही है। पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र ने बताया कि शस्त्र लाइसेंस निरस्त करने के लिए जिलाधिकारी को रिपोर्ट भेज दी गई है और प्रशासनिक प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद लाइसेंस निरस्त कर दिया जाएगा।

# मुठभेड़ में डकैती गिरोह का भंडाफोड़, चार बदमाश दबोचे

**पैर में गोली लगने से दो बदमाश घायल दरोगा और सिपाही भी जख्मी**





शाह टाइम्स ब्यूरो

**बरेली।** भोजीपुरा थाना क्षेत्र में रविवार देर रात पुलिस और डकैती गिरोह के बीच हुई मुठभेड़ में चार बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में बदमाश अकरम अली और आसिफ के पैर में गोली लगी, जबकि बदमाशों की फायरिंग में दरोगा रुक्मेश सिंह और सिपाही संजय सागर घायल हो गए। सभी घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भोजीपुरा भेजा गया, जहां उनका इलाज चल रहा है।

पुलिस के अनुसार 12 फरवरी की रात धौरा टांडा कस्बे में एक राइस मिलर के घर सशस्त्र बदमाशों ने धावा बोलकर नकदी और कीमती सामान लूट लिया था। वारदात के बाद क्षेत्र में दहशत फैल गई थी। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने कई टीमों का गठन कर आरोपियों की तलाश शुरू की थी। डकैती के बाद भागते समय गिरोह का एक सदस्य छत से कूद गया था, जिससे उसके दोनों पैर टूट गए थे और उसे स्थानीय लोगों ने पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया था। उसी से मिली जानकारी के आधार पर पुलिस बाकी साथियों की तलाश में जुटी हुई थी।

रविवार रात करीब 1:40 बजे थाना प्रभारी भोजीपुरा पुलिस बल के साथ गांव मसीत से महेशपुर शिवसिंह मार्ग पर गश्त और संदिग्ध वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान एक पिकअप वाहन संदिग्ध हालत में दिखाई दिया, जिसकी नंबर प्लेट कपड़े से ढकी हुई थी। पुलिस ने वाहन रोकने का इशारा किया, लेकिन चालक ने वाहन तेज रफ्तार से भगाने की कोशिश की। कुछ दूरी पर वाहन अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गया।

खुद को चारों ओर से घिरता देख वाहन में सवार बदमाशों ने पुलिस टीम पर ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। अचानक हुई गोलीबा. री में दरोगा रुक्मेश सिंह और सिपाही संजय सागर घायल हो गए। पुलिस ने जवाबी कार्रवाई करते हुए मोर्चा संभाला, जिसमें अकरम अली और आसिफ के पैर में गोली लगी। इसके बाद पुलिस ने घेराबंदी कर चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में सामने आया है कि घायल बदमाश अकरम अली निवासी लभेड़ा थाना हाफिजगंज और आसिफ निवासी तुलसी नगर एजाज नगर गोंटिया थाना बारादरी ने हरदोई जिले के शाहाबाद क्षेत्र में भी डकैती की वारदात को अंजाम दिया था। वहीं साहिल और शाहिद, दोनों निवासी तुलसी नगर एजाज नगर गोंटिया थाना बारादरी, को मौके से सकुशल गिरफ्तार किया गया।

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 60 हजार रुपये नकद, दो तमंचे 315 बोर, दो जिंदा कारतूस, दो खोखा और एक पिकअप वाहन बरामद किया है। पुलिस के मुता. बिक चारों के खिलाफ संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज कर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस गिरोह के अन्य संभावित सदस्यों की तलाश में भी जुटी है तथा क्षेत्र में रात्रि गश्त बढ़ा दी गई है।

# खेतों में दिखे संदिग्ध वन्य जीव से दहशत, ग्रामीणों ने बनाया वीडियो

शाह टाइम्स संवाददाता

**फतेहगंज पश्चिमी।** क्षेत्र के गांव सिरसा जागीर में इन दिनों खेतों की रखवाली कर रहे ग्रामीणों के बीच किसी वन्य जीव के देखे जाने की चर्चा से दहशत का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि पिछले कुछ दिनों से रात के समय जंगल और खेतों के आसपास किसी जंगली जानवर की हलचल महसूस की जा रही है।

गत रात करीब नौ बजे विनय सिंह, दीपक कश्यप, जयवीर और रवि सहित कुछ ग्रामीण गेहूं के खेतों की रखवाली कर रहे थे। इसी दौरान उन्हें खेत में एक संदिग्ध वन्य जीव दिखाई दिया। टॉर्च की रोशनी पड़ते ही जानवर खेत से निकलकर तेजी से अंधेरे की ओर भाग गया। ग्रामीणों ने भागते हुए जानवर का मोबाइल से वीडियो भी बना लिया। रविवार को ग्रामीणों ने इसकी जानकारी ग्राम प्रधान को दी। कुछ ग्रामीणों का अनुमान है कि जानवर तेंदुए जैसा प्रतीत हो रहा था, हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। ग्रामीणों ने बताया कि पूर्व में भी रात के समय खेतों के पास जंगली जानवर की हलचल देखी गई थी।

ग्रामीणों के अनुसार कुछ दिन पहले गांव में एक पशु पर भी हमले की बात सामने आई थी। फिलहाल ग्रामीणों ने वन विभाग से क्षेत्र में गश्त और जांच कराए जाने की मांग की है, ताकि स्थिति स्पष्ट हो सके और किसी अप्रिय घटना से बचाव किया जा सके।



# एसडीएम ने दिए फार्मर रजिस्ट्री में तेजी लाने के निर्देश

**पंचायत सहायकों के साथ की बैठक**



शाह टाइम्स संवाददाता

**मीरगंज।** फार्मर रजिस्ट्री अभियान को गति देने के उद्देश्य से सोमवार को एसडीएम आलोक कुमार ने ब्लॉक मीरगंज व फतेहगंज पश्चिमी में पंचायत सहायकों एवं रोजगार सेवकों की बैठक ली। बैठक में उन्होंने निर्देश दिए कि क्षेत्र के सभी पात्र किसानों की फार्मर आईडी शीघ्रता से बनवाई जाए।

एसडीएम ने कहा कि पंचायत सहायक और रोजगार सेवक स्थानीय निवासी होने के कारण गांव के अधिकांश किसानों को भली-भांति जानते हैं और सुबह-शाम गांव में उपलब्ध रहते हैं। ऐसे में किसानों की फार्मर रजिस्ट्री कराने में उनकी भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है।

उन्होंने कहा कि जो किसान बाहर रह रहे हैं, उनकी भी फार्मर आईडी पंचायत सहायक और रोजगार सेवकों के सहयोग से बनाई जा सकती है।

बैठक में बीडीओ विजय आनंद, एडीओ कृषि राजेश कुमार एवं एडीओ पंचायत वीपी सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने लक्ष्य के अनुरूप कार्य पूर्ण करने पर जोर दिया।

# पंडरा के प्राथमिक विद्यालय में लगा टीकारण कैम्प, दी जानकारी



शाह टाइम्स संवाददाता

**नवाबगंज।** क्षेत्र के गांव पंडरा स्थित प्राथमिक विद्यालय में लगे टीकाकरण कैम्प का भाजपा महिला मोर्चा की जिला महासचिव डॉक्टर मीनाक्षी गंगवार और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर अमित गंगवार ने उदघाटन किया।

विद्यालय में लगे इस कैम्प में मीनाक्षी गंगवार ने कहा कि टीकारण अभियान सरकार के सबसे महत्वपूर्ण कार्यक्रमों में से एक है। कैम्प में विद्यालय के छात्र-छात्राओं का टीकारण किया गया। अभियान में खसरा, काष्ठमाला, रुबेला जो गर्भवती महिलाओं को होता है की जानकारी दी गई, साथ ही इसके बचाव के बारे में बताया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर अमित गंगवार ने बताया कि इस रुबेला रोग से शिशु के अंधेपन और दिल की बीमारी होने का अंदेशा रहता है।

एमआर अभियान के अंतर्गत लगे इस टीकारण अभियान में एएनएम प्रिया गंगवार, सहायक अध्यापिका पूनम शर्मा, मुकेश गंगवार, आंगनवाड़ी सहायिका गीता श्रीवास्तव, बीएलओ संजय गंगवार के साथ ही गांव के लोगों ने शिरकत की।

# विधायक डा. एमपी आर्य ने विधानसभा में उठाए क्षेत्र के मुद्दे



शाह टाइम्स संवाददाता

**नवाबगंज।** क्षेत्र के विधायक डॉ. एमपी आर्य ने सोमवार को विधानसभा में क्षेत्र के औद्योगिक विकास, सड़क, पुल, न्याय व्यवस्था और स्वास्थ्य सुविधाओं से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दे उठाए। उन्होंने क्षेत्र के समग्र विकास के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की।

विधायक डॉक्टर एमपी आर्य ने विधानसभा में कहा कि नवाबगंज से कुंडरा कोठी को जोड़ने वाली सड़क पर यातायात का दबाव लगातार बढ़ रहा है। इस मार्ग का चौड़ीकरण कराया जाए तो आवागमन सुगम होगा, साथ ही व्यापारिक गति. विधियों को भी बढ़ावा मिलेगा।

इसके अलावा उन्होंने नवाबगंज से बरखेड़ा मार्ग पर अधकटा रब्बानी बेगम के पास अप्सरा नदी पर बने पुल को जर्जर बताते हुए पुल के शीघ्र पुनर्निर्माण की मांग की।

इसके साथ ही विधायक ने कहा कि नवाबगंज में मुंसिफ कोर्ट स्वीकृत हो चुका है, न्यायालय के लिए भूमि चिन्हित कर बाउंड्रीवाल भी कराई जा चुकी है, उन्होंने इसके निर्माण के लिए धन स्वीकृत करने की मांग की।

श्री आर्य ने महावट बिरादरी को अनुसूचित जाति के बजाय अनुसूचित जनजाति का प्रमाण पत्र दिए जाने की मांग की।

विधायक डॉक्टर एमपी आर्य ने कहा कि सीएचसी नवाबगंज में अब अल्ट्रासाउंड, डिजिटल एक्स-रे और सीजर (ऑपरेशन) की सुविधा उपलब्ध है, जिससे क्षेत्रवासियों को बेहतर उपचार मिल रहा है।

विधायक ने कहा कि क्षेत्र के औद्योगिक एवं रोजगार विकास के लिए भी प्रस्ताव रखा गया है, जिससे युवाओं को स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर मिल सकें। विधायक डॉक्टर एमपी आर्य द्वारा विधानसभा में क्षेत्र की प्रमुख समस्याओं को उठाए जाने की क्षेत्र में उनकी जमकर प्रशंसा हो रही है।

# दरगाह आला हजरत पर हज यात्रियों का किया गया टीकाकरण

**उलेमा ने ट्रेनिंग कैम्प में बताए हज के अरकान**



शाह टाइम्स ब्यूरो

**बरेली।** सोमवार को दरगाह आला हजरत परिसर में आजम. ीन-ए-हज के लिए विशेष ट्रेनिंग व टीकाकरण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जिले भर से लगभग 100 हज यात्रियों का स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा टीकाकरण किया गया। जिला चिकित्सालय की टीम ने डीआईओ डॉ. प्रशांत रंजन के नेतृत्व में तथा डॉ. साहिबान अली की निगरानी में टीकाकरण प्रक्रिया सम्पन्न कराई।

दरगाह के मीडिया प्रभारी नासिर कुरैशी ने बताया कि हज यात्रियों की सहूलियत को ध्यान में रखते हुए दरगाह प्रमुख हजरत मौलाना सुब्हान रजा खान (सुब्हानी मियां) की सरपरस्ती और सज्जादानशीन मुफ्ती अहसन रजा कादरी (अहसन मियां) की सदारत में दरगाह स्थित मदरसा मंजर-ए-इस्लाम में सुबह 10 बजे तिलावत-ए-कुरान से कैम्प का आगाज हुआ।

शिविर में कई ऐसे आजमीन भी शामिल हुए, जिन्होंने टीकाकरण अन्य स्थानों पर कराया था, लेकिन हज ट्रेनिंग दरगाह पर प्राप्त की। इस अवसर पर मुफ्ती जमील और मुफ्ती सलीम नूरी बरेलवी ने हज के अहम अरकान विस्तार से बताए। उन्होंने कहा कि 8, 9, 10, 11 और 12 जिलहिज्जा हज के अत्यंत महत्वपूर्ण दिन होते हैं। हज के दौरान अदा की जाने वाली रस्मेंख़्काबा शरीफ का तवाफ, एहराम बांधने का सही तरीका, सई (सफा और मरवा के बीच चलना), शैतान को कंकड़ी मारना, तथा मीना और अराफात के मैदान में अदा की जाने वाली इबादत के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। हज ट्रेनर सुहैल साबरी और रिजवाना खान ने बताया कि सऊदी अरब में किसी भी प्रकार की सहायता के लिए हेल्पलाइन नंबर 1966 पर संपर्क किया जा सकता है। उन्होंने सभी आजमीन से स्मार्ट फोन चलाने की तैयारी रखने, आवश्यक दस्तावेज सुरक्षित रखने और हज सफर में ले जाने वाले सामान की सूची पर विशेष ध्यान देने की अपील की। साथ ही हज यात्रा के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में भी विस्तार से बताया गया। दरगाह की ओर से सभी हज यात्रियों को "हज व जियारत" पुस्तक वितरित की गई, जिसमें हज की पूरी प्रक्रिया सरल भाषा में समझाई गई है।

इस मौके पर मौलाना अबरार उल हक, अनवारुल सादात, नाजिम रजा, अल्पसंख्यक विभाग से मोहम्मद राशिद, हाजी ताजुद्दीन, रईस अहमद, आफताब सुहैल, इकबाल अख्तर सहित स्वास्थ्य विभाग से शाहिद रजा, स्नेहिल सिंह, अंशिका सक्सेना, मोनिका रावत और राखी त्रिपाठी का विशेष सहयोग रहा। शि. विर में नवाबगंज, फतेहगंज, मीरग. ंज, फरीदपुर, आंवला और अलीगंज सहित शहर व ग्रामीण क्षेत्रों के आजमीन-ए-हज का टीकाकरण किया गया।

# गड्डे में गिरने से तीन वर्षीय बच्ची की मौत



शाह टाइम्स संवाददाता

**मीरगंज।** थाना क्षेत्र के गांव सिमरिया में रविवार को एक तीन वर्षीय मासूम बच्ची की मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में को. हराम मच गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार गांव के पंचायत घर के पास भंडारा चल रहा था। इसी दौरान सिमरिया निवासी छोटेलाल की तीन वर्षीय पुत्री साक्षी अकेले वहां पहुंच गई। बताया जाता है कि किसी समय आबादी के पास बने पानी भरे गड्ढे में बच्ची गिर गई। काफी देर तक बच्ची नजर नहीं आई तो परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। खोजबीन के दौरान गड्ढे में बच्ची का शव मिला। जब तक उसे बाहर निकाला गया, तब तक उसकी सांसें थम चुकी थीं। मां उर्मिला का रो-रोकर बुरा हाल है।ग्रामीणों ने बताया कि लगभग एक वर्ष पूर्व क्षेत्र में जल निकासी की समस्या को लेकर तहसील प्रशासन द्वारा व्यवस्था कराई गई थी। बाद में खेतों में पानी जाने से फसल प्रभावित होने की शिकायत पर पानी को रोककर गड्ढा बनाया गया, जिसमें तब से पानी एकत्रित हो रहा है।सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## एक नजर

### नाले को लेकर फिर बढ़ा विवाद, खुलवाने के बाद दोबारा किया गया बंद

शाह टाइम्स संवाददाता

**मीरगंज।** स्थानीय तहसील क्षेत्र के गांव सिल्लापुर में कच्चे नाले को लेकर विवाद एक बार फिर सामने आया है। बताया जाता है कि कुछ घरों से निकलने वाला पानी कच्चे नाले के माध्यम से तालाब की ओर जाता है, लेकिन गांव के कुछ लोगों द्वारा नाले को बंद कर दिया गया था।

ग्राम प्रधान यशवंत सिंह ने इस संबंध में खंड विकास अधिकारी को अवगत कराते हुए नाला खुलवाने की मांग की थी।सोमवार को एडीओ आईएसबी व सचिव पुलिस टीम के साथ गांव पहुंचे।अधिकारियों की मौजूदगी में सफाई कर्मचारियों द्वारा नाले को खुलवा दिया गया, जिससे पानी की निकासी पुनः शुरू हो सकी।हालांकि, ब्लॉक व पुलिस टीम के वापस लौटने के बाद एक परिवार के लोगों द्वारा नाले को दोबारा बंद किए जाने की सूचना है। प्रधान के अनुसार, इस दौरान कहासुनी की स्थिति बनी, जिसके चलते सफाई कर्मचारियों ने काम रोक दिया।उल्लेखनीय है कि नाले की निकासी को लेकर गांव में लंबे समय से विवाद चला आ रहा है।

### आरपी कालेज में बिना हेलमेट वाहन चलाने पर विद्यार्थियों को किया जागरूक

शाह टाइम्स संवाददाता

**मीरगंज।** भारत सरकार द्वारा संचालित सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत राजेंद्र प्रसाद डिग्री कॉलेज में सड़क सुरक्षा क्लब की ओर से विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. एस. के. सिंह के निर्देशन में आयोजित किया गया।

अभियान के दौरान महाविद्यालय परिसर में प्रवेश करने वाले विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया। सड़क सुरक्षा क्लब की टीम ने बिना हेलमेट और आवश्यक दस्तावेजों के वाहन चलाने के जोखिम के बारे में जानकारी दी तथा सुरक्षित ड्राइविंग के लिए प्रेरित किया।कार्यक्रम का संचालन सड़क सुरक्षा के नोडल अधिकारी डॉ. मोहम्मद आतिफ खान ने किया। उन्होंने उपस्थित लोगों को सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम, यातायात नियमों के पालन और आपात स्थिति में घायलों की सहायता के महत्व के बारे में विस्तार से बताया।इस अवसर पर प्रो. विजय बहादुर बिष्ट, डॉ. मनोज कुमार शर्मा, डॉ. शिव प्रताप सिंह प्रभारी, रोवर एवं रेंजर्स, बी.के. पदान, डॉ. सचिन गिरी, वीरेंद्र शर्मा सहित अन्य स्टाफ उपस्थित रहा।

### छापामारी में बन्द मिला स्कूल, खण्ड शिक्षा अधिकारी ने नोटिस जारी कर मांगा जवाब

शाह टाइम्स संवाददाता

**नवाबगंज।** विकास क्षेत्र भदपुरा के गांव डंडुआ के प्राथमिक विद्यालय का बुरा हाल है। विद्यालय के आए दिन समय से खुलने और बन्द न होने की शिकायतों पर शनिवार को खण्ड शिक्षा अधिकारी विजय कुमार ने छापा मारा, जिसमें स्कूल के बन्द होने पर इंचार्ज अध्यापिका और शिक्षा मित्र को नोटिस जारी कर तीन दिन के अंदर जवाब मांगा है।

गांव के इस विद्यालय में मात्र 19 छात्र पंजीकृत हैं। विधायक की इंचार्ज अध्यापिका सुनीता गंगवार के साथ ही एक शिक्षा मित्र है। शनिवार को भदपुरा ब्लॉक के खण्ड शिक्षा अधिकारी विजय कुमार जब विद्यालय पहुंचे तो उन्हें विद्यालय बंद मिला। खण्ड शिक्षा अधिकारी ने दोनों ही शिक्षकों को नोटिस जारी करते हुए तीन दिन में जवाब मांगा है। एबीएसए की इस छापामारी का शिक्षकों पर कोई असर होता नजर नहीं आ रहा है, जिसके चलते सोमवार को भी विद्यालय 10 बजे के बाद खुल सका।

### शादी का झांसा देकर यौन शोषण करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल



शाह टाइम्स संवाददाता

**शीशगढ़।** शादी का झांसा देकर युवती के घर में घुसकर जबरन दुष्कर्म करने व अश्लील वीडियो बनाकर योन शोषण करने बाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थाना प्रभारी निरीक्षक हरेंद्र सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र के एक गाँव निवासी युवती ने पुलिस को बताया कि लगभग 4 माह पूर्व पड़ोसी नाजिम ने उसके घर में घुसकर जबरन दुष्कर्म किया। पकड़े जाने पर पंचायत में दोनों के निकाह की बात पर दोनों पक्ष राजी हो गए। आरोप था कि तभी से उपरोक्त नाजिम उसके साथ लगातार यौन शोषण करता आ रहा था। जिसने उसकी अश्लील वीडियो भी बना रखी है। पीड़िता द्वारा निकाह का दबाव बनाने पर उसने वीडियो वायरल करने की धमकी भी दी थी। शादी के लिए जब वह आरोपी के घर गई तो आरोपी के बहनोई शफीक व असलम ने गाली गलौज कर पीटकर भगा दिया। पुलिस ने मुख्य आरोपित नाजिम, शफीक व असलम सहित तीन के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर मुख्य आरोपित नाजिम को गिरफ्तार कर सोमवार को जेल भेज दिया। बाकी दोनों आरोपियों की तलाश में पुलिस दबिश दे रही है।

### विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026: 3.23 करोड़ नोटिस जारी, 90 लाख मामलों की सुनवाई पूर्ण

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ/बरेली।** कार्यालय मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार प्रदेश में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम-2026 के अंतर्गत मतदाता सूची को त्रुटिरहित, अद्यतन एवं पारदर्शी बनाने की कार्यवाही तेजी से जारी है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि 6 जनवरी 2026 को प्रकाशित आलेख्य मतदाता सूची के आधार पर नो-मैपिंग से संबंधित 1 करोड़ 04 लाख तथा तार्किक विसंगतियों से संबंधित 2 करोड़ 22 लाख मतदाताओं सहित कुल 3 करोड़ 26 लाख मतदाताओं को नोटिस जारी किए जाने हैं।

अब तक कुल 3 करोड़ 23 लाख नोटिस निर्गत किए जा चुके हैं। इनमें से लगभग 1 करोड़ 58 लाख से अधिक नोटिस बूथ लेवल अधिकारियों द्वारा संबंधित मतदाताओं को प्राप्त करा दिए गए हैं। प्राप्त कराए गए नोटिसों में से लगभग 90 लाख मामलों में अधिसूचित अधिकारियों द्वारा सुनवाई की प्रक्रिया भी पूर्ण कर ली गई है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि सुनवाई प्रक्रिया को सुव्यवस्थित और पारदर्शी बनाने के लिए प्रदेश में कुल 13,161 अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। इनमें 403 निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (ईआरओ) और 12,758 सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (एईआरओ) शामिल हैं। उन्होंने बताया कि विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम-2026 के प्रारंभ में प्रदेश में 2,042 एईआरओ कार्यरत थे। इसके बाद अधिसूचना दिनांक 30 दिसंबर 2025 के माध्यम से 6,948 एईआरओ तथा 13 फरवरी 2026 की अधिसूचना के माध्यम से 3,768 अतिरिक्त एईआरओ नियुक्त किए गए, जिससे सुनवाई प्रक्रिया को और गति मिली है।

# मोबाइल बरामदगी में नंबर वन बना बरेली

**जनवरी में 130 पफोन लौटाए, प्रदेश में पहला स्थान**



शाह टाइम्स ब्यूरो

**बरेली।** मोबाइल गुम हो जाने के बाद अक्सर आम लोग उसके मिलने की उम्मीद छोड़ देते हैं, लेकिन बरेली पुलिस ने इस सोच को बदल दिया है। जनवरी माह में खोए हुए मोबाइल फोन बरामद कर उन्हें उनके वास्तविक मालिकों तक पहुंचाने के मामले में बरेली ने पूरे उत्तर प्रदेश में पहला स्थान हासिल किया है। यह उपलब्धि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य की सख्त मॉनिटरिंग और प्रभावी कार्ययोजना का परिणाम मानी जा रही है।

जनवरी माह में मोबाइल ट्रेसिंग के कुल 219 प्रकरण दर्ज किए गए। इनमें से 130 मोबाइल फोन सफलतापूर्वक बरामद कर सीधे उनके स्वामियों को सौंप दिए गए। रिकवरी प्रतिशत 59.36 रहा, जबकि बरामद मोबाइल की संख्या के आधार पर वॉल्यूम स्कोर सौ प्रतिशत दर्ज किया गया। सत्तर-तीस के फार्मूले से निकला अंतिम स्कोर 71.55 रहा, जिसने बरेली को प्रदेश में शीर्ष स्थान पर पहुंचा दिया।

कुछ समय पहले तक मोबाइल गुम होने पर पीड़ितों को थानों के चक्कर काटने पड़ते थे, लेकिन अब व्यवस्था में स्पष्ट बदलाव दिख रहा है। शिकायत दर्ज होते ही संबंधित थाना और साइबर सेल की टीम सक्रिय हो जाती है।

आईएमईआई नंबर के जरिए मोबाइल की ट्रेसिंग, नेटवर्क कंपनियों से समन्वय और लगातार फॉलोअप की रणनीति ने बेहतर परिणाम दिए हैं। एसएसपी अनुराग आर्य की सीधी निगरानी में सभी थानों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि मोबाइल गुमशुदगी के मामलों को हल्के में न लिया जाए।

साइबर सेल ने तकनीकी जांच और डिजिटल ट्रैकिंग के माध्यम से मोबाइल की लोकेशन खंगाली। कई मोबाइल अन्य जनपदों से भी बरामद किए गए, जिससे यह साबित हुआ कि समन्वित प्रयास और तकनीकी दक्षता से बेहतर नतीजे संभव हैं।

एसएसपी अनुराग आर्य ने कहा कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। आमजन से अपील की गई है कि मोबाइल गुम होने पर तुरंत सूचना दें और अपने फोन का आईएमईआई नंबर सुरक्षित रखें। खोए मोबाइल की लगातार हो रही बरामदगी ने यह साबित कर दिया है कि जब निगरानी सख्त हो और मंशा स्पष्ट हो, तो परिणाम भी प्रदेश में नंबर वन स्तर के मिलते हैं।

# अलंकार अग्निहोत्री ने किया नई राष्ट्रीय पार्टी के गठन का ऐलान

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बरेली।** बरेली के पूर्व सिटी मजिस्ट्रेट अलंकार अग्निहोत्री रविवार को एक बार फिर शहर पहुंचे और कैंट स्थित परशुराम धाम में दर्शन कर मत्था टेका। इस दौरान समर्थकों की भारी भीड़ ने उनका जोरदार स्वागत किया। मंदिर परिसर में मौजूद लोगों ने नारेबाजी कर उनका उत्साहवर्धन किया।

दर्शन के बाद मीडिया से बातचीत में अलंकार अग्निहोत्री ने भारतीय जनता पार्टी की नीतियों पर तीखे सवाल उठाए और स्पष्ट किया कि वे शीघ्र ही एक नई राष्ट्रीय राजनीतिक पार्टी का गठन करने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस संबंध में सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ताओं से परामर्श लिया जा चुका है और अगले 20 से 25 दिनों के भीतर पार्टी का नाम, संविधान और घोषणापत्र तैयार कर निर्वाचन आयोग को पंजीकरण के लिए आवेदन कर दिया जाएगा। अग्निहोत्री ने दावा किया कि भाजपा का कोर वोटर अब उससे अलग हो चुका है और देश को एक नए राजनीतिक विकल्प की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान राजनीतिक परिस्थितियों में आम जनता स्वयं को उपेक्षित महसूस कर रही है और यही कारण है कि वैकल्पिक राजनीति की मांग तेजी से बढ़ रही है। उन्होंने वर्ष 2018 में सुप्रीम कोर्ट के एससी-एसटी एक्ट संबंधी फैसले, रुचि तिवारी प्रकरण और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चर्चित एपस्टाइन फाइल्स का उल्लेख करते हुए केंद्र सरकार की कार्यप्रणाली की आलोचना की। साथ ही अपनी ही बिरादरी के कुछ प्रभावशाली लोगों पर कटाक्ष करते हुए कहा कि राजनीति में पारदर्शिता और जवाबदेही की कमी ने व्यवस्था को कमजोर किया है। अलंकार अग्निहोत्री ने यह भी दावा किया कि सत्ताधारी दल के कई पदाधिकारी उनके संपर्क में हैं और नई पार्टी के गठन के बाद वे उनके साथ जुड़ सकते हैं।

# अफगानिस्तान ने चखा जीत का स्वाद

## अजमतुल्लाह उमरजेई ने चार विकेट व नाबाद 40 रन, इब्राहिम जादरान ने 53 रन और दरवेश रसूली ने 33 रनों की शानदार पारियां खेली




**नई दिल्ली, वार्ता।** अजमतउल्लाह ओमरजई (चार विकेट/ नाबाद 40 रन), इब्राहिम जदरान (53) और दरवेश रसूली (33) के शानदार प्रदर्शन की बदौलत अफगानिस्तान ने सोमवार को टी-20 विश्वकप के 28वें मुकाबले में संयुक्त अरब अमीरात को चार गेंदे शेष रहते पांच विकेट हरा कर टूर्नामेंट में पहली जीत दर्ज की। 161 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी अफगानिस्तान की शुरुआत अच्छी नहीं हुई और उसने पहले ही ओवर में रहमानउल्लाह गुरबाज (शून्य) का विकेट गंवा दिया। इसके बाद इब्राहिम जदरान और गुलबदीन नईब की जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 40 रन जोड़े। छठे ओवर में मुहम्मद इरफान ने गुलबदीन नईब (13) को आउटकर इस साझेदारी का अंत किया। सेदिफुल्लाह अटल (16) रन बनाकर तीसरे विकेट के रूप में आउट हुए। इस दौरान इब्राहिम जरदान एक छोर थामे रन बनाते रहे और उन्होंने अपना अर्द्धशतक भी पूरा किया। 14वें ओवर में इरफान ने इब्राहिम जदरान को आउटकर अफगानिस्तान को बड़ा झटका दिया। इब्राहिम जरदान 41 गेंदों में छह चौके और एक छक्का लगाते हुए 53 रनों की पारी खेली। डरविश रसूली ने 23 गेंदों में तीन चौके ओर एक छक्का लगाते हुए 33 रन बनाए। अफगानिस्तान ने 19-2 ओवर में पांच विकेट पर 162 रन बनाकर मुकाबला पांच विकेट से अपने नाम किया। अजमतउल्लाह ओमरजई ने 21 गेंदों में दो चौके और तीन छक्के लगाते हुए नाबाद 40 रनों की मैच विजई पारी खेली। यूएई के लिए जुनैद सिद्दीकी और मुहम्मद इरफान ने दो-दो विकेट लिए। मुहम्मद जवादुल्लाह ने एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले आज यहां सोहैब खान (68) और आलीशान शराफु (40) की शानदार बल्लेबाजी के दम पर संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने अफगानिस्तान के खिलाफ नौ विकेट पर 160 रनों का स्कोर खड़ा किया। अफगानिस्तान ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी यूएई की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 13 के स्कोर पर अपने दो विकेट गंवा दिए। आर्यंष शर्मा (शून्य), कप्तान मुहम्मद वसीम (10) रन बनाकर आउट हुए। सोहैब खान और आलीशान शराफु की जोड़ी ने पारी को संभाला और तीसरे विकेट के लिए 84 रन जोड़े। 12वें ओवर में मुजीब उर रहमान ने आलीशान शराफु को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। आलीशान शराफु ने 31 गेंदों में तीन चौके और दो छक्के उड़ाते हुए 40 रनों की पारी खेली।

## टी-20 क्रिकेट में 700 विकेट लेने वाले पहले गेंदबाज बने राशिद खान

**नई दिल्ली, वार्ता।** अफगानिस्तान के कप्तान राशिद खान टी-20 क्रिकेट में 700 विकेट लेने वाले पहले गेंदबाज बन गए हैं। राशिद ने आज यहां संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के खिलाफ टी-20 विश्व कप मैच में मोहम्मद अरफ़ान को आउट कर यह उपलब्धि हासिल की। मैच से पहले राशिद के नाम 699 विकेट थे। उन्होंने यूएई की पारी के 16वें ओवर में अरफान को हिट विकेट कराकर अपना ऐतिहासिक 700वां विकेट लिया। अफगानिस्तान के कप्तान को इस मील के पत्थर तक पहुंचने के लिए थोड़ा इंतजार करना पड़ा। पिछले सप्ताह दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ उन्होंने 698वां और 699वां विकेट लिया था, लेकिन इस मैच में शुरुआती 3-2 ओवर उनके बिना सफलता के गए। उन्होंने पहले 20 गेंदों में 17 रन दिए। फिर अरफान रिवर्स स्वीप खेलने के लिए घूमे, लेकिन शॉट को मिस किया और फिर बैलेंस होने के चक्कर में स्टंप को टच कर बैठे। इस मामले में संन्यास ले चुके ब्रावो 631 विकेट के साथ दूसरे स्थान पर हैं।

### संक्षिप्त खेल समाचार

#### दिल्ली सरकार ने तीन खो-खो विश्व कप विजेताओं को 75-75 लाख रुपये दिए

**नई दिल्ली, वार्ता।** खो खो विश्वकप 2025 में को भाग ले चुके दिल्ली के तीन खो-खो खिलाड़ियों, मेहुल, अंशु कुमारी और नसरीन, को मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने 75-75 लाख रुपये के नकद पुरस्कार से सम्मानित किया। श्रीमती रेखा गुप्ता ने शुक्रवार को दिल्ल खेल महाकुंभ के उद्घाटन के समय अवसर इन खिलाड़ियों को ये नकद पुरस्कर दिये। भारत ने इस उद्घाटन टूर्नामेंट में पुरुष और महिला दोनों वर्गों में खिताब जीता। यह प्रतियोगिता 13 से 19 जनवरी 2025 तक नई दिल्ली के आईजी स्टेडियम में आयोजित की गई थी, जिसमें 23 देशों की 20 पुरुष और 19 महिला टीमें शामिल हुईं, सभी छह महाद्वीपों से प्रतिनिधित्व मिला। 21 वर्षीय मेहुल ने इस वर्ष ओपन स्कूलिंग के माध्यम से कक्षा 12 की परीक्षा दी है।

#### शिकोंगो चोटिल नामीबिया ने एलेक्स वोल्शेंक को बुलाया

**कोलंबो, वार्ता।** नामीबिया ने भारत और श्रीलंका में चल रहे टी-20 विश्व कप 2026 के बाकी मैचों के लिए बेन शिकोंगो की चोट के कारण उनकी जगह एलेक्स वोल्शेंक को बुलाया है। 12 फरवरी को भारत के खिलाफ मैच में दाहिनी जांघ में चोट लगने के कारण शिकोंगो के बाहर होने पर आईसीसी ने वोल्शेंक को रिप्लेसमेंट के तौर पर मंजूरी दी है।नामीबिया का आखिरी मैच 18 फरवरी को कोलंबो में पाकिस्तान के खिलाफ होगा। स्कॉटलैंड ने सफ्यान शरीफ की जगह जैक जार्विस को अपनी टीम में शामिल किया है। जार्विस ने स्कॉटलैंड के लिए आठ टी-20 मैच खेले हैं और वह पहले से ही टीम के साथ ट्रैवलिग रिजर्व के तौर पर थे। 12 फरवरी को टीम ट्रेनिग सेशन के दौरान सीमर शरीफ के दाहिने ग्रो. इन में चोट लग गई।

# सूर्या ने इशान किशन बल्लेबाजी-गेंदबाजी को सराहा



● पाक पर 61 रनों की जीत दर्ज करने के बाद कहा कि यह जीत भारत के लिए है

**कोलंबो, वार्ता।** भारतीय टी-20 टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव ने पाकिस्तान के खिलाफ शानदार बल्लेबाजी करने इशान किशन और गेंदबाजों की सराहना की। पाकिस्तान पर 61 रनों से जीत दर्ज करने के बाद सूर्यकुमार ने कहा कि यह जीत के लिए भारत के लिए है। लेकिन हम इसी तरह की क्रिकेट खेलना चाहते हैं और टॉस के दौरान जैसा कि मैंने कहा था कि हम पहले बल्लेबाजी ही करना चाहते थे। शुरुआत में हमने विकेट गंवा दिया था लेकिन किशन ने बढ़िया बल्लेबाजी की। 155 का स्कोर मुकाबले को करीबी बना सकता था लेकिन 175 पार स्कोर था।

तिलक, रिकू, शिवम सबने बढ़िया बल्लेबाजी की और गेंदबा. जी में सभी ने अच्छा प्रदर्शन किया। वहीं प्लेयर ऑफ द मैच इशान किशन ने कहा कि विकेट इतनी आसान नहीं थी लेकिन आपको अपने आप पर विश्वास रखना होता है इसलिए मैं केवल गेंद को देखकर खेलने का प्रयास कर रहा था। मैंने ऑफ साइड गेम पर बेहद काम किया है, यह बड़ा ग्राउंड है और यहां गैप भी मिलता है इसलिए मैं गैप में खेलने की कोशिश कर रहा था। भारत बनाम पाकिस्तान मुकाबला हमेशा खास होता है, न केवल हमारे लिए बल्कि हमारे देश के लिए भी। उनकी टीम में काफी अच्छे स्पिनर थे और इस जीत से हमें टूर्नामेंट में आगे के लिए काफी आत्मविश्वास मिलेगा।

## आक्रामक बल्लेबाजी से पहले क्रीज पर समय बिताए अभिषेक शर्मा : रवि शास्त्री

**कोलंबो, वार्ता।** भारतीय टीम के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री ने सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा अपनी पारी की शुरुआत में अधिक धैर्य रखने की सलाह दी है। पाकिस्तान पर भारत की 61 रन की जबरदस्त जीत के दौरान अभिषेक बिना किसी रन के आउट होने पर शास्त्री ने कहा कि अभिषेक को आक्रामक बल्लेबाजी से पहले क्रीज पर अधिक समय बिताने की सलाह दी है। आईसीसी ने शास्त्री के हवाले से कहा कि मुझे लगता है कि वह खेलने लायक है, लेकिन उसे स्वयं को थोड़ा और समय देना होगा। ऐसी चीजे होती हैं, और आप गुस्से में आ सकते हैं, लेकिन उसे वापस पटरी पर आने तक खुद को थोड़ा और समय देना होगा। उन्होंने कहा कि क्योंकि उसके लिए बाद में उन डॉट बॉल को बाउंड्री और छक्के में बदलना मुश्किल नहीं है। इसके उलट, विकेटकीपर-बल्लेबाज ईशान किशन शानदार फॉर्म में हैं, उन्होंने पाकिस्तान के खिलाफ 40 गेंदों पर 77 रन बनाकर प्लेयर ऑफ द मैच का अवॉर्ड जीता, यह टूर्नामेंट में उनका लगातार दूसरा अर्द्धशतक है। किशन के प्रदर्शन की तारीफ करते हुए शास्त्री ने कहा कि वह इस समय सपने जैसी बल्लेबाजी कर रहा है। उस ट्रैक पर 200 के करीब की रफ्तार से बल्लेबाजी करना अविश्वसनीय है। हर बल्लेबाज को यह आसान नहीं लगा क्योंकि गेंद रुक रही थी, और जिस तरह से उसने बल्लेबाजी की तथा जिस तेजी से उसने हालात का अंदाजा लगाया, वह बहुत बढ़िया था।

# देवदत्त पड़िक्कल का दोहरा शतक, कर्नाटक ने बनाए 686/6



● देवदत्त पड़िक्कल की 232 रनों की पारी की बदौलत कर्नाटक ने सेमीफाइनल में अपनी स्थिति मजबूत कर ली

**लखनऊ, वार्ता।** देवदत्त पड़िक्कल (232) और आर स्मरण (नाबाद 121) की शानदार पारियों की बदौलत कर्नाटक ने रणजी ट्रॉफी के पहले सेमीफाइनल के दूसरे दिन सोमवार को उत्तराखंड के खिलाफ स्टंप के समय छह विकेट पर 689 रन बनाकर अपनी स्थिति मजबूत कर ली है।

आज यहां कर्नाटक ने कल के दो विकेट पर 355 रनों से आगे खेलना शुरु किया। सुबह के सत्र में कर्नाटक का तीसरा विकेट करुण नायर (60) के रूप में गिरा। इसके बाद कप्तान देवत्त पडिक्कल ने अपना दोहरा शतक पूरा किया। वह चौथे विकेट के रूप में आउट हुए। उन्होंने 330 गें. दों में 29 चौके और तीन छक्कों की मदद से 232 रन की पारी खेली। श्रेयस गोपाल (शून्य) और कृतिक कृष्णा (60) रन बनाकर आउट हुए। दिन का खेल समाप्त होने के समय कर्नाटक ने छह विकेट पर 689 रन बना लिए थे। आर स्मरण (नाबाद 121) और विद्याधर पाटिल (नाबाद 35) क्रीज पर मौजूद है। उत्तराखंड के लिए आदित्य रावत ने तीन विकेट लिए। अभय नेगी, अवनीश सुधा और लक्ष्य रायचंदानी ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

# चोटिल हेजलवुड विश्वकप से हुए बाहर




● जॉश हेजलवुड की जगह स्टीव स्मिथ को टीम में शामिल किया गया है

**पल्लेकेले, वार्ता।** ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउडर जॉश हेजलवुड पिडली की चोट के कारण टी-20 विश्वकप 2026 से बाहर हो गए है। उनकी जगह टीम में स्टीव स्मिथ को शामिल किया गया है। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने सोमवार को हेजलवुड के रिप्लेसमेंट को मंजूरी दे दी। हेजलवुड की जगह स्टीव स्मिथ को टीम में शामिल किया गया है। इसी के साथ हेजलवुड पिडली की चोट के कारण टूर्नामेंटआधिकारिक रूप से बाहर हो गए हैं। ऑस्ट्रेलियाई चयनकर्ताओं ने हेजलवुड को टीम में जगह दी थी और टीम के चिकित्सा दल को उम्मीद थी कि वह टूर्नामेंट में खेलने के लिए समय पर फिट हो जाएंगे, लेकिन वे कामयाब नहीं हुए। आईसीसी की तकनीकी समिति ने हेजलवुड के रिप्लेसमेंट की मंजूरी दी है। इसी के आधार पर स्टीव स्मिथ को आधिकारिक रूप से टीम में शामिल कर लिया गया।

# पाक के पूर्व कप्तान इमरान खान अस्पताल में भर्ती



● अस्पताल में भर्ती का फैसला विपक्ष द्वारा लगातार पाक सरकार पर बनाए जा रहे दबाव के बीच लिया गया

**लाहौर, वार्ता।** पाकिस्तान के पूर्व कप्तान और प्रधानमंत्री इमरान खार को स्वास्थ्य चिंताओं के बीच अस्पताल में भर्ती कराया जाएगा। सरकार के मंत्री तारीक फजल चौधरी ने इमरान खान के स्वास्थ्य को लेकर जानकारी देते हुए सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि उनके स्वास्थ्य को देखते हुए उन्हें मेडिकल बोर्ड से अस्पताल में भर्ती करने का फैसला किया गया है। यह फैसला विपक्ष द्वारा लगतारा पाकिस्तानी सरकार पर बनाए जा रहे दबाव के बीच लिया गया है। इमरान की सेहत को लेकर दिग्गज तेज गेंदबाज वसीम अकरम और वकार यूनिस ने भी आवाज उठाई थी।

दोनों पूर्व क्रिकेटरों ने मांग की है कि जेल में बंद इमरान को बेहतर इलाज मुहैया कराया जाए। खबरों के अनुसार, 73 वर्षीय के इमरान की दाईं आंख की रोशनी खराब हो गई है। उनकी कानूनी टीम का दावा है कि पिछले कई महीनों से अकेले कैद काट रहे इमरान की आंखों में इंफेक्शन हुआ है। अकरम ने एक्स पर लिखा कि अपने कप्तान इमरान खान की सेहत और उनकी तकलीफो के बारे में जानना उनके लिए बेहद तकलीफदेह है। उन्होंने कहा, ष्मैं दिल से गुजारिश करता हूं कि जिम्मेदार अधिकारी इस मामले को पूरी संजीदगी से लें और उन्हें बेहतरीन मेडिकल सुविधाएं मुहैया कराएं। मेरी दुआएं उनके साथ हैं कि वे जल्द सेहतमंद हों और वह दोबारा पहले की तरह सेहतमंद हो जाएं। वकार ने लिखा कि राजनीति से अलग हटकर देखें तो हमारे राष्ट्रीय नायक, जिन्होंने हमें खेल के मैदान पर हमारी सबसे बड़ी गौरवपूर्ण जीत दिलाई, एक कैंसर अस्पताल बनाया, जिसने मेरी मां सहित अनगि. नत लोगों की मदद की, आज स्वास्थ्य आपात स्थिति से जूझ रहे हैं और उन्हें तुरंत उपचार की आवश्यकता है।

मैं विनम्रतापूर्वक संबंधित अधिकारियों से अनुरोध करता हूं कि उन्हें समय पर उचित इलाज उपलब्ध कराया जाए। जल्दी स्वस्थ हो जाइए कप्तान। शोएब अख्तर ने कहा, ष्उनकी आंख की रोशनी जाने की खबर सुनकर मुझे गहरा दुख हुआ है उम्मीद है उन्हें सही और सबसे बढ़िया इलाज मिलेगा और मैं उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। शाहिद अफरीदी ने कहा कि चिकित्सा सुविधा तक पहुंच मूल अधिकार है और इसे उपलब्ध कराया जाना चाहिए। रमीज राजाने कहा कि उन्हें उम्मीद है 'मानवता की जीत होगी।' उन्होंने लिखा कि इमरान खान को पीड़ा में देखना और एक आंख की दृष्टि खोना भावनात्मक रूप से झकझोर देने वाला है।

# इटली को हराकर इंग्लैंड सुपर-8 में पहुंचा




● इंग्लैंड ने टी-20 विश्व कप के 29वें मैच में इटली पर 24 रनों से संघर्षपूर्ण जीत दर्ज की

**कोलकाता, वार्ता।** विल जैक्स (नाबाद 53/ एक विकेट), टॉम बैटन (30) और फिल सॉल्ट (28) रन के बाद जेमी ओवर्टन और सैम करन (तीन-तीन विकेट) की बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत इंग्लैंड ने टी-20 विश्व. कप के 29वें मुकाबले में इटली पर संघर्षपूर्ण मुकाबले में 24 रनों से जीत दर्ज की।

इस जीत के साथ ही इंग्लैंड ने सुपर आठ में जगह बना ली है। 203 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी इटली शुरुआत बेहद खराब हुई और उसने महज 22 रन के स्कोर तक अपने तीन विकेट गंवा दिये। इसके बाद जस्टिन मोस्का और बेंजमिन मनेंटी जोड़ी ने पारी को संभाला और चौथे विकेट लिए 92 रन जोड़े। 12वें ओवर में विल जैक्स ने बेंजमिन मनेंटी को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। मनेंटी ने 25 गेंदों चार चौके और छह छक्के लगाते हुए 60 रनों की पारी खेली। ग्रांट स्टुअर्ट 23 गेंदों में 45 रन बनाकर 19वें ओवर में आउट हुए। उन्होंने अपनी पारी में पांच छक्के और दो चौके लगाये। कप्तान हैरी मनेंटी और जसप्रीत लसह 12-12 रन बनाकर आउट हुए। मैच की आखिरी गेंद पर जेमी ओवर्टन ने अली हसन को बोल्ड कर 178 रन के स्कोर पर इटली की पारी का अंत कर मुकाबला 24 रनों से अपने नाम कर लिया। इंग्लैंड के लिए जेमी ओवर्टन और सैम करन (तीन-तीन विकेट) लिए। जोफ्रा आर्चर को दो विकेट मिले। विल जैक्स और आदिल राशीद ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले आज यहां इंग्लैंड ने इटली के खिलाफ सात विकेट पर 202 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। टॉस जीतकर इंग्लैंड ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी इंग्लैंड ने इटली के गेंदबाजों के खिलाफ आक्रामक बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए तेजी के साथ रन बटोरे। हालांकि इस दौरान उसने लगातार विकेट भी गंवाये। जॉस बटलर (तीन) तीसरे ओवर में पहले विकेट के रूप में आउट हुए। फिल सॉल्ट ने 18 गेंदों में 28 रन बनाये। जेकब बेथेल (23), कप्तान हैरी ब्रुक (14) और टॉम बैटन 21 गेंदों में 30 रन बनाकर आउट हुए उस समय टीम का स्कोर पांच विकेट पर 105 रन था।

ऐसे संकट के समय विल जैक्स ने मोर्चा संभाला और विस्फोटक बल्लेबाजी करते हुए तेजी के साथ रन बटोरे। सैम करन (25) और जेमी ओवर्टन (15) रन बनाकर आउट हुए। इंग्लैंड ने निर्धारित 20 ओवरों में सात विकेट पर 202 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। विल जैक्स 22 गेंदों में तीन चौके और चार छक्के लगाते हुए नाबाद 53 रनों की अर्धशतकीय पारी खेली। इटली के लिए ग्रांट स्टुअर्ट और कृषण कालूगामगे ने दो-दो विकेट लिए।

# शमी-मुकेश ने जेके को दिए झटके




● बंगाल ने रणजी ट्रॉफी के दूसरे सेमीफाइनल में दिन का खेल समाप्त होने के समय तक जम्मू-कश्मीर के 198 पर पां च विकेट झटक कर मैच पर पकड़ बना ली

**कल्याणी, वार्ता।** मोहम्मद शमी (तीन विकेट) और मुकेश कुमार (दो विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के दम पर बंगाल ने सोमवार को रणजी ट्रॉफी के दूसरे सेमीफाइनल में दिन का खेल समाप्त होने के समय जम्मू-कश्मीर के 198 पर पांच विकेट झटक मैच पर अपनी पकड़ बना ली हैं।

यहां बंगाल कल के पांच विकेट पर 249 रन से आगे खेलना शुरु किया। सुबह के सत्र में आकिब नबी ने सुदीप कुमार घरामी (146) रन को आउटकर बंगाल को छठा झटका दिया। इसके बाद बंगाल महज 59 रन जोड़कर शेष अपनी चारों विकेट गंवा दिए। बंगाल की पूरी टीम 97-1 ओवर में 328 पर सिमट गई। जम्मू-कश्मीर के लिए आकिब नबी ने पांच विकेट लिए। सुनील कुमार को दो विकेट मिले। युद्धवीर सिंह चरक और आबिद मुश्ताक ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इसके बाद बल्लेबाजी करने उतरी जम्मू कश्मीर को मोहम्मद शमी और मुकेश कुमार ने शुरुआती तीन विकेट महज 13 रन के स्कोर पर झटक लिए। इसके बाद कप्तान परास डोगरा और अब्दुल समद ने पारी को संभाला और 143 रन जोड़े। अब्दुल समद (82) को मोहम्मद शमी ने 40वें ओवर में आउट किया। अगले ही ओवर में मुकेश कुमार ने पारस डोगरा (58) का शिकार कर लिया। दिन का खेल समाप्त होने के समय जम्मू-कश्मीर ने पांच विकेट पर 198 रन बना लिए है। कन्हैया वधावन नाबाद (10) और आबिद मुश्ताक (नाबाद 26) क्रीज पर मौजूद थे।

शाह टाइम्स

सम्पादकीय

मंगलवार, 17 फरवरी 2026

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# एआई समिट

सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दुनिया के सबसे बड़े टैक्नोलॉजी इवेंट में से एक इंडिया एआई इम्पेक्ट समिट 2026 का उद्घाटन किया। यह इवेंट 20 फरवरी तक नई दिल्ली के भारत मंडपम में चलेगा। इसमें 300 से ज्यादा कंपनियां भाग ले रही हैं। जैसाकि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में पीएम मोदी ने लिखा भी की इस समिट की थीम सर्वजन हिताय सर्वजन सुखाय यानि सबका भला और सबकी खुशी है। यह इंसानियत की तरक्की के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का इस्तेमाल करने के हमारे साझा संकल्प को दिखाती है। एआई इम्पेक्ट समिट आम लोगों को इससे जोड़ने का काम करेगी और एआई को लेकर जो भ्रांतियां हैं, उसको दूर करेगी। इस समिट में आने वाली दुनियाभर की कंपनियां अपने लेटेस्ट एआई सॉल्यूशन्स को दुनिया के सामने पेश करेंगे और इसको आम लोग देख सकेंगे कि एआई असल जिंदगी में कैसे काम कर सकता है और भविष्य में एआई से खेती सहित और शिक्षा क्षेत्र में क्या बदलाव लाने वाला है कि वह एज के फाउंडर और एग्जिक्यूटिव वाइस चेयरमैन संजीव बिखचंदानी ने उन बातों को निराधार बताया जिनमें कहा जाता रहा है कि एआई नौकरियों को संकट में डाल सकता है। उनका कहना है कि एआई नौकरियां खत्म नहीं कर रहा है, बल्कि काम की क्षमता को बढ़ा रहा है। उन्होंने युवाओं को सलाह भी दी कि वे एआई को अपनाएं वरना पीछे छूट सकते हैं, तो वहीं एचसीएल टैक्नॉलॉजी के पूर्व सीईओ विनीत का कहना है कि एआई का असर 50 प्रतिशत नौकरियों पर पड़ेगा, लेकिन साथ ही उन्होंने यह कह डाला कि यह 50 प्रतिशत नए रोजगार के अवसर भी पैदा करेगा। सीएलएल नेशनल एआई फोरम के को चेयरपर्सन तेजप्रीत चोपड़ा का मानना है कि एआई दुनिया को बदल रहा है और हमारी जिंदगी का हिस्सा बनता जा रहा है और हेल्थकेयर खेती से लेकर शिक्षा और गवर्नेंस तक एआई हर काम को आसान बना रहा है और यह नौकरियों को नहीं छीनने जा रहा है। वहीं माइक्रोसॉफ्ट इंडिया और साउथ एशिया के प्रजिडेंट पुनीत चंडोक ने भी कहा कि एआई नौकरियों को पूरी तरह खत्म नहीं करेगा बल्कि उनके काम करने की तरीके को बदलेगा। एआई किसी भी काम को छोटे हिस्सों में बांटेगा, जिससे काम आसान होगा। पीएम मोदी ने भी कहा है कि यह शिक्षा, हेल्थकेयर, एग्रीकल्चर तमाम क्षेत्रों के लिए एआई उपयोगी साबित होगा। उनका यह भी कहना है कि एआई टूल्स का इस्तेमाल छात्र अपनी पढ़ाई और करियर को बेहतर बनाने के लिए भी कर सकेंगे। इसमें तो कोई दोराय नहीं है कि यह नई तकनीकी का जमाना है और इनका उपयोग करके ही आगे बढ़ाया जा सकता है, लेकिन जैसे हर तकनीक के खतरे हैं, इसके भी अपने खतरे हैं।

## ना कर्फ्यू, ना दंगा-यूपी में सब चंगा



आज का उप्र नए भारत की भावना के अनुरूप आगे बढ़ रहा है और आक्रांताओं के महिमामंडन को कतई स्वीकार नहीं करेगा, वर्ष 2017 के बाद प्रदेश में कोई बड़ा सांप्रदायिक दंगा नहीं हुआ, ना कर्फ्यू, ना दंगा-यूपी में सब चंगा, पिछली सरकार ने पीएसी को बंदी की कगार पर पहुंचा दिया था, लेकिन अब प्रदेश में 34 वाहिनियां सक्रिय हैं, जिनमें तीन नई महिला बटालियन-उदा देवी, झलकारी बाई और अवंती बाई-शामिल हैं, उप्र अब अपनी सांस्कृतिक पहचान को मजबूती दे रहा है, प्रदेश में राम मंदिर, काशी विश्वनाथ धाम जैसे परियोजनाओं के माध्यम से धार्मिक और सांस्कृतिक धरोहर को पुनर्स्थापित किया गया है।

**-योगी आदित्यनाथ, मुख्यमंत्री, उप्र**

# गोदी मीडिया के एपस्टीन दस्तावेज आखिर कब बाहर आएंगे!





श्रवण गर्ग

मेरे जैसे उन तमाम लोगों को जिन्होंने किसी जमाने में 'दूरदर्शन' के शानदार उदघोषकों के साथ टीवी के पर्दों पर अपनी सुबह और शामें बिताई हैं उन्हें इस वक्त जो चल रहा है उसे देखते हुए सौम्य व्यक्तित्व की धनी समाचार-वाचिका सरला माहेश्वरी के हाल में हुए निधन से उत्पन्न हुई रिक्तता की पीड़ा को महसूस करने में ज्यादा कठिनाई नहीं महसूस करना चाहिए।

पूंजीपतियों की गोद में खेल रहे चैनलों में एक की एक महिला न्यूज एंकर को जब देश की जनता ने आक्रामक अंग्रेजी में यौन दुराचारी एप्सटीन का बचाव करते हुए देखा तो सन्न रह गई। एंकर ने जब तर्क दिया कि एप्सटीन की निजी दुराचारी जिंदगी जिसमें वह छोटी-छोटी बच्चियों का यौन शोषण करता था उसके सार्वजनिक जीवन जिसमें वह प्रभावशाली लोगों से संपर्क रखता था और दूसरों का उनसे करवाता था से पूरी तरह अलग थी तो न तो टीवी की स्क्रीन कांपी और न ही थर्राई।

जनता ने फिर देखा कि हिन्दी के एक प्रसिद्ध चैनल की एक तारिका एंकर ज्ञान दे रही है कि मुगल सम्राट बाबर किस तरह का बाइसेक्सुअल था। कैसे बाजार में घूमते हुए बाबर की नजर एक खूबसूरत लौंडे पर पड़ गई और बादशाह बेचैन हो उठे थे। जनता न सिर्फ भगवानों की तरह से शासकों के भी अलग-अलग श्रृंगारों में प्रतिदिन दर्शन कर रही है, उन एंकरों को भी सुबह-शाम देख रही है जो मेक-अप की मोटी-मोटी परतें चेहरों पर चढ़ाए मुल्क की गरीबी का मजाक उड़ाने वाले वस्त्र धारण करके देश के विकास पर बहसें करवाते रहते हैं। कम उम्र की युवा एंकर वक्ताओं से सवाल करती हैं 'झूठ बोलने का इतना कलेजा कहां से लाते हैं आप?'

एक जमाना था जब हम देखते थे कि 'दूरदर्शन' के साथ संबद्ध हिन्दी-अंग्रेजी के प्रतिभाशाली उदघोषक बिना किसी खौफ के इंदिरा गांधी के साथ कंधों से कंधा सटाकर फोटो खिंचवा रहे हैं, गर्व के साथ मुस्कुराहटें बिखेर रहे हैं। हम आज देख रहे हैं कि बहसों के दौरान चैनलों पर गुर्राते रहने वाले एंकर किस तरह शासकों के चरणों में लोटपोट हो सत्ता-प्रतिष्ठान का प्रशस्तिगान कर रहे हैं। सोशल मीडिया पर वायरल एक वीडियो ताजा उदाहरण है जिसमें अपनी कार की विंडो से राहुल गांधी चरण-चुंबक पत्रकारों को उनसे लगातार सत्ता-प्रेरित सवाल पूछते रहने के लिए यह जानते हुए भी फटकार लगाते दिखते हैं कि इससे (पत्रकारों को) कोई फर्क नहीं पड़ने वाला है ! अब तो हो यह गया है कि अपनी प्रेस कांफ्रेंस में

**सोशल मीडिया पर वायरल एक वीडियो ताजा उदाहरण है जिसमें अपनी कार की विंडो से राहुल गांधी चरण-चुंबक पत्रकारों को उनसे लगातार सत्ता-प्रेरित सवाल पूछते रहने के लिए यह जानते हुए भी फटकार लगाते दिखते हैं कि इससे (पत्रकारों को) कोई फर्क नहीं पड़ने वाला है। अब तो हो यह गया है कि अपनी प्रेस वार्ता में किसी रिपोर्टर के खड़े होते ही राहुल समझ जाते हैं कि उनसे क्या सवाल पूछा जाने वाला है। सत्ता प्रतिष्ठान की तरह गोदी मीडिया ने भी अपनी चमड़ी मोटी कर ली है।**

किसी रिपोर्टर के खड़े होते ही राहुल समझ जाते हैं कि उनसे क्या सवाल पूछा जाने वाला है। सत्ता प्रतिष्ठान की तरह गोदी मीडिया ने भी अपनी चमड़ी मोटी कर ली है। मीडिया के नाम पर जहरीले एंकरों और कतिपय पत्रकारों द्वारा जो किया जा रहा है वह भी एक तरह की मॉब लिंचिंग ही है। एक ऐसी लिंचिंग जिसमें देखने-सुनने वालों की निर्दोष आत्माओं का रक्तहीन संहार बे-रोकटोक किया जाता है। सत्ता पर कघबिज शासक संसदीय परंपराओं और संवैधानिक संस्थानों को बंधक बनाने में जुटे हैं और 'घोषित आपातकाल' के पहले शिकार मीडिया ने 'अघोषित आपातकाल' में लोकतंत्र को निस्तेज और प्रतिरोध को नपुंसक बनाने की सुपारी ले रखी है। सवाल यह है कि एप्सटीन की तरह 'गोदी मीडिया' के दस्तावेज कब बाहर आएंगे?

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# उम्र बढ़ने के कारणों की खोज एक नई पहल

**2020 में, स्पेन के टोलेडो के एक समूह ने एक शोध पत्र प्रकाशित किया था, जिसका निष्कर्ष था-संगीत डिमेंशिया के उपचार का एक सशक्त तरीका हो सकता है और हाल ही में, स्पेन के ही एक अन्य समूह द्वारा प्रकाशित पेपर का शीर्षक है-संगीत बढ़ती उम्र से सम्बंधित संज्ञानात्मक विकारों में परिवर्तित जीन अभिव्यक्ति की भरपाई कर देता है।**

न्यूयॉर्क स्थित कोलंबिया विश्वविद्यालय (जहां से मैंने उच्च शिक्षा प्राप्त की) के महामारी विज्ञानी डॉ. डेनियल बेल्स्की ने एक नया शब्द गढ़ा है जेरोसाइंस, जिसका अर्थ है बुढ़ापा या बढ़ती उम्र सम्बंधी विज्ञान। इसके तहत, उन्होंने एक अनोखा रक्त परीक्षण तैयार किया है जो यह बताता है कि कोई व्यक्ति किस रफ्तार से बूढ़ा हो रहा है। उनके दल ने एक विधि विकसित की है जिसमें वरिष्ठजनों के डीएनए में एक एंजाइम के जरिए मिथाइल समूहों के निर्माण का अध्ययन किया जाता है। उन्होंने पाया है कि डीएनए पर मिथाइल समूहों का जुड़ना (मिथाइलेशन) उम्र बढ़ने के प्रति संवेदनशील है। इस एंजाइम को अक्सर जेरोजाइम कहा जाता है। मिथाइलेशन डीएनए और अन्य अणुओं का रासायनिक संशोधन है जो तब होता है जब कोशिकाएं विभाजित होकर नई कोशिका बनाती हैं।

जेरोजाइम को नियंत्रित करने के लिए कई शोध समूह औषधियों और अन्य तरीकों पर काम कर रहे हैं। यह प्रयास किसी भी व्यक्ति की बढ़ती उम्र को कैसे प्रभावित करते हैं? एक शोध समूह ने बताया है कि मेटफॉर्मिन नामक औषधि बढ़ती उम्र को लक्षित करने का एक साधन है (सेल मेटाबॉलिज्म, जून 2016), एक अन्य समूह ने पाया है कि यदि हम TORC1 एंजाइम को बाधित कर देते हैं, तो यह बुजुर्गों में प्रतिरक्षा को बढ़ा सकता है और संक्रमणों को कम कर सकता। हाल ही में, जोन बी। मेनिक और उनके दल ने नेचर एजिंग पत्रिका में प्रकाशित अपने शोध पत्र में मानव रोगों के पशु मॉडल्स की उम्र व जीवित रहने पर रैपामाइसिन औषधि के प्रभावों की समीक्षा की है। उन्होंने बताया है कि कैसे हम इस औषधि के अवरोधकों को वृद्धावस्था के रोगों की मानक देखभाल में शामिल कर सकते हैं। डॉ. बेल्स्की के समूह ने विभिन्न सामाजिक-आर्थिक पृष्ठभूमि (अमीर-गरीब, ग्रामीण-शहरी) के लोगों में डीएनए मिथाइलेशन के स्तर का भी अध्ययन किया और पाया कि सामाजिक-आर्थिक स्तर की प्रतिकूल परिस्थितियां भी इसमें भूमिका निभाती हैं। कोलंबिया एजिंग सेंटर ने पाया है कि संतुलित आहार शोथ को कम करके मस्तिष्क के स्वास्थ्य की देखभाल करता है, आवश्यक पोषक तत्वों की आपूर्ति करके उचित रक्त प्रवाह बनाए रखता है जो संज्ञानात्मक कार्य में सहायक होता है। वेबसाइट healthline.com बात को आगे बढ़ाते हुए बताती है कि प्रोटीन के स्वास्थ्यवर्धक स्रोत, स्वास्थ्यकर वसा और एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर खाद्य पदार्थ, जैसे सब्जियां, तेल से भरपूर खाद्य पदार्थ और बहुत सारे फल स्वस्थ बुढ़ाने में मदद करते हैं। भारत में हमारे लिए यह और भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि हमारे यहां (143 करोड़ की कुल जनसंख्या में से) 60 वर्ष से अधिक आयु के लोगों की कुल संख्या लगभग 10 करोड़ है। healthline.com का सुझाव है कि (जंतु और वनस्पति) प्रोटीन, पौष्टिक अनाज (गेहूं, चावल, रागी, बाजरा), तेल, फल और सॉफ्ट ड्रिंक्स स्वस्थ बुढ़ाने में मदद करते हैं। यह मांसाहारियों और शाकाहारियों दोनों के लिए आसानी से उपलब्ध हैं।

**व्यायाम से रोकथाम**

स्टैनफर्ड यूनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं ने पाया है कि घायल या बूढ़े चूहों की शक्ति बढ़ाने वाली एक औषधि तंत्रिकाओं और मांसपेशीय तंतुओं के बीच कड़ियों को बहाल करती है। यह औषधि उम्र बढ़ने से जुड़े जेरोजाइम, 15-PGDH की गतिविधि को अवरुद्ध करती है। यह जेरोजाइम उम्र बढ़ने के साथ और न्यूरोमस्कुलर रोग के चलते मांसपेशियों में कुदरती रूप से बढ़ता है। लेकिन यह औषधि देने पर उम्रदराज चूहों की शारीरिक गतिविधि फिर से बढ़ गई थी। मिनेसोटा का मेयो क्लीनिक नियमित शारीरिक गतिविधि के सात लाभ बताता है। वजन पर नियंत्रणय स्ट्रोक, उच्च रक्तचाप, टाइप-2 डायबिटीज और कैंसर जैसी स्थितियों और बीमारियों से लड़ता है, मूड में सुधारय ऊर्जा देता है, अच्छी नींद लाता है, यौन जीवन बेहतर करता है और कहना न होगा कि यह मजेदार और सामाजिक हो सकता है। जैसे दूसरों से मेल-जोल होना, घूमना या खेलना। हम सभी, विशेष रूप से वरिष्ठ नागरिकों को, व्यायाम से बहुत लाभ होगा, और इस प्रकार जेरोजाइम बाधित होगा। संगीत भी जेरोजाइम को नियंत्रित कर सकता है और यह डिमेंशिया (स्मृतिभ्रंश) का इलाज भी हो सकता है।



स्रोत फीचर्स

# मैमथ के फिर से जिंदा हो उठने की आस

एक कंपनी है कोलोसल जिसका उद्देश्य है विलुप्त हो चुके जंतुओं को फिर से साकार करना। इस बार यह कंपनी कोशिश कर रही है कि वुली मैमथ नाम के विशाल प्राणि को पुनः प्रकट किया जाए। अपने इस प्रयास में कंपनी के वैज्ञानिक आजकल के हाथियों की त्वचा कोशिकाओं को स्टेम कोशिकाओं में परिवर्तित करने में सफल हो गए हैं। स्टेम कोशिकाएं वे कोशिकाएं होती हैं जो किसी खास अंग की कोशिका में विभेदित नहीं हो चुकी होती हैं और सही परिवेश मिलने पर शरीर की कोई भी कोशिश बनाने में समर्थ होती हैं। योजना यह है कि इन स्टेम कोशिकाओं में जेनेटिक इंजीनियरिंग की तकनीकों की मदद से मैमथ के जीन्स रोपे जाएंगे और उम्मीद है कि यह कोशिका विकसित होकर एक मैमथ का रूप ले लेगी।

कोलोसल का उद्देश्य है कि एशियाई हाथियों का ऐसा कुनबा तैयार किया जाए जिसके शरीर पर वुली मैमथ जैसे लंबे-लंबे बाल हों, अतिरिक्त चर्बी हो और मैमथ के अन्य गुणधर्म हों। देखने में तो बात सीधी-सी लगती है क्योंकि सामान्य कोशिकाओं को बहुसक्षम स्टेम कोशिकाओं में बदलने में पहले भी सफलता मिल चुकी है और जेनेटिक इंजीनियरिंग भी अब कोई अजूबा नहीं है। जैसे एक शोधकर्ता दल ने 2011 में श्वेत राइनोसिरस और ड्रिल नामक एक बंदर से स्टेम कोशिकाएं तैयार कर ली थीं। इसके बाद कई अन्य जोखिमग्रस्त प्रजातियों के साथ भी ऐसा किया जा चुका है। जैसे, तेंदुए, सुमात्रा का ओरांगुटान वगैरह, लेकिन पूरे काम में कई अगर-मगर हैं। अव्वल तो कई दल हाथी की स्टेम कोशिकाएं तैयार करने में असफल रह चुके हैं। जैसे कोलोसल की ही एक टीम एशियाई हाथी की कोशिकाओं को स्टेम कोशिकाओं में तबदील करने में असफल रही थी। उन्होंने शिन्या यामानाका द्वारा वर्णित रीप्रोग्रामिंग कारकों का उपयोग किया था। अधिकांश स्टेम कोशिकाएं तैयार करने के लिए इसी विधि का इस्तेमाल किया जाता है। इस असफलता के बाद एरिओना ह्योसोली की टीम ने उस रासायनिक मिश्रण का उपयोग किया जिसके उपयोग से मानव व मूषक कोशिकाओं को स्टेम कोशिकाओं का रूप देने में सफलता मिल चुकी थी, लेकिन इस उपचार के बाद हाथियों की अधिकांश कोशिकाएं या तो मर गईं, या उनमें विभाजन रुक गया या कई मामलों में वे इस उपचार से अप्राभावित रहीं, लेकिन चंद कोशिकाओं ने गोल आकार हासिल कर लिया जो स्टेम कोशिका जैसा था। अब टीम ने इन कोशिकाओं को यामानाका कारकों से उपचारित किया, लेकिन सफलता तो तब हाथ लगी जब उन्होंने एक कैंसर-रोधी जीन TP53 की अभिव्यक्ति को ठप कर दिया। इस तरह से शोधकर्ताओं ने एक हाथी से चार कोशिका वंश तैयार किए हैं। अब अगला कदम होगा हाथी की कोशिकाओं में जेनेटिक संपादन करके मैमथ जैसे गुणधर्म जोड़ना। इसके लिए उन्हें यह पहचानना होगा कि वे कौन-से जेनेटिक परिवर्तन हैं जो हाथी को मैमथनुमा बना देंगे। यह काम पहले तो सामान्य कोशिकाओं में किया जाएगा और फिर स्टेम कोशिकाओं में। पहले संपादित स्टेम कोशिकाएं तैयार की जाएगी और फिर उन्हें ऊतकों जैसे बाल या रक्त में विकसित करने का काम करना होगा, लेकिन उससे पहले और भी कई काम होंगे, जैसे संपादित स्टेम कोशिकाओं को किसी प्रकार से शुक्राणुओं व अंडाणुओं में बदलना ताकि उनके निषेचन से भ्रूण बन सके। यह काम चूहों में किया जा चुका है। इसका दूसरा रास्ता भी है-इन स्टेम कोशिकाओं को संश्लेषित भ्रूण में तबदील कर देना। एक समस्या यह भी आएगी कि भ्रूण तैयार हो जाने के बाद उनके विकास के लिए कोख का इंतजाम करना। इसके लिए टीम को कृत्रिम कोख का इस्तेमाल करना ज्यादा मुफीद लग रहा है क्योंकि हाथी की कोख में विकसित होने के दौरान मैमथ भ्रूण का विकास प्रभावित हो सकता है। लिहाजा स्टेम कोशिकाओं से ही कोख तैयार करने की योजना है। दरअसल, शोधकर्ताओं के लिए यह प्रयास जोखिमग्रस्त प्रजातियों के संरक्षण की दिशा में कदम है और इससे जीव वैज्ञानिक शोध में मदद मिलने की भी उम्मीद है। जैसे वैकासिक जीव वैज्ञानिक विंसेंट लिंच का विचार है कि हाथियों की स्टेम कोशिकाओं पर प्रयोग यह समझा सकते हैं कि हाथियों को कैंसर इतना कम क्यों होता है।

**अधिकांश स्टेम कोशिकाएं तैयार करने के लिए इसी विधि का इस्तेमाल किया जाता है। इस असफलता के बाद एरिओना ह्योसोली की टीम ने उस रासायनिक मिश्रण का उपयोग किया जिसके उपयोग से मानव व मूषक कोशिकाओं को स्टेम कोशिकाओं का रूप देने में सफलता मिल चुकी थी, लेकिन इस उपचार के बाद हाथियों की अधिकांश कोशिकाएं या तो मर गईं, या उनमें विभाजन रुक गया या कई मामलों में वे इस उपचार से अप्राभावित रहीं, लेकिन चंद कोशिकाओं ने गोल आकार हासिल कर लिया जो स्टेम कोशिका जैसा था। अब टीम ने इन कोशिकाओं को यामानाका कारकों से उपचारित किया, लेकिन सफलता तो तब हाथ लगी जब उन्होंने एक कैंसर-रोधी जीन TP53 की अभिव्यक्ति को ठप कर दिया। इस तरह से शोधकर्ताओं ने एक हाथी से चार कोशिका वंश तैयार किए हैं। अब अगला कदम होगा हाथी की कोशिकाओं में जेनेटिक संपादन करके मैमथ जैसे गुणधर्म जोड़ना। इसके लिए उन्हें यह पहचानना होगा कि वे कौन-से जेनेटिक परिवर्तन हैं जो हाथी को मैमथनुमा बना देंगे। यह काम पहले तो सामान्य कोशिकाओं में किया जाएगा और फिर स्टेम कोशिकाओं में। पहले संपादित स्टेम कोशिकाएं तैयार की जाएगी और फिर उन्हें ऊतकों जैसे बाल या रक्त में विकसित करने का काम करना होगा, लेकिन उससे पहले और भी कई काम होंगे, जैसे संपादित स्टेम कोशिकाओं को किसी प्रकार से शुक्राणुओं व अंडाणुओं में बदलना ताकि उनके निषेचन से भ्रूण बन सके। यह काम चूहों में किया जा चुका है।**



**-स्रोत फीचर्स**

# अमेरिका प्रतिबंध हटाए, तो हम समझौते के लिए तैयार: ईरान

## अमेरिका-ईरान परमाणु वार्ता का एक नया दौर मंगलवार को जिनेवा में होने वाला है

**वाशिंगटन।** ईरान ने संकेत दिया है कि अगर अमेरिका प्रतिबंधों को हटाने पर चर्चा के लिए तैयार है तो वह वह अमेरिका के साथ परमाणु वार्ता समझौते की पेशकश कर सकता है। अमेरिका-ईरान परमाणु वार्ता का एक नया दौर मंगलवार को जिनेवा में होने वाला है, जिसमें अमेरिकी दूत स्टीव विटकॉफ और राष्ट्रपति के सलाहकार जारेड कुशनर के शामिल होने की उम्मीद है।

यह वार्ता छह फरवरी को ओमान में हुए पहले अप्रत्यक्ष दौर के बाद हो रही है, जहां ईरान ने यूरेनियम संवर्धन के अधिकार की मांग की थी, जबकि अमेरिका ने बैलिस्टिक मिसाइलों और हिजबुल्लाह जैसे क्षेत्रीय सहयोगियों पर व्यापक चर्चा के लिए दबाव डाला था। दोनों पक्षों ने पिछली बैठक को एक 'अच्छी शुरुआत' बताया था, हालांकि बड़े मतभेद अभी भी बने हुए हैं। ईरान के एक वरिष्ठ अधिकारी ने रविवार को कहा कि ईरान परमाणु समझौते पर अमेरिका के साथ समझौते के लिए तैयार है, बशर्ते अमेरिकी प्रशासन प्रतिबंधों को हटाने पर चर्चा करने का इच्छुक हो। ईरान के उप विदेश मंत्री माजिद तख्त-रवांची ने भी एक साक्षात्कार में कहा कि अब गेंद अमेरिका के पाले में है कि वह यह साबित करे कि वे समझौता करना चाहते हैं। यदि वे ईमानदार हैं, तो मुझे यकीन है कि हम समझौते की राह पर होंगे। रवांची ने ब्रिटिश ब्रॉडकास्टिंग कॉरपोरेशन (बीबीसी) से कहा कि अगर वे प्रतिबंधों के बारे में बात करने के लिए तैयार हैं, तो हम अपने कार्यक्रम से संबंधित इस और अन्य मुद्दों पर चर्चा करने के लिए तैयार हैं। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने कहा है कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ईरान के साथ निपटने में कूटनीति को प्राथमिकता देते हैं और प्रशासन वर्तमान में बातचीत पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। स्लोवाकिया के प्रधानमंत्री रॉबर्ट फिको के साथ ब्रातिस्लावा में एक संवाददाता सम्मेलन के दौरान रुबियो ने कहा कि राष्ट्रपति ने स्पष्ट कर दिया है कि वह कूटनीति को प्राथमिकता देते हैं। अमेरिका क्षेत्र में सैन्य उपस्थिति बनाए रखते हुए ईरान के परमाणु मुद्दे का कूटनीतिक समाधान तलाश रहा है। इस बीच, ईरानी अधिकारियों ने भी हमला होने पर जवाब देने की तैयारी का संकेत दिया है, जिससे जिनेवा वार्ता से पहले तनाव बना हुआ है। यह बातचीत ऐसे समय में हो रही है जब ट्रम्प ने अनुपालन के मामले में ईरान के पिछले रिकॉर्ड का हवाला देते हुए संभावित समझौते पर संदेह व्यक्त किया है।

■ अमेरिकी दूत स्टीव विटकॉफ और राष्ट्रपति के सलाहकार जारेड कुशनर के शामिल होने की उम्मीद

### अमेरिका के साथ वार्ता के दूसरे दौर को जिनेवा रवाना हुए अराघची



**काहिरा।** ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची अमेरिका के साथ अप्रत्यक्ष वार्ता के दूसरे दौर के लिए स्विट्जरलैंड के जिनेवा रवाना हो चुके हैं, हालांकि समझौते की शर्तों पर अभी तक दोनों देशों के बीच कोई तालमेल नहीं नजर आ रहा। ईरानी विदेश मंत्रालय के बयान के अनुसार, अराघची मंगलवार को होने वाली वार्ता में 'कूटनीतिक और विशेषज्ञ' प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करेंगे। इस दौरान उनकी स्विट्जरलैंड के विदेश मंत्री इग्नाजियो कैसिस, ओमान के विदेश मंत्री सैयद बद्र बिन हमद अल-बुसैदी तथा अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) के महानिदेशक राफेल ग्रोसी और अन्य अधिकारियों से मुलाकात होने की उम्मीद है। मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक, अमेरिका के प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ करेंगे। यह बैठक छह फरवरी को ओमान की राजधानी मस्कट में हुए पहले दौर की वार्ता के बाद हो रही है, जिसे दोनों पक्षों ने 'अच्छी शुरुआत' बताया था, लेकिन उसमें कोई ठोस सफलता नहीं मिली थी।



नई दिल्ली। भारत मंडपम में आयोजित इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 के दौरान उपस्थित आगंतुक।

### कनाडा में रूसी विमान की जब्ती का मामला अभी विचाराधीन: ओलेग स्टेपनोव

**ओटावा।** रूसी एयर कार्गो कंपनी 'वोल्गा-ड्निप्र' के मालवाहक विमान संबंधित एन-124 की जब्ती का मामला अभी भी कनाडा की अदालतों में सुना जा रहा है। कनाडा में रूस के राजदूत ओलेग स्टेपनोव ने रूसी संवाद समिति रिया नोवोस्ती को यह जानकारी दी स्टेपनोव ने कहा कि यह मामला अभी भी कनाडा की अदालतों में सुना जा रहा है। इसका मालिक वोल्गा-ड्निप्र इसमें एक पक्ष है। हम एक देश के रूप में इस कार्यवाही में शामिल नहीं हैं और चल रहे मामले के कानूनी विवरणों पर टिप्पणी नहीं कर सकते।

## संक्षिप्त समाचार

### लेबनान में इजरायल के ड्रोन हमलों में चार लोगों की मौत

**बेरूत।** लेबनान के पूर्वी क्षेत्र में सीरिया से लगी सीमा पर एक गाड़ी को निशाना बनाकर किए गए इजरायली ड्रोन हमले में चार लोग मारे गए। लेबनान की सरकारी समाचार एजेंसी ने यह जानकारी दी है। एजेंसी ने बताया कि रविवार रात हुए हमले की जगह के पास के गांवों में जोरदार धमाकों की आवाज सुनी गई। एजेंसी ने बताया कि नागरिक सुरक्षा टीमों ने गाड़ी के अंदर लगी आग बुझाई और चार लाशें निकालीं। अभी तक इजरायली सेना ने इस घटना पर कोई टिप्पणी नहीं की है।

### एल साल्वाडोर की नौसेना ने जब्त की 6-6 टन कोकीन

**मेक्सिको सिटी।** एल साल्वाडोर की नौसेना ने 6-6 टन कोकीन ले जा रहे जहाज को पकड़ा है, जो देश के इतिहास की सबसे बड़ी ड्रग जब्ती है। एल साल्वाडोर के राष्ट्रपति नायिब बुकेले ने सोमवार को यह घोषणा की। इस कोकीन की कीमत करीब 16.5 करोड़ डॉलर है। बुकेले ने सोशल मीडिया पर लिखा कि हमारी राष्ट्रीय नौसेना ने एल साल्वाडोर के इतिहास की सबसे बड़ी ड्रग जब्ती को अंजाम दिया है। बुकेले के मुताबिक, यह अभियान एल साल्वाडोर के तट से 380 समुद्री मील (703.7 किलोमीटर) दक्षिण-पश्चिम में हुआ।

### मुक्त व्यापार समझौते के करीब ऑस्ट्रेलिया और ईयू: रिपोर्ट

**कैनबेरा।** ऑस्ट्रेलिया और यूरोपीय संघ (ईयू) के बीच संभावित मुक्त व्यापार समझौते पर बातचीत अपने अंतिम दौर में है और आने वाले हफ्तों में इस पर हस्ताक्षर हो सकते हैं। ऑस्ट्रेलिया के समाचार चैनल एबीसी न्यूज ने ईयू और ऑस्ट्रेलियाई प्रशासन के हवाले से यह जानकारी दी है। रिपोर्ट के अनुसार, ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज और यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सला वॉन डेर लेयन बचे हुए 'विवादास्पद मुद्दों' को हल करने के बाद समझौते पर हस्ताक्षर कर सकते हैं। सूत्रों के अनुसार, ये विवादास्पद मुद्दे लाल गोश्त के निर्यात से संबंधित हैं।

### रूस पर लगाए गए कनाडा के प्रतिबंध निरर्थक: स्टेपानोव

**वॉशिंगटन।** कनाडा में रूस के राजदूत ओलेग स्टेपानोव ने कहा है कि यूक्रेन सरकार को अपना समर्थन दिखाने के लिए कनाडा रूस पर प्रतिबंध लगा रहा है, लेकिन असल में इन पाबंदियों का कोई व्यावहारिक असर नहीं है। स्टेपानोव ने समाचार एजेंसी आरआईए नोवोस्ती को दिए एक साक्षात्कार में रविवार को कहा कि कनाडा के एकतरफ़ा कदम कमजोरी की वजह से उठाए गए हैं। यह एक मनगढ़ंत कहानी है, ताकि दूसरे मौकों की कमी की वजह से यूक्रेन सरकार को समर्थन दिखाया जा सके।

# यूनुस के खिलाफ जांच आयोग बैठाएगी रहमान सरकार!

## बांग्लादेश के 18 मंत्रियों की संपत्ति में इजाफा, यूनुस की प्रॉपर्टी 12 करोड़ हुई, पेरिस जाने की तैयारी में लगे हैं मोहम्मद यूनुस

**ढाका।** बांग्लादेश में शेख हसीना सरकार के तख्तापलट के बाद गठित मोहम्मद यूनुस सरकार के मंत्रियों की संपत्ति में उछाल आया है। सरकार के मुखिया यूनुस की संपत्ति में एक साल में लगभग 11 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। यूनुस की संपत्ति अब कुल साढ़े 12 करोड़ रुपये हो गई है, इसमें लगभग 1 करोड़ 30 लाख रुपये का उछाल आया है। अंतरिम सरकार के टाप 4 मंत्रियों में सबसे ज्यादा संपत्ति की वृद्धि यूनुस की हुई है।

दूसरे नंबर पर आवास मंत्री अदिलुर रहमान की संपत्ति में 1 करोड़ 23 लाख रुपये की वृद्धि हुई। यूनुस के 21 में से 18 मंत्रियों की संपत्ति बढ़ी है। सूत्रों के अनुसार नए पीएम रहमान अंतरिम सरकार के मंत्रियों की संपत्ति में इजाफे की जांच के लिए कमेटी गठित कर सकते हैं। इस सब के बीच यूनुस अब फिर से पेरिस में बसने की तैयारी में हैं। बता दें कि यूनुस बांग्लादेश के एकमात्र नोबेल अवार्ड विजेता हैं। बांग्लादेश में माइक्रो फाइनेंस के क्षेत्र में बड़ा नाम यूनुस का शेख हसीना सरकार के दौरान भ्रष्टाचार के मामले दर्ज हुए थे। लेकिन यूनुस ने अपनी सरकार बनने पर केस वापस कर लिए थे। अगस्त 2024 में शेख हसीना के तख्तापलट के बाद मोहम्मद यूनुस अंतरिम पीएम के तौर पर शपथ लेते हुए। तारिक रहमान की जीत के साथ ही यूनुस सरकार में आईटी मंत्री रहे फैज अहमद तैयब नीदरलैंड्स लौट गए हैं। फैज के कार्यकाल के दौरान प्ज सेक्टर में उनके द्वारा विदेशी कंपनियों के पक्ष में दिए गए कुछ फैसलों को लेकर आपत्तियां भी आई थीं।



■ बांग्लादेश में हिंदू नेता को मंत्री बना सकते हैं रहमान, 30 साल पहले भी मिनिस्टर रहे थे गोयेश्वर, इस बार दो हिन्दुओं ने जीता चुनाव

उन पर अनावश्यक हाई-कैपेसिटी इक्विपमेंट खरीद के लिए कुछ कंपनियों को टेंडर जारी करने के भी आरोप हैं। यूनुस सरकार में पर्यावरण मंत्री सैयदा रिजवाना का कहना है कि फैज अपने परिवार के साथ नीदरलैंड्स में ही रहते हैं, वे यूनुस सरकार में शामिल होने के लिए बांग्लादेश लौटे थे। बांग्लादेश के नवनिर्वाचित पीएम रहमान ने रविवार देर शाम जमात के अमीर (प्रमुख) शफीकुर रहमान के साथ मुलाकात की। सूत्रों के अनुसार रहमान ने संसद के सुचारु संचालन के लिए जमात के साथ समझौते पर सहमति भी बनाई है। बता दें कि जमात ने 32 सीटों में धांधली का आरोप लगाया है। दूसरी ओर सूत्रों के अनुसार ढाका में चीन और पाकिस्तान के दूतावासों में बैठकों के दौर तेज हो गए हैं।

पाकिस्तान से लगभग 6 वरिष्ठ आर्मी अफसर पिछले एक पखवाड़े से दूतावास में डेरा जमाए हुए हैं। जमात की हार के बाद पाकिस्तान रहमान सरकार के साथ संबंधों के लिए ग्राउंड वर्क में जुटा है। पूर्व में पाक कट्टरपंथी जमात का समर्थक रहा है। वहीं चुनाव में भारी बहुमत हासिल करने के बाद बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) नई सरकार बनाने की तैयारी में है। सरकार ने निर्वाचित सांसदों की आधिकारिक गजट अधिसूचना जारी कर दी है। पार्टी से 2 हिंदू सांसद भी चुने गए हैं। इनमें से ढाका-3 सीट से जीत दर्ज करने वाले गोयेश्वर चंद्र राय को नई कैबिनेट में शामिल किया जा सकता है। राय बीएनपी के प्रभावशाली नेता माने जाते हैं। वह खालिदा जिया की बीएनपी सरकार में लगभग 30 साल पहले (1991-1996) राज्य मंत्री थे। बांग्लादेशी मीडिया के मुताबिक, तारिक रहमान प्रधानमंत्री पद समेत रक्षा मंत्रालय और दूसरे पांच मंत्रालय अपने पास रख सकते हैं। संविधान के अनुच्छेद 148 के मुताबिक, आधिकारिक नतीजे आने के तीन दिन के भीतर निर्वाचित प्रतिनिधियों को शपथ लेनी होती है। 13वें संसदीय चुनाव के निर्वाचित सदस्य मंगलवार को शपथ लेंगे, जबकि कैबिनेट भी उसी दिन बाद में शपथ लेगी। यह जानकारी चुनाव आयोग के सचिव अख्तर अहमद ने शनिवार को प्रेस ब्रीफिंग में दी। गोयेश्वर चंद्र राय को तारीक रहमान की कैबिनेट में मंत्री बनाया जा सकता है। गोयेश्वर चंद्र राय बांग्लादेश की राजनीति में अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय के सबसे प्रमुख चेहरों में से एक माने जाते हैं। उनका जन्म 1 नवंबर 1951 को ढाका जिले के केरानीगंज में एक बंगाली हिंदू परिवार में हुआ था।

वे 1978 से ही बीएनपी से जुड़े हुए हैं और वर्तमान में पार्टी की स्थायी समिति के सदस्य हैं, जो बीएनपी का सर्वोच्च नीति-निर्माण निकाय है। 1990 के दशक में खालिदा जिया की सरकार में उन्होंने राज्य मंत्री के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जहां वे पर्यावरण, वन, मत्स्य एवं पशुपालन मंत्रालयों के प्रभार में रहे। हाल ही में 12 फरवरी 2026 को हुए 13वें संसदीय चुनाव में उन्होंने ढाका-3 निर्वाचन क्षेत्र से बीएनपी के टिकट पर भारी बहुमत से जीत हासिल की, जहां उन्होंने जमात-ए-इस्लामी के उम्मीदवार मोहम्मद शाहिनुर इस्लाम को लगभग 17,000 वोटों से हराया। वे खुद को धरती का बेटा बताते हैं और जोर देते हैं कि बांग्लादेश में हिंदू या अन्य अल्पसंख्यक अलग नहीं हैं, बल्कि सभी नागरिक समान अधिकारों वाले हैं। जिया परिवार से उनके गहरे संबंध हैं और नई सरकार में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका की संभावना है।

### बांग्लादेश में 4 अल्पसंख्यक सांसद चुने गए, इनमें 2 हिंदू

**ढाका।** बांग्लादेश के आम चुनाव में 4 अल्पसंख्यक समुदाय के उम्मीदवार सांसद चुने गए हैं। इनमें दो हिंदू, जबकि दो अन्य बौद्ध समुदाय से हैं। हिंदू नेता में गोयेश्वर चंद्र राय और उनके समधी निताई राय चौधरी बीएनपी की टिकट से चुनाव जीतकर संसद पहुंचे। निताई राय चौधरी बीएनपी के प्रमुख उपाध्यक्षों में शामिल हैं और शीर्ष नेतृत्व के वरिष्ठ रणनीतिक सलाहकार माने जाते हैं। दोनों ने जमात-ए-इस्लामी के प्रत्याशियों को हराया। तीसरे अल्पसंख्यक सांसद साचिंग प्रू हैं, जो बंदरबन के पहाड़ी जिले से चुने गए। वे मरमा जातीय समुदाय का प्रतिनिधित्व करते हैं और बीएनपी के वरिष्ठ नेता हैं। चौथे विजेता दिपेन दीवान रंगामाटी सीट से जीते। वे चकमा समुदाय से आते हैं, जो बौद्ध बहुल जनजातीय समूह है। निताई राय चौधरी 30878 वोटों से चुनाव जीतें। बीएनपी के कई नीति-निर्माताओं ने संकेत दिया है कि कैबिनेट बहुत बड़ा नहीं होगा। इसमें 30 से 40 सदस्य शामिल हो सकते हैं। इसमें 2001 की बीएनपी सरकार के पूर्व मंत्री, स्टैंडिंग कमेटी सदस्य और नए चेहरे शामिल हो सकते हैं। तारिक रहमान ने कैबिनेट गठन को लेकर वरिष्ठ नेताओं से परामर्श शुरू कर दिया है। हालांकि, किसे कौन सा मंत्रालय मिलेगा, यह शपथ ग्रहण के बाद ही साफ होगा। बीएनपी की स्थायी समिति के सदस्य सलाहुद्दीन अहमद ने कहा कि देश को कैबिनेट का अंतिम स्वरूप देखने के लिए थोड़ा इंतजार करना होगा। पार्टी महासचिव मिर्जा फखरुल इस्लाम आलमगीर को अगला राष्ट्रपति बनाया जा सकता है। हालांकि, नियुक्ति प्रक्रिया में समय लग सकता है।

## गाजा में पुनर्निर्माण को पांच अरब डॉलर देगा 'शांति बोर्ड': ट्रम्प

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने गाजा शांति योजना में अंतर्राष्ट्रीय योगदान की घोषणा करते हुए सोमवार को कहा कि शांति बोर्ड के सदस्य देशों ने क्षेत्र में मानवीय एवं पुनर्निर्माण कार्यों के लिए पांच अरब डॉलर से ज्यादा देने का वादा किया है। ट्रम्प ने कहा कि इस पहल को 19 फरवरी 2026 को वाशिंगटन डीसी में 'डोनाल्ड जे ट्रम्प शांति संस्थान' में अंतिम रूप दिया जाएगा।

यहां 'शांति बोर्ड' के सदस्य बैठक करेंगे। ट्रम्प ने ट्रुथ सोशल पर लिखा कि शांति बोर्ड में असीम संभावनाएं हैं। वाशिंगटन डीसी के डोनाल्ड जे ट्रम्प शांति संस्थान में 19 फरवरी 2026 को शांति बोर्ड के सदस्य मेरे साथ होंगे जहां हम घोषणा करेंगे कि सदस्य देशों ने गाजा के मानवीय और पुनर्निर्माण कार्यों के लिए पांच अरब डॉलर से ज्यादा देने का वादा किया है। साथ ही गाजा के लोगों के लिए सुरक्षा और शांति बरकरार रखने के लिए अंतर्राष्ट्रीय स्थाईकरण बल एवं स्थानीय पुलिस बल में हजारों कर्मी उतारने का भी वादा किया है। ट्रम्प ने अपने बयान में दावा किया कि उन्होंने अक्टूबर 2025 में गाजा संघर्ष को पूरी तरह खत्म करने की एक योजना बनाई थी, जिसे संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने एकमत से स्वीकार कर लिया था। उन्होंने कहा कि उनकी पहल ने मानवीय राहत को 'रिकॉर्ड रफ्तार से' जरूरतमंदों तक पहुंचाया।

■ 19 फरवरी 2026 को वाशिंगटन डीसी में 'डोनाल्ड जे ट्रम्प शांति संस्थान' में अंतिम रूप दिया जाएगा

## बिल गेट्स फाउंडेशन पर घटिया टीकों को बढ़ावा देने का आरोप

**मॉस्को।** रूसी डायरेक्ट इन्वेस्टमेंट फंड (आरडीआईएफ) के प्रमुख किरिल दिमित्रिएव ने आरोप लगाया है कि अमेरिकी अरबपति बिल गेट्स के फाउंडेशन ने निम्नस्तरीय टीकों को बढ़ावा दिया और बेहतर टीकों के इस्तेमाल में बाधा डाली थी। दिमित्रिएव ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर यह टिप्पणी करते हुए दावा किया कि गेट्स फाउंडेशन ने फंडिग, अनुमोदन, सरकारी समर्थन और मीडिया प्रभाव के जरिए वैश्विक स्तर पर टीकों पर व्यापक नियंत्रण स्थापित किया। उन्होंने आरोप लगाया कि लोगों को 'भ्रमित' किया गया और बेहतर टीकों को अपनाने से रोका गया। उन्होंने फाइनेंसियल टाइम्स की एक रिपोर्ट का हवाला दिया।

# 17 पाकिस्तानी सैनिकों को हिरासत में लिया

## बीएलए 10 रिहा किए, 7 अभी भी कैद में, अदला-बदली के लिए 7 दिन की मोहलत

**इस्लामाबाद।** बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने रविवार को दावा किया कि उसने 17 पाकिस्तानी सैनिकों को हिरासत में लिया है। इनमें से 10 को छोड़ दिया गया है, जबकि बाकी 7 को कैद कर लिया है।

इनके बदले बलूच लड़ाकों की रिहाई के लिए पाकिस्तान सरकार को एक हफ्ते की मोहलत दी गई है। यह दावा बीएलए की मीडिया विंग 'हक्काल' के नाम से जारी एक कथित बयान में किया गया है। पाकिस्तान की सेना या सरकार की ओर से इस पर तुरंत कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है। बीएलए के प्रवक्ता जीयंद बलूच ने बयान में इसे 'ऑपरेशन हेरोफ' का दूसरा चरण बताया है। बीएलए के मुताबिक, जिन 10 लोगों को छोड़ा गया है वे बलूच हैं और स्थानीय पुलिस से जुड़े थे। बयान में कहा गया कि उन्हें चेतावनी देकर रिहा किया गया है। बीएलए ने कहा कि बाकी 7 बंदी पाकिस्तान सेना की नियमित यूनिटों के सदस्य हैं।



■ बीएलए के मुताबिक, जिन 10 लोगों को छोड़ा गया है वे बलूच हैं और स्थानीय पुलिस से जुड़े थे

बयान के अनुसार, उन्हें एक कथित 'बलूच नेशनल कोर्ट' में पेश किया गया। यहां उन पर आम नागरिकों के खिलाफ कार्रवाई, जबरन गुमशुदगी में मदद और बलूच लोगों के खिलाफ नरसंहार में शामिल होने जैसे आरोप लगाए गए। बीएलए ने दावा किया कि सुनवाई के दौरान आरोपियों को जवाब देने का मौका दिया गया, सबूत पेश किए गए और बयान दर्ज किए गए। इसके बाद उन्हें दोषी ठहराया गया। बीएलए ने कहा कि दोषी ठहराए जाने के बावजूद इस्लामाबाद को 7 दिन का समय दिया जा रहा है, ताकि वह औपचारिक रूप से कैदी अदला-बदली की इच्छा जताए। बीएलए ने 25-26 अगस्त 2024 की रात ब बलूचिस्तान में बड़ा संगठित हमला किया। बीएलए ने इसे ऑपरेशन हेरोफ नाम दिया। ऑपरेशन हेरोफ के तहत बलूचिस्तान के 10 से ज्यादा जिलों में एक ही समय पर कार्रवाई की गई। बलूच भाषा में 'हेरोफ' का मतलब 'तूफान' होता है। बीएलए के निशाने पर पाकिस्तानी सुरक्षा बल, पुलिस, पंजाब प्रांत के श्रमिक और पुल-हाईवे जैसे बुनियादी ढांचे थे। प्रमुख इलाके मुसाखेल, कलात, बेला, मस्तुंग, बोलान और तर्बत रहे। इस हमले में बीएलए के साथ उसका आत्मघाती दस्ता 'मजीद ब्रिगेड' भी शामिल था। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार इस हमले में कम से कम 73 लोगों की मौत हुई। इनमें 31 सुरक्षाकर्मी, 33 नागरिक और 14 हमलावर थे। बीएलए का दावा है कि इस ऑपरेशन 800 लड़ाके शामिल थे और 100 से ज्यादा पाकिस्तानी सैनिक मारे गए। हालांकि, इसकी पुष्टि नहीं हुई।

# पाक के सिंध में सड़क दुर्घटना में छह की मौत



■ बचाव टीमों ने शवों को पास के अस्पताल पहुंचाया जहां सभी पीड़ितों की मौत की पुष्टि हो गई

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के दक्षिणी प्रांत सिंध में राष्ट्रीय राजमार्ग पर सोमवार को एक कार और ट्रेलर की टक्कर में कम से कम छह लोगों की मौत हो गई।

राहत एवं बचाव दल के अधिकारियों ने बताया कि यह हादसा नौशहरो फिरोज जिले में हुआ जब प्रांत की राजधानी कराची जा रही एक तेज रफ्तार कार एक ट्रेलर से टकरा गई। अधिकारी ने कहा किब टक्कर बहुत जोरदार थी और कार पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। सभी छह यात्रियों की मौके पर ही मौत हो गई। बचाव टीमों ने शवों को पास के अस्पताल पहुंचाया, जहां सभी पीड़ितों की मौत की पुष्टि हो गई। पुलिस ने कहा कि वे हादसे के सही कारण की जांच कर रहे हैं।

## खैबर पख्तूनख्वा में पुलिस स्टेशन के बाहर धमाका, दो की मौत, 12 घायल

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी प्रांत खैबर पख्तूनख्वा में सोमवार को हुए एक धमाके में एक बच्चे सहित कम से कम दो लोगों की मौत हो गई जबकि 12 अन्य घायल हो गए। एक स्थानीय पुलिस अधिकारी ने बताया कि धमाका बन्नू जिले में मिरयान पुलिस स्टेशन के मुख्य द्वार के सामने स्थानीय समयानुसार सुबह करीब 10 बजे हुआ। रेस्क्यू 1122 के एक प्रवक्ता ने बताया कि सुरक्षा बल और रेस्क्यू टीमें मौके पर पहुंचीं और घायलों को पास के अस्पतालों में भर्ती कराया, जिनमें से कई की हालत गंभीर है। द डॉन की एक रिपोर्ट में पुलिस के हवाले से कहा गया कि यह धमाका एक मोटरसाइकिल में लगे टाइम बम के फटने से हुआ। खैबर पख्तूनख्वा के गवर्नर फैसल करीम कुंदी ने एक बयान में धमाके की निदा की, मौतों पर दुख जताया और मरने वालों और उनके परिवारों के लिए दुआ की।

उल्लेखनीय है कि यह हाल के दिनों में सिंध में हुई पहली सड़क दुर्घटना नहीं है। इसी प्रांत में रविवार को राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक बस और ट्रेलर की टक्कर में कम से कम 11 लोगों की मौत हो गई थी और 10 अन्य घायल हुए थे। इसके अलावा शुक्रवार को सिंध में एक सड़क दुर्घटना में कम से कम 12 लोगों की मौत हुई थी।



